रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 04 दिसम्बर 2024

Shri Balaji
Group of Hospitals & Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

## जीवेत शरदः शतम!!



सुखमय, मधुमय और मंगलमय, जीवन की कामना के साथ हमारे मार्गदर्शक

## डॉ. देवेन्द्र नायक जी

चेयरमैन, श्री बालाजी ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स एंड कॉलेजेस

को जन्मदिन की हार्दिक

शुभकामनाएं एवं बधाई

विनीत : समस्त श्री बालाजी परिवार

#CREATED BY AADIL

# एड्स के प्रति जागरूकता ही सुरक्षा का उपाय : डॉ.बीना

## स्वास्थ्य जीवन शैली के साथ आयुर्वेद योग को अपनाएं





पायनियर संवाददाता ᐸ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

वीरांगना रमोतिन मड़िया शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय, नारायणपुर में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत विश्व एड्स दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बीना खोब्रागड़े, आयुर्वेद विभाग से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की 80 छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयुष विभाग नारायणपुर से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीना खोब्रागड़े ने एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम पर जानकारी देते हुए विशेष रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जीवन शैली के साथ अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद योग को अपनाएं। एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करने की आज जरुरत है. लोगों को इस बीमारी से डरने के बजाए, एड्स फैलने वाले कारण से खुद को बचाना चाहिए। सावधान रहें सतर्क रहें सुरक्षित रहें। एड्स के प्रति जागरूक होने से ही हम इस बीमारी से लड़ सकते हैं और अपने समाज को सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमे रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसम प्रथम पुरस्कारः थमिया कौड़ो, द्वितीय पुरस्कारः अनिता, तृतीय पुरस्कारः अंजली ने प्राप्त किया पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने एड्स जागरूकता पर विचारों को चित्रित किया।

जिसमें प्रथम पुरस्कारः अगेश्वरी, द्वितीय पुरस्कारः नजमा शेख, तृतीय पुरस्कारः वंदना अपनी प्राप्त किया।भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने एड्स से संबंधित विषयों पर प्रभावशाली भाषण दिए। जिसमें प्रथम पुरस्कारः पार्वती, द्वितीय पुरस्कारः सत्यवती, तृतीय पुरस्कारः थमिया ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन निहारिका सोरी के द्वारा किया गया। सभी ने एड्स के प्रति जागरूकता लाने हेतु शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जंतु विज्ञान के सहायक अध्यापक नोहरराम साहू ने भी छात्राओं को एड्स जागरूकता के महत्व को समझने और इसे समाज में प्रचारित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मंच संचालन रासेयो कि स्वयं सेविका उर्मिला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक अध्यापक किशोर कुमार कोठारी डॉक्टर क्षमा ठाकुर, दुलेश्वरी कंडरा, मोनिका गंधर्व, चुनेश्वरी साहू , भूमिका पिस्दा, मीना पोटाई, ड़ंकेश्वर बर्मन, कुरसो पोयमी, नितेश सोनकर उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न केवल छात्राओं के लिए शिक्षाप्रद रहा बल्कि उनमें समाज के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना भी विकसित हुई।

# धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत मोहन मरकाम किसानों से हुए रूबरू

■ किसानों के साथ हो रहे छलावा को कतई बर्दास्त नहीं करेगी कांग्रेस पार्टी : मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता ᐸ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान क़े तहत कोंडागांव जिला के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम धान खरीदी केंद्र बम्हनी गोलावंड मुनगापदर सोनाबाल दहीकोंगा बनियागांव पहुंच जायजा लिया किसानों को हो रही समस्याओं से रूबरू हुए वहीं भाजपा द्वारा घोषणा पत्र मे किये वादों के अनुरूप सुविधाएँ किसानों को मिल रही है या नहीं सभी बिंदुओं पर किसानों से चर्चा किया किसानों ने बताया धान का समर्थन मूल्य प्रतिक्विंटल 2300 के दर से मिल रहा है भाजपा क़े घोषणा अनुसार 3100 रुपए नहीं मिल रहा साथ ही कई किसानों के रकबा मे कटौती भी हुआ है जबकि किसान पूर्व से पंजीयन करा चुके हैं कई सालों से पंजीयन कराकर धान बेच रहें हैं उनकी भी शून्य तो कहीं 10-15 क्विंटल हुआ है जिसके चलते किसानों को तहसील कार्यालय और पटवारी के चक्कर काटना पड़ रहा है। बारदाना फटे पुराने मे ही काम चला रहे हैं वहीं खरीदी प्रभारियों ने धान उठाव नहीं होने से जगह की दिक्क़त को साझा किया। मोहन मरकाम ने कहा कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी है भाजपा सरकार अपने घोषणा पत्र के अनुसार धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 3100 रुपए दे 2300 रुपए देकर किसानों के साथ छलावा न करें अंतर राशि जल्द नहीं मिलने पर किसानों के समर्थन मे कांग्रेस पार्टी आर पार की लड़ाई लड़ेगी। भाजपा द्वारा चुनावी घोषणा पत्र मे कहा गया था प्रति तीन पंचायत मे धान खरीदी होगी प्रत्येक पंचायत भवन मे धान की राशि का नगद भुगतान होगा। किसान अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं किसानों के साथ हुए इस छलावे को कांग्रेस पार्टी कतई बर्दास्त नहीं करेगी। इस धान खरीदी केंद्र चलो अभियान मे मोहन मरकाम के साथ कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि बुधराम नेताम प्रदेश कांग्रेस सचिव सकुर खान जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन नंदू दीवान योगेंद्र राठौर आई टी सेल विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र दीवान मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुखराम पोयाम जनपद सदस्य बुधराम कश्यप प्रेम पोयाम शिव शोभापति बघेल कार्तिक पोयाम उपसरपंच बनियागांव सहादेव पोयाम शंकर मल्लिक कांता सेठिया सहित क्षेत्रवासी किसान मौजूद रहें।

# एसएसबी द्वारा वनांचल क्षेत्रों के ग्रामीणों को भ्रमण के लिए रायपुर और भिलाई ले जाया गया

पायनियर संवाददाता ᐸ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर केवटी में स्थित 33 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को भ्रमण पर भिलाई और रायपुर ले जाया गया। जहां वे भिलाई में स्थित मैत्रि गार्डन पर घूमेंगे साथ ही स्टील कारखाना को भी देखेंगे। तड़ोकी क्षेत्र के ग्रामीणों को ट्रेन से भिलाई और रायपुर ले जाया गया है। इन्ही ग्रामीणों की जमीन पर ही रेल चल रही है लेकिन ग्रामीण अभी तक ट्रेन में नहीं बैठ पाए है। एसएसबी के प्रयास से ग्रामीण पहली बार ट्रेन में बैठकर बड़ी शहरों को देखने रवाना हुए हैं।

**एक दिन पहले पहुंच गए थे ग्रामीण**-केवटी स्थित कैंप में वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण एक दिन पहले ही पहुंच गए थे क्योंकि उनकी ट्रेन सुबह 5:00 बजे थी। यहां सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा ग्रामीणों को जानकारी दी गई। बताया कि भारत देश में एसएसबी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस क्षेत्र में रेलवे प्रोजेक्ट पर सुरक्षा प्रदान करने आई है उन्होंने कहा लगभग यह प्रोजेक्ट अंतिम पड़ाव पर है। ग्रामीणों का अच्छा सहयोग मिला। इस रेलवे प्रोजेक्ट के अलावा गांव में विकास कार्य भी किया गया ग्रामीणों का सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया उनके पशुओं की इलाज की गई। वाहिनी अधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा एसएसबी में हमारा आदर्श वाक्य सेवा, सुरक्षा, बंधुत्व है। इस क्षेत्र की प्रगति में पिछले कुछ वर्षों में चीजें बेहतर होती दिख रही हैं। उन्होंने कहा केन्द्र और राज्य सरकार की सहयोग से सशस्त्र सीमा बल केवटी द्वारा क्षेत्र की विकास की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 33वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अपने कर्तव्य निर्वाहन के साथ-साथ अपने ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा, बंधुत्व का अनुशरण करते हुए अपने कार्यक्षेत्र में विभिन्न प्रकार के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करते आ रहे हैं। इसी क्रम में वाहिनी द्वारा तड़ोकी क्षेत्र के ग्रामीणों को ट्रेन से भिलाई और रायपुर ले जाया गया है।

# नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नियत से लगाए गए 2 किग्रा आईईडी बम बरामद

## बरामद आईईडी को बीडीएस टीम द्वारा मौके पर किया गया नष्ट

पायनियर संवाददाता ᐸ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





बस्तर रेंज जगदलपुर पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज कांकेर अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन एवं वॉय अक्षय कुमार पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 2 दिसंबर को जिला कोंडागांव व कांकेर के सीमावर्ती ग्राम भण्डारपाल, जबकसा व माड़गांव के पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुँचाने के उददेश्य से आईईडी लगाये जाने की स्थानीय आसूचना पर विषेष कार्ययोजना तैयार कर 2 दिसंबर को थाना धनोरा से जिला पुलिस बल व कैम्प कुंएमारी से सीएएफ की टीम ग्राम भण्डारपाल, जबकसा, माड़गांव व उसके आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुये थे कि अभियान के दौरान ग्राम माड़गांव पहाड़ी के पास नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने के नियत लगाये गये करीबन 02-02 किलोग्राम के 03 नग टिफिन बम बरामद किया गया, जिसे बीडीएस टीम द्वारा सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक घटना स्थल पर ही विस्फोट का नष्ट किया गया।

# श्री राधाकृष्ण मन्दिर में श्री कृष्ण कथा एवं भजन-संकीर्तन का हुआ भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ᐸ किरंदुल
www.dailypioneer.com



लौह नगरी किरंदुल में इस्कॉन, वृंदावन से आये वेद व्यास के श्रीमुख से श्री राधाकृष्ण मन्दिर, किरंदुल में कीर्तन, श्री कृष्ण कथा, आरती एवं प्रसादम का आयोजन भव्य आयोजन किया गया। भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म कथा वाचन के समय इस शीत ऋतु में सौभाग्यवश बिल्कुल वैसा ही मौसम निर्मित होते हुए रिमझिम बारिश होने लगी, जैसा कि द्वापर में जगत के नाथ श्री कृष्ना जी के जन्म के समय का मौसम था। बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नगर परिवार के सनातनी श्रद्धालुजन कथा श्रवण करते हुए मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे और पुण्यलाभ अर्जित किया।

## नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए मॉडल कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाने के लिए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** नगरीय निकायों के निर्वाचन की तैयारियों के तहत कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा ने धरमपुरा स्थित मॉडल कॉलेज का निरीक्षण किया। मॉडल कॉलेज को नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण-संग्रहण केन्द्र, मतगणना के लिए उपयोग करने हेतु जायजा लिया गया। उन्होंने कॉलेज के विभिन्न कक्षों का जिनका उपयोग विधान सभा और लोकसभा निर्वाचन के दौरान किए गए कक्षों का अवलोकन किया।

# नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी, कर्मचारी एकता संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर महापौर, सभापति, नेताप्रतिपक्ष, आयुक्त को ज्ञापन सौपा



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांगो को लेकर महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चैबे, आयुक्त अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौपा। जिसमें सभी ने संघ की मांगो को लेकर विचार करने आष्वस्त किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष स्वाती साहू, मोहित कुमार, श्याम सोनी, महामंत्री आषुतोष सिंह, राधेष्याम एक्का सहित अन्य पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे। नगर पालिक निगम, रायपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रमुख मांगे निम्न है 2004 के बाद नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू किया जाये। बीमार अधिकारी एवं कर्मचारियों के त्वरित इलाज हेतु कैशलेस कार्ड की सुविधा प्रदान करते हुए 15 लाख के स्थान पर 25 लाख की सुविधा प्रदान की जायें। पात्र अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिया जावे साथ ही समय पर अपने उच्चतर शिक्षा ग्रहण एवं अन्य परीक्षा इत्यादि में शामिल होने वाले कर्मचारियों के आवेदन पर शीघ्र विचार कर नियमानुसार अनुमति व अनापत्ति प्रदान किया जावें। मृत अधिकारी एवं कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को शीघ्र ही अनुकम्पा नियुक्ति दिया जावे। नगर निगम रायपुर में ठेका पद्धत्ति समाप्त किया जाकर प्लेसमेंट कर्मचारियों को सीधे निकाय के माध्यम से वेतन भुगतान किया जावें। ठेका में कार्यरत कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि का भुगतान किया जायें।

# आई-लीग 2024-25, कोंडागांव के शांतन अग्रवाल बने सेंटर रेफरी, छग को किया गौरवान्वित

पायनियर संवाददाता ᐸ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित आई-लीग 2024-25 का 22 नवंबर से हो चुका है और यह अप्रैल 2025 तक चलेगा। देशभर की 12 टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। इस बार यह सीजन कोण्डागांव के लिए विशेष है, क्योंकि कोंडागांव के 29 वर्षीय शांतन अग्रवाल ने आई-लीग में मुख्य रेफरी के तौर पर अपनी भूमिका निभाई है। 30 नवंबर को पंजाब के नामधारी स्टेडियम में नामधारी एफसी (पंजाब) विरुद्ध राजस्थान यूनाइटेड एफसी के बीच हुए मुकाबले में शांतन अग्रवाल ने सेंटर रेफरी के रूप में ऑफिशिएट किया। इस मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड एफसी ने नामधारी एफसी को 3-1 से हराया। शांतन ने इस मैच में अपने सटीक और निर्णायक फैसलों से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

**शांतन अग्रवाल कोंडागांव का सितारा**-शांतन का सफर कोंडागांव के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने 2015 तक कोंडागांव में रहकर अपनी बीकॉम तक की पढ़ाई पूरी की और खेल के प्रति अपनी लगन और मेहनत से 2013 में बतौर रेफरी करियर की शुरुआत की। संतोष ट्रॉफी और आई-लीग सेकंड डिवीजन जैसे बड़े टूर्नामेंट्स में रेफरी की भूमिका निभाने के बाद, अब उन्होंने आई-लीग 2024-25 में सेंटर रेफरी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। शांतन के पिता विजय अग्रवाल, जय स्तंभ चौक पर डेली नीड्स की दुकान संचालित करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद, शांतन ने अपनी मेहनत और दृढ़ निश्चय से यह साबित कर दिया हैं की कोंडागांव जैसे छोटे शहर से भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।

**खेल प्रेमियों में उत्साह**-शांतन के आई-लीग में शामिल होने से कोण्डागांव के खेल प्रेमियों में उत्साह है। यह क्षेत्र, जहां खेल सुविधाओं की कमी है, शांतन जैसे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।

**आई-लीग 2024-25 का प्रसारण**-यह सीजन सोनी स्पोर्ट्स टेन टीवी पर लाइव प्रसारित किया जा रहा है और एसएसईन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है। शांतन अग्रवाल की इस उपलब्धि ने कोंडागांव का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर दिया है और वह भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित हैं।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ᐸ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



वनांचल शिक्षा शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भानुप्रतापपुर संकुल के अंतर्गत संचालित 16 केंद्रों के प्रतिभागी शामिल हुए वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर भानुप्रतापपुर के व्यवस्थापक सोमदेव नायक, प्राचार्य थानुराम सिन्हा, सरपंच सोनाऊ राम गावड़े, गायता उदय राम कोला एवं वार्ड पंच की उपस्थिति में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य में पर्रेकोड़ो प्रथम रहा। युगल नृत्य में सरस्वती शिक्षा केंद्र बोगर। सामूहिक नृत्य में सरस्वती शिक्षा केंद्र दाबकट्टा प्रथम रहा। दूसरे दिन खेलकूद का आयोजन किया गया व्यक्तिगत खेल में जलेबी दौड़ में प्रथम शुभम कुमार, द्वितीय यशु कुमार, बोरा दौड़ में प्रथम श्लोक विश्वकर्मा, द्वितीय किशन कोर्राम को गुब्बारा फोड़ में प्रथम सोनसाय मरकाम, द्वितीय थानेश्वर। 100 मीटर दौड़ में प्रथम बालक वर्ग रुद्र प्रताप, द्वितीय नागेश, बालिका वर्ग में प्रथम भुवनेश्वरी निषाद, द्वितीय लिकेश्वरी रहे। आलू दौड़ बालक वर्ग में प्रथम प्रियांशु, द्वितीय फिरोज, बालिका वर्ग में प्रथम भुवनेश्वरी, द्वितीय माही रही। वहीं सामूहिक खेल में कबड्डी बालक वर्ग में प्रथम दाबकट्टा, द्वितीय पररेकोड़ो, बालिका वर्ग में कबड्डी में प्रथम चिचगांव, द्वितीय पररेकोड़ो रहा। वहीं ग्रामीण महिलाओं के बीच कुर्सी दौड़ कभी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम कल्पना मतलामी, द्वितीय सुमन कोर्राम। रस्सा खींच में प्रथम स्कूलपारा परेकोड़ो, द्वितीय नयापारा परेकोड़ो की महिलाएं रही। खेल के समापन के प्रभाव पर सरस्वती शिक्षा संस्थान का जिला प्रतिनिधि विजय बेसरा ने कहा छात्र-छात्राओं को खेल गीत के माध्यम से बच्चों को शिक्षा संस्कार निशुल्क दिया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना है। साथ ही बच्चों को संस्कारवान बनाना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरस्वती शिक्षा केंद्र के जिला समन्वयक भुवनेश्वर कुलदीप, भानुप्रतापपुर के संकुल समाज में करण नरेटी, अंतागढ़ के संकुल समन्वयक तमेश टांडिया, उमा कौडों, मधुलिका शोरी, सारिका कोरेटी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## माओवाद के साए में खेलों का उजाला

# कोंडागांव की सुशीला नेताम का राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयन, ओलंपिक तक पहुंचने का सपना

पायनियर संवाददाता ᐸ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कभी माओवाद के लिए पहचाने जाने वाले बस्तर संभाग अब खेलों के लिए भी पहचाना जा रहा है। यहाँ के युवा अब खेलों से जुड़ कर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। ऐसे ही एक युवा खिलाड़ी हैं। तीरंदाज सुशीला नेताम, जिन्होने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से कोंडागांव जिले का नाम रोशन किया है। हाल ही में रायपुर के खेलो इंडिया कोदूराम वर्मा तीरंदाजी केंद्र में आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुशीला ने राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता 15 से 20 दिसंबर के बीच जमशेदपुर (झारखंड) में आयोजित की जाएगी।

**कक्षा आठवीं से शुरू हुआ तीरंदाजी का सफर**-ग्राम बोटीकनेरा की रहने वाली सुशीला नेताम ने अपनी तीरंदाजी की शुरुआत कक्षा आठवीं में शुरू की थी। वर्तमान में वह पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में रहकर कॉलेज की पढाई कर रही है और तीरंदाजी का प्रशिक्षण ले रही हैं। सुशीला बताती हैं कि, शुरुआत में उन्हें तीरंदाजी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। पहले मैच में प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप न होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। घरवालों और शिक्षकों के सहयोग से आत्मविश्वास हासिल किया और कठिन मेहनत के बाद धीरे-धीरे अपने खेल में सुधार किया।

**मुश्किलों के बीच बढ़ा आत्मविश्वास**-शुरुआत में उपकरणों और संसाधनों की कमी सुशीला के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। जिला प्रशासन और भारत तिब्बत सीमा पुलिस की मदद से उन्हें सुशीला सहित सभी खिलाड़ियों को आवश्यक उपकरण, शूज और ट्रैकसूट आदि उपलब्ध कराए गए। इससे उनके आत्मविश्वास को नई सीढ़ी मिली। सुशीला ने कहा कि, पहली बार राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए ट्रेन से नागपुर गई थी। ज्यादा उत्साह और सफर के कारण स्वास्थ्य खराब हो गया, जिसके कारण अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव से सीखते हुए खेल और खुद में सुधार किया। सुशीला ने 2019-20 में सीनियर नेशनल में अपना स्थान पक्का किया, हालांकि मेडल नहीं ला पाई। इसके बाद उन्होंने अपनी कमियों पर काम किया और जून 2023 में खेलो इंडिया प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह उपलब्धि उनके लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली रही। इसके बाद से उन्होंने अपने खेल में और सुधार करना जारी रखा और अब ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना देख रही हैं।

**घरवालों का सहयोग और टीचर्स की मेहनत बना प्रेरणा**-सुशीला ने कहा शुरुआत में उनके परिवार को तीरंदाजी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। लेकिन जब उन्होंने विभिन्न स्तरों पर खेलना शुरू किया, तो उनके परिवार का समर्थन मिलने लगा। उनके पिता का बचपन में ही निधन हो गया था। उनकी मां गृहिणी हैं और बड़े भाई खेती का कार्य करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद परिवार ने उन्हें हर संभव सहयोग दिया, जिससे सुशीला की आत्मविश्वास बढ़ा। वह सुबह अभ्यास के लिए समय निकालती हैं, फिर क्लास अटेंड करती हैं और शाम को ग्राउंड में वापस अभ्यास करती हैं फिर रात में पढ़ाई करती हैं। सुशीला कहती है की खेल और पढ़ाई बीच ज्यादा वक्त खेल को देती है।

**ओलंपिक तक पहुंचने का सपना**-आठवीं कक्षा में दीपिका कुमारी से मुलाकात ने सुशीला को ओलंपिक में खेलने की प्रेरणा दी। उन्होंने उस समय ठान लिया कि वह भी दीपिका कुमारी की तरह देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। सुशीला की मेहनत और समर्पण ने उन्हें जिले के अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा बनी है। सुशीला का कहना हैं कि, खेल में सफलता के लिए अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण हैं। उनकी मां और परिवार उन्हें आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करने के बाद उन्होंने अपनी मां को फोन पर यह खुशखबरी दी। तब उनकी मां ने गर्वित होकर उन्हें और अधिक मेहनत करने की सलाह दी थी।

# खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था के चलते किसान परेशान, समय पर नहीं हो रहा भुगतान : संजय

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



धान बेचने वाले किसानों को धान बेचने के 48 घंटे के अंदर भुगतान किए जाने के का दावा भाजपा सरकार कर रही है, लेकिन बलौदाबाजार जिले के एक किसान संजय कुमार पिता बांके बिहारी अग्रवाल के द्वारा टोकन क्रमांक टीके 52001601242500115 के माध्यम से 28 नवंबर को 108 क्विंटल धान बेचा गया था। धान की कुल कीमत 2 लाख 48 हजार 400 रुपए का भुगतान आज दिनांक तक नहीं हो पाया है। मामले में संजय अग्रवाल ने कहा, भाजपा सरकार किसानों से झूठा दावा कर रही है। किसानों को सही समय पर धान की राशि जारी नहीं की जा रही है। बलौदाबाार जिले के की इस समिति के प्रबंधक और अन्य कर्मचारी किसान को लगातार गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में राज्य सरकार को संज्ञान लेकर किसान को तत्काल भुगतान कराना चाहिए। राज्य सरकार ने जो वादा किया था उसे पूरा करने में असफल रही है। यह तो एक किसान का मामला है जिले में ऐसे और भी कई मामले हैं जिनका भुगतान कई दिनों से लंबित है। उन्होंने किसान का भुगतान कराने के साथ ही संबंधित जिला प्राथमिक कृषि साख सहकारी संमिति के प्रबंधक और अन्य दोषी लोगों पर कार्रवाई करना चाहिए। एक तो समितियों में टोकन और बारदाने के लिउए मारामारी की स्थिति है। धान खरीदी में अव्यवस्था के चलते किसान अपनी उपज कई दिन पहले ले जाते हैं। तौलाई और अन्य मामलों में किसानों का धान ज्यादा तौलने की भी शिकायतें आ रही है। उन्होंने मार्कफेड और खाद्य विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि जिले में व्याप्त अव्यवस्था का दूर करें।

4 रायपुर संभाग
दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्रियों से मिले शिवरतन शर्मा...

6 अभिमत
ट्रंप की धमकी आर्थिक तनाव का कारण

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में प्रशासनिक-वित्तीय सुधारों का...

10 छत्तीसगढ़
बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 04 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-103 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गत अक्टूबर में निर्माण श्रमिकों पर हुए हमले में कथित रूप से शामिल लश्कर-ए-तैयबा का एक शीर्ष आतंकवादी यहां सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान छिपे हुए आतंकवादियों से उनका आमना-सामना हो गया। दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने दिव्यांगों में उद्यमशीलता बढ़ाने पर दिया बल



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राजधानी में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार 2024 प्रदान किए और दिव्यांगजनों में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किए जाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इन पुरस्कारों का दूरगामी सामाजिक महत्व है। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थाएं दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

### मोदी सरकार ने तबाह कर दी देश की अर्थव्यवस्था : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश में विकास की गति रुक गई है, नौकरियां घट गई है, रुपया लगातार कमजोर हो रहा है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दो साल में सबसे निचली स्तर पर पहुंच गई है। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि देश में निवेश घट गया है, महंगाई आसमान छू रही है, सब्जी तथा जरूरी वस्तुओं के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गए हैं और जीडीपी की दर दो साल में सबसे निचले 5.4 प्रतिशत के स्तर पर आ चुकी है। उन्होंने कहा रुपया लुढ़कता जा रहा है, महंगाई लगातार बढ़ रही है, उपभोग और निवेश घट रहा है, गोल्ड लोन पिछले सात महीने में 50 प्रतिशत बढ़ गया है, जीडीपी गिरकर 21 महीने के सबसे निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ चुकी है। जीडीपी गिरने का मतलब निवेश कम होना है, उपभोग कम हो रहा है, नौकरियां का सृजन नहीं हो रहा है।

# मोदी की गारंटी के अधिकांश वायदों को एक साल के भीतर ही किया पूरा

## हमारी माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुझे काम करने की शक्ति प्रदान करता है : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



हमारी 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की स्नेह राशि की दसवीं किश्त हमने आपके खाते में अंतरित कर दी है। हमारी माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुझे काम करने की शक्ति प्रदान करता है। हमारी माताओं-बहनों की आंखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक हमारा सबसे बड़ा संतोष है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ जिले में लगभग 137 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय के आग्रह पर सरस्वती यादव ने बटन दबाकर प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त के रूप में 652 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम दानसरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की माताओं और बहनों ने सोचा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीरामलला का मंदिर बना है। हम भी गांव के हनुमान मंदिर के बगल में रामलला का मंदिर बनाएं। इन महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से मिली राशि से चंदा कर मंदिर निर्माण शुरू कर दिया। माताओं-बहनों के सपने देखने और इनके पूरे होने की कितनी ही कहानियां हैं। मैं अक्सर माताओं-बहनों से इस बारे में पूछता हूँ और हर बार उनकी बातें मेरे दिल को छू जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल मैं रायपुर में पीएससी परीक्षा के टापर्स से मिला। उन युवाओं के आंखों में भरोसे की चमक थी। उन्होंने मुझे बताया कि पीएससी परीक्षा में गड़बड़ियां होने की वजह से उनका भरोसा टूट गया था लेकिन जब हमारी सरकार आई तब हमने पीएससी परीक्षा में पारदर्शिता के लिए कार्य किया। प्रतियोगी परीक्षा में किये गये भ्रष्टाचार से एक प्रतिभाशाली युवा का भविष्य तो बर्बाद होता ही है सिविल सेवा के ढांचे को भी दीमक लग जाता है। भ्रष्टाचार की जांच के लिए हमने सीबीआई को जिम्मा दिया तो उनका भरोसा फिर लौटा। आज हमने 42 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि से बनने वाले नालंदा परिसर का भी भूमिपूजन किया है, जिससे पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा दे रहे युवाओं को इससे काफी लाभ मिलेगा। हम प्रदेश के 13 नगरीय निकायों में राजधानी रायपुर के नालंदा की तरह लाइब्रेरी आरंभ कर रहे हैं। यहां हजारों किताबों का संग्रह होगा। वाईफाई की सुविधा होगी। सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को यहां स्टडी मटेरियल मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। हमने भी वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने विजन डाक्यूमेंट बनाया है। विजन डाक्यूमेंट में प्रदेश के तेजी से औद्योगीकरण पर सबसे ज्यादा जोर है। उद्योग धंधों के तेजी से विकास के लिए हमने नई उद्योग नीति बनाई है। इसके चलते छत्तीसगढ़ में उद्यमियों को नये उद्यम आरंभ करने में बहुत सहूलियत होगी। औद्योगिक वातावरण को बेहतर करने के लिए कनेक्टिविटी सबसे पहली शर्त होती हैं। अगले दो साल में हमारे प्रदेश का रोड नेटवर्क किसी भी विकसित देश की बराबरी का होगा।

### ब्राह्मण समाज के अनेक सदस्य मेरे अच्छे मित्र रहे हैं : सीएम साय



सार्वजनिक जीवन में अच्छा कार्य कर रहे समाज के लोगों को जब सम्मान मिलता है तो न केवल उन्हें अच्छा महसूस होता है अपितु समाज के बहुत से लोगों को प्रेरणा मिलती है और वे उनके आदर्शों के अनुरूप चलने का प्रयास करते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ में आयोजित उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उत्कल ब्राह्मण समाज ने समाज की विभिन्न विभूतियों के सम्मान का कार्यक्रम रखा है। यह बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने इस मौके पर रायगढ़ में उत्कल ब्राम्हण समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उत्कल ब्राहमण समाज के सम्मेलन के अवसर पर अनेक विभूतियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि रायगढ़ मेरी कर्मभूमि रही है। उत्कल ब्राहमण समाज के अनेक सदस्य मेरे अच्छे मित्र रहे हैं। मेरे सुख-दुख में सहभागी रहे हैं। उनसे सामाजिक गतिविधियों की जानकारी होती रहती है। सामाजिक सम्मेलन के माध्यम से वे प्रगतिशील विचारों को बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि उत्कल ब्राहमण समाज के लोग सार्वजनिक जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर मुकाम पर हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति और ओडिशा की संस्कृति में बहुत सी बातें मिलती-जुलती हैं। महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति जितना स्नेह ओडिशा के लोगों में है उतना ही अनुराग छत्तीसगढ़ में भी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार के लिए शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है। आज ही हमने रायगढ़ में 42 करोड़ रुपए की राशि से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन भी किया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज्ञान आधारित समाज स्थापित करना चाहते हैं और इसके लिए बहुत जरूरी है कि हम युवाओं को उच्चस्तरीय शिक्षा व्यवस्था प्रदान करें। इसके साथ ही हमने रायगढ़ जिले में 135 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया है। इन कार्यों से रायगढ़ जिले की सूरत और भी निखरेगी। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने भी सम्बोधित किया। चौधरी ने उत्कल ब्राहमण समाज के भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए दिए जाने की घोषणा की। सम्मेलन में रायपुर उत्तर विधायक और उत्कल ब्राहमण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने उत्कल ब्राहमण समाज सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के पहुंचने पर स्वागत और अभिनंदन किया।

## सड़क दुर्घटना में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत

पायनियर संवाददाता < अलपुझा
www.dailypioneer.com



केरल के अलपुझा जिले में एक कार और राज्य परिवहन की बस की भिडंत में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के पांच छात्रों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में सवार 15 यात्री और कार में सवार छह छात्र भी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कल रात उस समय हुई जब यहां भारी बारिश हो रही थी। गुरुवायुर-कायमकुलम फास्ट पैसेंजर बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें 11 लोगों में से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य घायल हो गये। उन्हें वंदनम के टीडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दो और लोगों की मौत हो गयी।

### यौन उत्पीड़न अधिनियम के क्रियान्वयन को मजबूत बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का निर्देश



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने के लिए बनाए गये महिला यौन उत्पीड़न अधिनियम-2013 को पूरे देश में एक समान रूप से लागू करने में चुनौतियों के मद्देनजर इस कानून को मजबूत बनाने के लिए कई दिशा निर्देश जारी किये। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अधिनियम के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए हर जिले में जिला अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के 14 अधिकारी बने आईएएस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के 14 अधिकारियों को आईएएस प्रोमोशन मिल गया। आईएएस अवार्ड के लिस्ट में संतोष देवांगन, हीना नेताम, आश्वनी देवांगन, रेणुका श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, अजय अग्रवाल, रीता श्रीवास्वत, लोकेश चंद्राकर, प्रकाश सर्वे, गजेंद्र ठाकुर, लीना कोसम, तनुजा सलाम, वीरेंद्र बहादुर पंच भाई, सौमिल चौबे और सुमित अग्रवाल का नाम शामिल हैं। जानकारी अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के प्रोमोशन के लिए दिल्ली में हुई डीपीसी की बैठक यह निर्णय लिया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन और आईएएस रेणु पिल्ले शामिल हुई। वहीं 3 अफसरों इस रेस से बाहर हो गए, जिसमें आरती वासनिक और तीर्थराज अग्रवाल के साथ कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद सौम्या चौरसिया का नाम शामिल हैं।

### चीन के साथ रिश्तों में राष्ट्रीय सुरक्षा हित सर्वोपरि रख कर आगे बढ़ेंगे : जयशंकर

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने भारत एवं चीन के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति बहाल होने को 'सुधार की दिशा' बताते हुए आज साफ किया कि भारत चीन संबंधों में प्रगति के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना एक पूर्व-आवश्यकता है और हम अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को सर्वोपरि रखते हुए ही आगे बढ़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में चीन के साथ 21 अक्टूबर को हुए समझौते तथा उसके बाद भारत एवं चीन के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को लेकर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा, मैं सदन को भारत चीन सीमा क्षेत्रों में हाल ही में घटी कुछ घटनाओं और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूँ। सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था। हाल की घटनाएँ, जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाती हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है। विदेश मंत्री भारत चीन संबंधों की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा, सदन इस तथ्य से अवगत है कि 1962 के संघर्ष और उससे पहले की घटनाओं के परिणामस्वरूप चीन ने अक्साई चिन में 38 हजार वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने 1963 में अवैध रूप से 5180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र चीन को सौंप दिया।

### नए कानूनों का उदेश्य नागरिकों को न्याय दिलाना : अमित शाह

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों की आत्मा भारतीय है और इनका उद्देश्य भारतीय नागरिकों को न्याय दिलाना है। शाह यहाँ पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून पूर्णतः अमल में लाने वाला पहला प्रदेश चंडीगढ़ बन गया है। इसलिए चंडीगढ़ को बधाई और पुलिस व प्रशासन को साधुवाद। उन्होंने कहा कि नए कानून भारतीय संसद में बने हैं और गुलामी के चिन्हों को मिटाकर नए भारत के नए कानून हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून तीन साल में देश भर में लागू हो जाएंगे। कार्यक्रम का मूल विषय 'सुरक्षित समाज, विकसित भारत - दंड से न्याय तक' था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और राज्यसभा सांसद सातनाम सिंह संधु भी मौजूद थे। कार्यक्रम में एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया और उससे पहले नए कानूनों के तहत जांच से न्याय तक की प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। देश में इस साल एक जुलाई को नए आपराधिक कानून लागू किए गए। इन आपराधिक कानूनों का उद्देश्य भारत की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना है। ये सुधार भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव का प्रतीक हैं, जो साइबर अपराध, संगठित अपराध जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने और विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए नए ढांचे लाते हैं।



# चिकित्सा क्षेत्र में मानव सेवा और समर्पण की मिसाल है डॉ. नायक

Impact feature

**यह सेवा भावना की खूबी है, जो करोड़ों की भीड़ में भी एक चेहरे को उभार देता है और वही चेहरा 'नायक' बन कर समाज में लंबी लकीर खींचता है।**

**कारपोरेटटाईजेशन को न अपनाकर श्री बालाजी हॉस्पिटल ग्रुप स्वयं के संसाधनों के दम पर सेवा भाव का काम कर रही है।**

डॉ. देवेन्द्र नायक यानी देश में चिकित्सा के क्षेत्र का एक ऐसा नाम जिसने न केवल अपनी विशिष्ट विशेषज्ञता, गैस्ट्रो व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के कारण चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है बल्कि अपनी सेवा, समर्पण और उद्यमशीलता की वजह से एक बड़ा मुकाम भी हासिल की है। कहते है चिकित्सक साक्षात ईश्वर की प्रतिमूर्ति होते हैं जो मरीजों को नया जीवनदान देते हैं, डॉ. नायक ने इसे बखूबी चरितार्थ किया है। इन्होंने लाखों लोगों को न केवल बीमारी की पीड़ा से मुक्ति दी है बल्कि लाखों लोगों को असाध्य रोगों से मुक्ति दिलाकर नया जीवनदान भी दिया है। डॉ. नायक का सीधा, सरल और सहज व्यवहार मरीज और उनके परिजनों के लिए एक विशिष्ट अनुभव है जिसकी वजह से पूरे मध्य-भारत के लोग चिकित्सा के लिए श्री बालाजी हॉस्पीटल ग्रुप का रूख करते हैं। डॉ. देवन्द्र नायक ने छत्तीसगढ में बडे - बडे महानगरों की भांति चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए आधुनिक तकनीकि के साथ मध्य भारत का सबसे बडा हॉस्पिटल तैयार कर आम जनता की सेवा के लिए समर्पित किया।



**Dr Devendra Naik**
Laparoscopic & Robotic Surgeon
Chairman, Shri Balaji Group of Hospitals and Colleges

## मध्य भारत में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा हॉस्पिटल समूह

मोवा स्थित श्रीबालाजी मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल 1500 बेड, श्रीबालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ 300 बेड, तथा बीसीआर हॉस्पिटल जोरा 200 बेड के साथ श्रीबालाजी हॉस्पिटल समूह आज 2000 बिस्तरों का मध्य भारत में निजी क्षेत्र का सबसे बडा हॉस्पिटल समूह बन गया है। यहां पर विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा बहुत ही न्यूनतम दरों में प्रदान की जा रही है। 268 बेडो का सबसे बडा आईसीयू सेटअप एवं 130 प्राईवेट रूम श्रीबालाजी हॉस्पिटल में मौजूद हैं।
अब तक श्रीबालाजी हॉस्पिटल में कैम्ब्रिज यूके के विश्व प्रसिद्ध सीएमआर ROBOTIC SYSTEM से 100 से अधिक सफल पेट की सर्जरी न्यूनतम दरों में की जा चुकी हैं। श्रीबालाजी हॉस्पिटल में लिवर एवं किडनी ट्रांसप्लांट सुविधा भी मौजूद हैं। यह छत्तीसगढ का प्रथम लिवर ट्रांसप्लांट सेंटर भी हैं। इसके साथ ही प्रदेश का पहला स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट भी यहीं हुआ हैं। श्रीबालाजी में 280 डॉक्टर पूर्णकालीन सेवाएं देते हैं। अब श्रीबालाजी समूह में 2600 से अधिक लोगों का विशाल परिवार बन चुका है।

## देश के चुनिंदा मेडिकल कॉलेज में से एक, जिसके संचालक है डॉक्टर

श्रीबालाजी हॉस्पिटल समूह द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज में 150 एमबीबीएस सीट एवं 66 पीजी (एमडी,एमएस) सीट हैं। एसबीआईएमएस उन चुनिन्दा मेडिकल कॉलेजों में से एक है जिसके संचालक खुद डॉक्टर हैं, इसके साथ ही यह संस्थान पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त हैं। डॉ. देवेन्द्र नायक द्वारा डेन्टल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, नर्सिंग कॉलेज, पैरामेडिकल कॉलेज, फिजियोथैरेपी कॉलेज, के साथ ही फार्मेसी कॉलेज का भी संचालन किया जा रहा हैं। जो अपने आप में छत्तीसगढ की जनता के प्रति समर्पण को दर्शाता है।
इसके साथ ही श्रीबालाजी फांउडेशन के माध्यम से डॉ. नायक के नतृत्व में प्रदेश के विभिन्न हिस्सो में निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं।
धर्म-कर्म. में भी डॉ. देवेन्द्र नायक की रूचि बखूबी दिखती हैं। दिन की शुरूआत भगवान बालाजी की अराधना से शुरू होता हैं। हॉस्पिटल प्रांगण में 77 फिट की उचाई के भव्य श्रीबालाजी मंदिर में बालाजी भगवान विराजमान है।

### डिलिवरी में नहीं लिया जाता कोई शुल्क

डॉ. देवेन्द्र नायक में हमेशा समाज के लिए कुछ करने की जिज्ञासा रही हैं। जिसके चलते श्रीबालाजी हॉस्पिटल में निशुल्क डिलिवरी (नार्मल हो या सिजेरीयन) की सुविधा प्रदान की जाती हैं। यह अपने आप में समाज के प्रति डॉ. नायक के समर्पण भाव को दर्शाता हैं। हॉस्पिटल में अब तक 1000 से अधिक निःशुल्क डिलिवरी की जा चुकी है।

**100 रूपए में साल भर ओपीडी, जांच 50 प्रतिशत डिस्काउंट पर**

श्रीबालाजी हॉस्पिटल में मात्र 100 रुपये में एक बार के पंजीयन में पूरे साल भर ओपीडी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही जितनी भी जांच हैं उसमें मार्केट दरों से 50 प्रतिशत डिस्काउंटेड रेट प्रदान की जा रही है। जैसे सोनोग्राफी मात्र 530 रुपये में की जाती है, इसके साथ ही सिर का सीटीस्केन मात्र 1550 रूपये , ब्लड शुगर जांच मात्र 40 रूपये में किये जाते है।


## पीएम मोदी ने कहा- न्याय संहिता गहरे मंथन का परिणाम

# नए कानून दंड के लिए नहीं, बल्कि न्याय के उद्देश्य से बनाए गए है

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि गहन विचार विमर्श और मंथन के बाद भारतीय न्याय संहिता अपने वर्तमान स्वरूप में सामने आयी है और इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री यहां विशेष रूप से अयोजित एक कार्यक्रम तीन परिवर्तनकारी नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित कर रहे थे। ये तीनों कानून पहली जुलाई से लागू कर दिए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि नए कानून दंड के लिए नहीं, बल्कि न्याय के उद्देश्य से बनाए गए है और भारतीय न्याय संहिता इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सात दशकों में न्याय व्यवस्था की चुनौतियों की समीक्षा, व्यापक विचार-विमर्श के बाद भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। हर कानून को व्यावहारिक दृष्टिकोण से परखा गया है। उन्होंने इन कानूनों के लिए उच्चतम न्यायालय और देश भर के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों का आभार भी प्रकट किया। पीएम मोदी ने तीनों कानूनों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा, देश के कानून उसके नागरिकों के लिए है, इसलिए कानूनी प्रक्रिया भी नागरिक-केंद्रित होनी चाहिए। हालाँकि, पुरानी व्यवस्था में, प्रक्रिया ही सज़ा बन गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ समाज में, कानून सुरक्षा का साधन होना चाहिए, लेकिन आईपीसी केवल नियंत्रण के साधन के रूप में भय पर निर्भर थी और यह अच्छा है कि अब समय बदल गया है। मोदी ने कहा कि पुराने कानूनों में दिव्यांगों के लिए ऐसे-ऐसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था, जिसे कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। हमने ही पहले इस वर्ग को दिव्यांग कहना शुरू किया, उन्हें कमजोर महसूस कराने वाले शब्दों से छुटकारा दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 2016 में हमने दिव्यांगजनों के अधिकार का कानून लागू करवाय लागू करवाया। उन्होंने कहा कि देश औपनिवेशक युग की सोच से बाहर निकले और अपने सामर्थ्य का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में लगाए, इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था। पीएम मोदी ने कहा, इसलिए मैंने 15 अगस्त को लाल किले से गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का संकल्प देश के सामने रखा था।

# दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्रियों से मिले शिवरतन शर्मा, क्षेत्र के विकासकार्यों के लिए की सार्थक चर्चा

## रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं केंद्रीय खेल, मंत्री मनसुख मंडविया से शिवरतन शर्मा ने की दिल्ली में भेट



### केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया से भी मिले शिवरतन शर्मा

शिवरतन शर्मा ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय खेल, श्रम, रोजगार एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया से भी मुलाकात कर उन्हें पूर्व में मंडाविया द्वारा (केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री कार्यकाल के दौरान) भाटापारा में 13 करोड़ की लागत से बन रहे 50 बिस्तर क्रिटीकल केयर अस्पताल स्वीकृत करने के लिए धन्यवाद दिया। शिवरतन शर्मा ने दूरभाष पर चर्चा के दौरान इस विषय पर भी बताया कि केंद्रीय खेल, युवा मामलों और श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मंडाविया ने उनकी मांग पर भाटापारा में 50 बिस्तर अस्पताल की मांग को पूरा किया था और उनके द्वारा स्वीकृत अस्पताल का निर्माण कार्य तीव्रता से जारी है, जिसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री का आभार के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण विषयों को लेकर भी माननीय केंद्रीय मंत्री से सार्थक चर्चा की है जिस पर उन्होंने शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहु, भाजपा नेता, विधायक अजय चन्द्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह भी साथ उपस्थित थे।

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा रेलवे स्टेशन पर शीघ्र ही कुछ प्रमुख यात्री ट्रेनों का स्टॉपेज मिलेगा, इस बाबत उन्होंने सोमवार को दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा है, उक्त बाते प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने दिल्ली से दूरभाष पर चर्चा करते हुए कही।

विदित हो कि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा 01 दिसम्बर से 04 दिसंबर तक 04 दिनों के दिल्ली प्रवास पर है। शिवरतन शर्मा ने बताया की दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर भाटापारा स्टेशन में रेल यात्री सुविधा बढ़ाने की दृष्टिकोण से भाटापारा में बहुप्रतीक्षित यात्री ट्रेनों का ठहराव के लिए मांग पत्र सौपा है, जिसमे मुख्य रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख यात्री गाड़ियों का जिक्र है. जिस पर रेल मंत्री ने भाटापारा स्टेशन में ठहराव स्वीकृत करने का भरोसा शिवरतन शर्मा को दिया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भाटापारा स्टेशन की भौगोलिक स्थिति, स्टेशन की आय, यात्री संख्याओं और सुविधाओ को लेकर रेल मंत्री को सार्थक चर्चा कर जानकारी दी है। शिवरतन ने रेल मंत्री को भाटापारा रेलवे स्टेशन में कुछ प्रमुख यात्री ट्रेनों का स्टॉपेज देने के अलावा हथबंद रेलवे स्टेशन पर कोरोना कॉल के समय से बंद बिलासपुर अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस के ठहराव संबंधित मांग पत्र दिया है। अपने दो अलग अलग मांग पत्र पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने रेल मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। वही उन्होंने दूरभाष पर चर्चा करते हुए कहा की काफी लंबे समय से क्षेत्र की जनता रेल यात्री सुविधाओ में वृद्धि की मांग करते आ रही थी और उन्होंने हमेशा की तरह जनता के हितों के लिए दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री से भेट किया है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड दीर्घकालिक औद्योगिक स्थिरता के प्रति हमेशा से ही प्रतिबद्ध : पवन कुलकर्णी



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स द्वारा सस्टेनिबिलिटी एवं जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए 02.12.2024 को संयंत्र में रॉ-मटेरियल, क्लिंकर, सीमेंट आदि के परिवहन हेतु हेवी ड्यूटी ई-वाहनो को चलाने की शुरूआत की गयी, जिसमें संयंत्र के इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने उद्बोधन में कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड दीर्घकालिक औद्योगिक स्थिरता के प्रति हमेशा से ही प्रतिबद्ध रही है एवं दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनो के संरक्षण, पर्यावरणीय प्रदुषण नियंत्रण व पारिस्थिक तंत्र के प्रति भी ध्यान दे रही है और इसके साथ ही कार्बन उत्सर्जन को कम करके बिजली जैसे ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण काम कर रही है। इस मौके पर परियोजना प्रमुख केशव नागूरी ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स छत्तीसगढ़ में अल्ट्राटेक की पहली सीमेंट इकाई है जो इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने जा रही है ताकि कार्बन फूटप्रिंट और अनवीनीकृत संसाधनों के दोहन को कम किया जा सके। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से परिचालन लागत में कमी, पर्यावरणीय दुष्प्रभाव में कमी, लॉजिस्टीक और फ्लीट प्रबंधन की गुणवत्ता में वृध्दि, ऊर्जा स्वतंत्रता और लचीलापन, विनियामक अनुपालन और प्रोत्साहन, तकनीकी नवाचार और नेतृत्व, विद्युतीकरण की ओर वैश्विक बदलाव आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। संयंत्र के तकनीकी प्रमुख अभिजीत जोशी ने संयंत्र परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रहे वृक्षारोपण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए हमें संयंत्र परिसर को हरा-भरा बनाना होगा। जैव विविधता जितनी समृद्ध होगी, पर्यावरण उतना ही संतुलित और सामंजस्यपूर्ण होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पर्यावरण प्रमुख अभिषेक मिश्रा, सिविल प्रमुख प्रीतम जक्कनवार, हॉर्टिकल्चर से इंदु जांगड़े, लॉजिस्टिक हेड देवकांति गांगुली एवं तकनीकी विभाग से सुमीत सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गरियाबंद जिला के अस्पतालों में डॉक्टर फार्मासिस्ट नर्स की कमी, मरीज दवाइयों के लिए मोहताज






पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला स्वास्थ विभाग द्वारा कमी अनुसार सेटअप नहीं बिठाने के चलते गरियाबंद जिला नर्स डाक्टर विशेषज्ञ पुरुष और महिला एचआरओ फार्मासिस्ट सहित अन्य कर्मचारियों के कमी की किल्लत से जूझते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपस्वास्थ केंद्र सहित अस्पताल मजबूरीवश खानापूर्ति तरीके से संचालित हो रहा है क्योंकि जिस स्टाफ नर्स पद की स्वीकृत 152 है उसमें मात्र 69 भरे हैं बाकी खाली है इसी तरह अन्य पदों का भी हाल है ऐसे में अस्पताल स्वास्थ केंद्र के खानापूर्ति संचालन का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति देवभोग और मैनपुर ब्लॉक की है यहां एक एक स्टाफ के सहारे उपस्वास्थ केंद्र संचालित हो रहा है जबकि वही उपस्वास्थ्य केंद्र के भरोसे हजारों ग्रामीण होते है देवभोग के झाखरपारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 1 आर एम ए और 2 साल के अनुबंध में रहे 1 डॉक्टर के साथ सिर्फ एक नर्स है जबकि 12 का स्टाफ होना चाहिए इसी तरह दीवानमुडा का हाल है जहां एक आर ए एम है इसके अलावा मैनपुर ब्लॉक के शोभा झरगांव जैसे स्वास्थ उप स्वास्थ केंद्र स्टाफ की कमी से जूझ रहा है मगर वर्षो बीतने के भी आज तक स्टाफ की कमी को दूर नहीं किया जा सका है सिर्फ शासन द्वारा नियुक्ति होने पर ही स्टाफ कमी पूर्ति बताकर जिम्मेदार टाल देते है जबकि जिला भर सही सेटअप नहीं होने का आरोप लगाया जाता है जिसे स्टाफकमी का प्रमुख कारण भी माना जाता है जिससे ना अधिकारी वास्ता रखे नजर आते और निर्वाचित जिम्मेदार जनप्रतिनिधि शायद यही वजह है कि छोटी बड़ी बीमारी के लिए रायपुर सहित अन्य प्रदेश के उपचार पर सैकडो मरीज निर्भर हैं खासकर वनांचल क्षेत्र के लोगों खासी परेशानी होती हैं।

### ना डाक्टर ना स्टाफ भवन सफेद हाथी हो रहा साबित

जिला भर में सबसे खस्ताहाल देवभोग के ग्राम धौराकोट के स्वास्थ केंद्र का क्योंकि ना यहां डॉक्टर है और कोई स्टाफ इस गांव के मरीज टैबलेट तक के लिए मोहताज होते हैं और इसकी व्यथा सुनाने धौराकोट के किशोर नागेश बीएमओ प्रकाश साहू के समक्ष पहुंचा और बताया कि साल भर पहले अस्पताल में प्रसव के साथ इलाज भी होता रहा और अब टैबलेट तक के लिए ग्रामीण मोहताज है जिनके पास वाहन की सुविधा होती हैं वह देवभोग उरमाल पहुंचकर किसी तरह इलाज ले लेते है बाकी ऊपर वाले के भरोसे हैं इस स्वास्थ केंद्र से कुछ समय पहले एचआरओ की मौत भी हो चुकी है तब से तो हालत और खराब देखने को मिल रहा है मतलब ऐसे उपस्वास्थ्य केंद्र भवन सफेद हाथी साबित हो रहा है जिसकी चर्चा स्वास्थ विभाग की गलियारों से होकर गांव गांव में भी खूब सुनने को मिलता है फिर भी अधिकारियों की ओर से निदान के लिए कोई पहल नही किया जा रहा है ।

### सेटअप की समीक्षा पर निदान की संभावना

जिस तरह जिला के पांच ब्लॉक में स्टाफनर्स महिला पुरुष एचआरओ सहित फार्मासिस्ट का सेटअप बनाया है उस पर लगातार पक्षपात सेटअप बिठाने का आरोप लगाया जा रहा है क्योंकि छुरा फिंगेश्वर अनुसार देवभोग मैनपुर नहीं होने का दावा किया जाता है ऐसे तमाम अटकलों के बीच स्टाफ नर्स एचआरओ और फार्मासिट सेटअप की समीक्षा अतिआवश्यक है ताकि स्टाफकमी के जगह पर व्यवस्था किया जा सके जिसके लिए स्वास्थ मंत्री से मुलाकात कर पूरी वस्तु स्तिथि अवगत कराते जिला के सेटअप की समीक्षा कराने के लिए पत्र देने की तैयारी भी चल रही है ताकि सरकार की मंशा अनुरूप गांव के अंतिम मरीज को सरकारी स्वास्थ सुविधा का लाभ मिल सके ।

### जिलाभर में स्वीकृत पद भरे पद और रिक्त पद की संख्या

| पदनाम | स्वीकृत पद | भरे पद | रिक्तपद |
|---|---|---|---|
| चिकित्सा अधिकारी | 56 | 49 | 7 |
| स्टाफनर्स | 152 | 69 | 83 |
| एचआरओ पुरुष | 204 | 124 | 80 |
| एचआरओ महिला | 223 | 156 | 67 |
| फार्मासिस्ट | 34 | 24 | 10 |
| लैबटेक्नीशियन | 43 | 19 | 24 |
| विशेषज्ञ | 53 | 13 | 40 |

# जनता को मिला हक, महापौर व नगरपालिका अध्यक्ष का अब सीधे चुनाव : प्रमोद सागर

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भाजपा महामंत्री मण्डल के प्रमोद सागर ने कहा है कि नगर निगम और नगर पालिकाओं में जनता द्वारा सीधे महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव करने को लेकर छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के फैसले का स्वागत किया है, उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से बयान जारी कर कहा है कि अविभाजित मध्य प्रदेश में 1999 के पूर्व नगर निगम व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रीति से होता था, जिससे पूर्व की कांग्रेस सरकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने बदल दिया था और पार्षदों के माध्यम से महापौर व अध्यक्ष चुनाव करने का फैसला लिया था, जिसके फलस्वरुप पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की और कांग्रेस सरकार की तानाशाही चरम पर थी. महापौर और अध्यक्ष चुनने के लिए जमकर पार्षदों की खरीद फरोख्त हुई वहीं भाजपा के पार्षदों को डराया धमकाया गया और अपने पक्ष में अध्यक्ष चुनने को विवश किया गया था, कांग्रेस सरकार व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तानाशाही से सरायपाली नगर पालिका व सरायपाली विधानसभा की जनता भी पूरी तरह से अवगत है, छत्तीसगढ़ में नगर निगम व नगर पालिका में पूरी तरह से विकास कार्य ठप्प पड़ गए थे, और कांग्रेस सरकार की तानाशाही चरम पर रही, छत्तीसगढ़ में नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 (संशोधन ) अध्यादेश 2024 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024( प्रत्यक्ष निर्वाचन व आरक्षण संबंधित प्रावधान) की विभिन्न धाराओं में संशोधन किए जाने वाले संबंध में अध्यादेश 2024 के प्रारूप को मंजूर दी गई है, जिस आम जनता के हक को कांग्रेस की सरकार व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छीन लिया था अब इस अधिकार को भाजपा के डबल इंजन की सरकार में मुख्यमंत्री विष्णु देव की नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के नगर निगम व नगर पालिका में निवासरत आम जनता को अब सीधे महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष बनाने का हक व अधिकार मिल रहा है, इससे साफ होता है कि भाजपा की सरकार पुरी तरह से पारदर्शी व विकास के राह को मजबूत करने के लिए से प्रतिबद्ध है।

# लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षको एवं सहायक ग्रेड तीन पर गिरी गाज,5 को किया गया पद से बर्खास्त

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित 3 शिक्षको एवं 2 सहायक ग्रेड तीन पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जिसमें विकासखण्ड सिमगा के शास.प्राथ.शाला रिंगनी में पदस्थ सहायक शिक्षक अमित बहादुर, शास.प्राथ.शाला मोपर के सहायक शिक्षक कल्पना कश्यप, शास.प्राथ.शाला छेरकाडीह के सहायक शिक्षक गीतेंद्र सिंह ध्रुव एवं शास.उच्च माध्य. विद्यालय केसदा सहायक ग्रेड तीन शरद कुमार यादव, विकासखण्ड सिमगा के शास. उच्च माध्य. विद्यालय कामता सहायक ग्रेड तीन गौरव कुमार साहू शामिल है। के उपरोक्त कर्मचारीगण अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरुध्द अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए कार्य से पृथक कर दिया गया है। इनके द्वारा मूलभूत नियम 18 एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) (एक) (दो) (तीन) तथा अवकाश नियम 7 निहित नियमों के विपरीत पाया गया जो कदाचरण की श्रेणी में आता है।

# वनांचल ग्राम बड़ेसाजापाली की नंदनी साहू ने डिप्टी कलेक्टर बन पिता का सपना किया साकार

पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पिताजी संकुल समन्वयक और टीचर थे जिनका 2015 में स्वर्गवास हो गया पिताजी शिक्षा विभाग की मीटिंग से आकर घर में कलेक्टर के ऑर्डर की चर्चा करते थे उनके ऑर्डर से परेशान रहते थे तब मैंने पता किया कि डिप्टी कलेक्टर और कलेक्टर का पद क्या है। पिताजी ने ही बताया कि कलेक्टर बहुत पावरफुल होते हैं। वहीं से मुझे डिप्टी कलेक्टर बनने की इच्छा हुई और मैं प्रतिदिन 6 से 8 घंटा सुबह 6:00 बजे से रात 8:00 तक दिन रात पढ़ाई करती थी। बड़े संघर्ष के बाद आज मेरे पिताजी का सपना पूरा हो गया। लेकिन दुख इस बात का है कि वह मेरी सफलता को देखने के लिए इस दुनिया में मौजूद नहीं है । लेकिन उनका आशीर्वाद मुझे हमेशा मिलता रहा है। डिप्टी कलेक्टर बनने की इस सफ्लता का श्रेय मैं अपने माता-पिता परिवार, गुरुजनों ग्राम वासियों को देती हूं। यह सफलता सभी के आशीर्वाद मिला। यह बातें कुमारी नंदिनी साहू ने आज छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी में छत्तीसगढ़ में 5वां रेंक टॉपर बनने के बाद पत्रिका से चर्चा करते हुए कही। कुमारी नंदिनी साहू ने आगे कहा कि इस सफलता से वह बहुत ही प्रसन्न है। और छत्तीसगढ़ के किसी भी क्षेत्र में वह सेवा देना चाहती हैं। बचपन में खेल कूद में भाग लेती थी लेकिन पढ़ाई मैं ज्यादा ध्यान देने के कारण खेलकूद में शामिल नहीं हो सकती अब समय निकाल कर खेल में भी मैं ध्यान दूंगी। मेरा सबसे प्राथमिकता एवं महत्वपूर्ण काम छत्तीसगढ़ के जनता की समर्पित भाव से सेवा करना है। 2021 में कोरोना काल के कारण सीजीपीएससी फाइट नहीं कर सकी। वनांचल ग्राम बड़ेसाजापाली की नंदनी साहू ने दूसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पुरे छत्तीसगढ़ में 5 वी रैंक के साथ डिप्टी कलेक्टर की पोस्ट पर चयनित हुई हैं, पहले प्रयास में 182 वी रैंक थी जब नंदनी 12वीं में थी तो पिताजी का स्वर्गवास हो गया था जो गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में प्रधानपाठक थे। नंदनी की प्रारम्भिक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में पूर्ण हुई जहां पिताजी प्रधान पाठक थे वहीं से पढ़ाई प्रारंभ की। हायर सेकेंडरी स्कूल बड़ेसाजापाली में ही 12 वीं की पढ़ाई गणित विषय में 86% अंक हासिल करते हुए कॉलेज की पढ़ाई डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर में पुरी की। स्नातक की पढ़ाई कम्प्यूटर साइंस में पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से पूर्ण की। इनकी चार बड़ी दीदी रूपेश्वरी, जीतेश्वरी, मंटू साहू, मेनका साहू चारों शिक्षक जॉब में हैं। छोटा भाई नीलकंठ साहू 12वीं के पढ़ाई करने के बाद जमशेदपुर (झारखंड) में कोचिंग कर रहा है। माता रामप्यारी साहू भले ही पांचवी तक पढ़ी लिखी हैं लेकिन वह पढ़ाई को बहुत ही महत्व देती हैं। नंदिनी साहू के ताजी गुरुजी होने के कारण घर में शुरू से ही पढ़ाई का माहौल था। नंदनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माँ रामप्यारी साहू, एवं स्वर्गीय पिता मेघनाथ साहू के साथ ग्राम बड़ेसाजापाली वासियों को दिया। इनके सफ्लता पर पुरे बडेसाजापाली सहित बसना क्षेत्र में प्रसन्नता का माहौल है। बड़े सजा पाली हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य यू एस पटेल ने कुमारी नंदिनी साहू के डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि वह अपने गांव के हायर सेकंडरी विद्यालय से पढ़ाई कर डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित हुई है।



# भगवान के चरण जहां पड़े वो सभी पावन धाम, भाटापारा रामायण मेला मे सभी तीर्थो को प्रणाम

## विविध प्रस्तुतियों के साथ विधायक के आतिथ्य मे समापन समारोह

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

आदर्श के रुप मे देवताओं का अवतरण और समृद्ध तथा स्वच्छ समाज की स्थापना मे मूल्यों का निर्धारण सनातन संस्कृति की प्रमुख पहचान है, भगवान राम का भारत की धरा पर अवतरण एवं अपनी लीलाओं के माध्यम से अधर्म के नाश तथा धर्म की स्थापना का संदेश भारतीय संस्कृति मे अहम थाती है,भगवान के चरण जहां जहां पड़े वी धाम के रुप मे उल्लेखित हो गये,उन्ही के आदर्शों एवं स्थापित जीवन मूल्यों को आधार बनाकर समय समय पर मूल्यों के प्रचार प्रसार एवं जन जन तक पंहुचाने के उद्देश्य से विविध आयामों की भी संरचना हुई,डा राम मनोहर लोहिया की संकल्पना राष्ट्रीय रामायण मेला भी उसी प्रयास का एक महत्वपूर्ण आयाम है, जिसके तहत विविध भावों से रस संचार एवं राममय संस्कृति का प्रसार।





### भाटापारा मे शुभारंभ हुआ आयाम

भगवान राम के ननिहाल माता कौशल्या की पावन धरा छत्तीसगढ तथा धार्मिक आयोजनों के रुप मे ख्याति प्राप्त भाटापारा मे राष्ट्रीय रामायण मेला समिति के माध्यम से राष्ट्रीय रामायण मेला ने मूर्त रुप ग्रहण किया तथा स्थानीय यज्ञ स्थल नाका नंबर एक मे 29नवंबर से एक दिसंबर तक भव्य आयोजन की छटा बिखरी, विभिन्न प्रदेशों से आये संत विद्वान तथा सांस्कृतिक दलों का समागम क्षेत्र के वातावरण को राममय कर गयी, भंवर सिंह साहू, मुकेश शर्मा,कविता शर्मा, डा वीणा साहू तथा डा सीमा अवस्थी के सफ्ल एवं कुशल संचालन मे चार सत्रों मे आयोजित इस भव्य आयोजन मे भजन सभा, विद्वानों की परिचर्चा, संत वाणी तथा संध्या विविध सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया, आयोजन का उद्घाटन पूर्व विधायक प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन के द्वारा किया गया, तीन दिवसीय आयोजन मे सपाद लक्ष्शेवर धाम सलधा श्रीमज्जयोतिमर्यानन्द सरस्वती तथा राम रूप दास महात्यागी की गरिमामय उपस्थिति रही।

### विधायक के आतिथ्य मे समापन सम्मान समारोह

तीन दिवसीय भव्य आयोजन मे विविध विधाओं की छटा बिखरी विभिन्न प्रदेशों से आये विविध व्यक्ति त्वों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गयी,आयोजन मे विभिन्न माध्यमो से समूचा क्षेत्र भागीदारी निभाता हुआ नजर आया,समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रुप मे विधायक इन्द्र साव की गरिमामय उपस्थिति रही। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उनका सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया,बाहर से आये हुए संत विद्वानों का सम्मान विधायक द्वारा किया गया,उसके उपरांत विविध क्षेत्रों मे अहम योगदान देने वाले व्यक्ति त्वों का सम्मान विधायक इन्द्र साव द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र से किया गया,जिनमे साहित्यकार बलदेव भारती,समाजसेवी अरुण बंटी छाबड़ा, मेघा वर्मा,वीरेन्द्र मानसरोवर, गुलशन वर्मा,नभनारायण साहू,डा वीणा साहू, सुनील तिवारी संजय अग्रवाल , संकेत अग्रवाल, का सम्मान विविध क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण योगदान के लिए किया गया, उदबोधन की कड़ी मे विधायक इन्द्र साव द्वारा विभिन्न प्रदेश से आये हुए विविध क्षेत्रों के व्यक्ति त्वों का भाटापारा की धरा मे स्वागत करते हुए रामायण मेला आयोजन की सराहना एवं आयोजक मंडल को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए, विस्तार पूर्वक भगवान राम के जीवन मे छत्तीसगढ की महत्ता को रेखांकित किया गया।

### व्यापक रुप से झलकी भागीदारी

धार्मिक आयामों के शहर भाटापारा की विशेषता है कि किसी भी आयोजन मे यहां भागीदारी का स्वरुप व्यापक नजर आता है,राष्ट्रीय रामायण मेला के आयोजन मे भी यह स्वरुप स्पष्ट रुप से दृष्टिगोचर हुआ,शोभायात्रा के दिन जहां शोभायात्रा मार्ग पर सरयूपारीण ब्राम्हण समाज अध्यक्ष सुनील दुबे, प्रतिष्ठित व्यवसायी समाजसेवी प्रकाश मोदी, पार्षद प्रमेंद्र तिवारी व्यास नारायण यदु,पत्रकार राजेश शर्मा आदि द्वारा विविध स्थलों मे शोभायात्रा के स्वागत की आत्मीय झलक प्रस्तुत की गयी वहीं तीन दिवसीय आयोजन मे नगर के विविध क्षेत्रों के व्यक्ति त्वों द्वारा बाहर से आये हुए संत विद्वानों एवं सांस्कृतिक दलों का मंच पर स्वागत किया गया, जिनमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुनील माहेश्वरी,जिला चिकित्सा अधिकारी डा राजेश अवस्थी, रामलीला समिति मोनू मल कोमल शर्मा एवं सदस्य, छत्तीसगढिया क्रांति सेना चन्द्रकांत यदु, प्रेस क्लब भाटापारा अध्यक्ष राजीव तिवारी सचिव श्याम पुरोहित, शंकर लाल सोनी ललित तिवाड़ी, विभिन्न समाज प्रमुखों, आदि के द्वारा विभिन्न सत्रों मे विविध दलों का दुपट्टा भेंटकर तिलक लगाकर स्वागत किया तथा शुभकामनाए भी दी गयी, समिति के अध्यक्ष बिहारीलाल अग्रवाल द्वारा आयोजन को सफ्ल बनाने के लिए विभिन्न प्रकल्पों की भागीदारी का उल्लेख करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# 191 आंगनबाड़ी केंद्रों गैस में कनेक्शन नहीं लकड़ी चूल्हा से खाना बनाने मजबूर

| ब्लॉक | -आंगनबाड़ी केंद्र | - नहीं मिला गैस कनेक्शन |
|---|---|---|
| फिंगेश्वर | 238 | 80 |
| गरियाबंद | 189 | 75 |
| मैनपुर | 323 | 24 |
| छुरा | 350 | 8 |
| देवभोग | 217 | 4 |



पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

धुंआ से मौत के करीब धीरे धीरे पहुंचने वाली 191आंगनबाड़ी सहायिकाओं आज भी परंपरागत तरीके से लकड़ी जलाकर चूल्हे पर खाना पकाते छोटे छोटे बच्चों को गर्म खाना खिलाने को मजबूर है मतलब विष्णुदेव सरकार के एक साल में भी ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों में एलपीजी गैस कनेक्शन नहीं पहुंचाया जा सका है जानकारी अनुसार जिले भर में 1508 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है जिनमें से 80 आंगनबाड़ी केंद्र में बीते 2018-19 के दरमियान डीएमएफ मद से दिया गया इसके अलावा 2022 -23 मे वन विभाग द्वारा 135 गैस कनेक्शन वितरण किया गया फिर पुनः डीएमएफमद से 200 आंगनबाड़ी केंद्र में कनेक्शन मिला इसके बाद सबसे अधिक अधोसंरचना मद से 895 मिला जबकि पंचायत के माध्यम से 7 कनेक्शन दिया गया मतलब कुल 1317 आंगनबाड़ी केंद्रों में गैस कनेक्शन मिल पाया है इसके बाद लगभग गैस कनेक्शन वितरण विराम सा लगा हुआ है तभी 191 आंगनबाड़ी केंद्र गैस कनेक्शन से अछूता है जिसके चलते दर्ज संख्या की आंगनबाड़ी सहायिका लकड़ी चूल्हा से खाना पकाते मौत आगोश में जाने को विवश है जिससे शासन जिला प्रशासन करीबी से अवगत भी है लेकिन इस स्तर पर बिल्कुल भी मुस्तैद नजर नहीं आते जिसे लेकर कई आंगनबाड़ी सहायिका मायूस दिखाई पड़ती है क्योंकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्ज्वला योजना के साहारे महिलाओं को धुंआ से मुक्ति दिलाने युद्धस्तर पर कार्य को अंजाम दिया मगर अपसोस मोदी के मंशा को भाजपा के सरकार में धरातल पर पूरा नहीं हो पा रहा है तभी विपक्ष सरकार पर हमला करते कभी दाम पर कभी कागजी आंकड़ों को लेकर जोरदार तरीके घेरते है।

**बच्चों के सेहत पर भी विपरीत प्रभावः** आंगनबाड़ी केंद्रों में खाना बनाने के लिए इस्तेमाल लकड़ी चूल्हा से निकलने वाली धुंआ आंगनबाड़ी सहायिकाओ के अलावा छोटे छोटे मासूम बच्चों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ता है कुछ आंगनबाड़ी केंद्र में तो बच्चों के बैठने पढ़ने की रुम और लकड़ी चूल्हा काफी पास पास है ऐसे में लकड़ी चूल्हा से निकलने वाला धुंआ पूरे कक्ष में भर जाता है और उक्त धुंआ के चलते बच्चों के आंखों से आंसू भी बहने लगता है ऐसे में स्वाभाविक बात है बच्चो का रोना बिलकना जिसे देख कई पालकों में भी रोष देखा जाता है बकायदा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को गैस कनेक्शन के पुख्ता इंतजाम के लिए भी मांग करते हैं जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी स्वयं के हाथ में नहीं होना बताकर अधिकारियों अवगत करने की बात कहते गैस कनेक्शन जल्द वितरण करने आवश्वशन दिए जाने की बात कहते है मगर यह आश्वाशन अब तक सिर्फ और सिर्फ आवश्वन बनकर रह गया है तभी आज भी 191 आंगनबाड़ी सहायिकाओ लकड़ी चूल्हा में खाना पकाकर बच्चो को खिलाना पड़ रहा है।

**जिला प्रशासन को ठोस कदम उठाने की दरकारः** जिला भर के 191 आंगनबाड़ी सहायिका लंबे समय से लकड़ी चूल्हा का इस्तेमाल कर रही हैं ऐसे में इस लकड़ी चूल्हा से निजाद दिलाने के लिए जिला प्रशासन को ठोस कदम उठाने की दरकार बताई जाती हैं ताकि आने वाले दिनों मे सहायिकाओ धुआं से मुक्ति दिलाया जा सके हालांकि इसके लिए महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर से मुलाकात कर जल्द से जल्द गैस कनेक्शन वितरण करवाने के लिए मांग करने की तैयारी भी सुनने को मिल रहा है खासकर मैनपुर फिंगेश्वर इलाको से तैयारी में जुटे हुए है।

# प्रदेश स्तरीय भव्य सतनाम शोभायात्रा ने पूरे जिले को सतनाममय बना दिया

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश स्तरीय भव्य सतनाम शोभायात्रा ने पूरे जिले को सतनाममय बना दिया। शोभायात्रा में सतनाम धर्म के प्रमुख धर्मगुरु गुरु राजा बालदास साहेब, गुरु ढालदास साहेब, गुरु सोमेश बाबा, और गुरु खुशवंत साहेब आरंग विधायक उपाध्यक्ष अनुसूचितजाति विकास प्राधिकरण ने विशेष रूप से शामिल हुआ। श्रद्धालुओं को प्रेरणादायक संदेश देते हुए धर्मगुरुओं ने सतनाम धर्म के आदर्शों, गुरु घासीदास के उपदेशों और समाज में एकता व समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास का प्रेरणादायक उद्बोधन, राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास ने अपने ओजस्वी और प्रेरणादायक उद्बोधन में समाज को नई दिशा, नई सोच और शिक्षा की ओर बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने श्वेत प्रतीक की स्थापना और उसकी विधि के महत्व को समझाते हुए इसे समाज के मूलभूत आदर्शों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि चार कोणों वाला चबूतरा, उस पर एक सराई की लकड़ी और उस पर पांच हाथ लंबा डंडा, जिसके शिखर पर सादा श्वेत झंडा फहराया जाता है, हमारे समाज का प्रतीक चिन्ह है। यह प्रतीक हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। धर्मगुरु ने स्पष्ट किया कि यह झंडा समाज को संदेश देता है कि हम सत्य, समानता और भाईचारे के अनुयायी हैं। हमारे मन में किसी के प्रति आक्रोश, मतभेद, या छुआछूत जैसी कुरूतियां नहीं होनी चाहिए। गुरु बालदास ने समाज को एकजुट होकर शिक्षा और नैतिकता के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे हम अपने समाज को सशक्त और समृद्ध बना सकते हैं। गुरु सोमेश बाबा का संदेश, गुरु सोमेश बाबा ने अपने आशीर्वचन में कहा, भव्य सतनाम शोभायात्रा न केवल सतनाम धर्म के प्रचार-प्रसार का माध्यम है, बल्कि यह समाज में एकता और सहयोग की भावना को भी प्रबल करती है। हमें गुरु घासीदास के मार्गदर्शन में अपने जीवन को सत्य, अहिंसा और सेवा से प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने इस यात्रा को ऐतिहासिक बताया।

गुरु खुशवंत साहेब का आह्वान,गुरु खुशवंत साहेब ने शोभायात्रा के आयोजन को समाज की शक्ति और निष्ठा का प्रतीक बताया। कहा जब से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनी है तब से समाज आगे बढ़ रहा है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भंडारपुरी के मोती महल के विकास के लिए साढ़े 18 करोड़ की घोषणा की है, आगे कहा बलौदाबाजार के एक महाविद्यालय का नाम भी गुरुघासीदास के नाम से जाना जाएगा ।

# आपका धान साफ नहीं है, तो हो जाए सावधान नहीं तो खरीदी केंद्र में करना पड़ सकता है साफ

पायनियर संवाददाता ✓ पाटन
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिला अंतर्गत आने वाले वृताकार सेवा सरकारी समिति तेलीगुंडरा पाटन में धान खरीदी केंद्र में सुचारू रूप से खरीदी की जा रही है। जिसमें समिति के द्वारा धान को साफ सफाई भी कराई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिस किसान का धाम साफ सुधरा नहीं है मिट्टी युक्त है, उस किसानों को साफ करके लाने को कहा जा रहा है। कई किसान खरीदी केंद्र में ही धान की सफाई कर रहे हैं। समिति प्रबंधक सुनील वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा की किसानों से अपील है कि साफ सुथरा धान ही खरीदी केंद्र तक लेकर आए। ताकि किसी भी किसान को असुविधा न हो। जिस किसान का धान खराब रहता है उसे साफ करने के लिए कहा जाता है हालांकि खरीदी केंद्र में साफ करने की कोई नियम नहीं है। लेकिन किसानों को परेशानी ना हो करके यहीं पर साफसफाई कर रहे हैं। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि जितनी कुंटल धान की खरीदी करनी है। उतने हिसाब से ऑनलाइन टोकन किसान लेकर आ रहे हैं और उसके साथ से खरीदी की जा रही है ऑफ्लाइन में भी टोकन जारी कर रहे हैं। जिसका लाभ किसान ले रहे हैं। लेकिन धान का उठाव खरीदी केंद्र से अभी नहीं हो रहा है 14 नवंबर से खरीदी शुरू हो गई है और धान खरीदी केंद्र से एक बोरी उठाव नहीं हो पाई है जिससे आने वाले समय में खरीदी बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई है।

# धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर कांग्रेस किसानों को गुमराह कर रहा : नारद साहू

पायनियर संवाददाता ✓ पाटन
www.dailypioneer.com



दक्षिण पाटन भाजपा मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं सुरपा धान खरीदी केंद्र के प्राधिकृत अध्यक्ष नारद साहू एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस ने वादाखिलाफी करके अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में लगातार किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया। किसानों को इन 5 वर्षों में धान बेचने के लिए सोसाइटियों में बारदाने की समस्या से लगातार जूझना पड़ा। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को कभी गिरदावरी के नाम पर कटौती कर किसानों को परेशान किया तो कभी बारदाने नहीं है, कहकर किसानों को बारदाने खरीदने के लिए कहा और बाहर से बारदाने लाने का पैसा स्वयं देने का भी वादा किया लेकिन आज तक उन किसानों को बारदाने के पैसे का भुगतान नहीं किया गया। साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के किसानों को लगातार 5 वर्षों तक धान खरीदी का पैसा हमेशा किश्तों में दिया जाता था। कभी भी किसानों को उनकी उपज का एकमुश्त भुगतान पिछली भूपेश सरकार ने नहीं किया जिसकी वजह से किसान कोई बड़ा काम नहीं कर पाता था। साहू ने कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है और 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का भुगतान किसानों को एकमुश्त किया जा रहा है जिससे आज प्रदेश का किसान खुशहाल है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के साहसिक शिविर में पहुंचे महाविद्यालय के विद्यार्थी

**सक्ति।** राष्ट्रीय सेवा योजना के साहसिक शिविर में कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक डॉ कौशिल्या मैत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ के अनेक विश्वविद्यालयों के स्वयं सेवक रिवर राफ्टिंग में भाग ले रहे है, उपरोक्त जानकारी देते हुए कॉमरेड अनिल शर्मा शक्ति ने बताया कि सक्ती जिले के शासकीय वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा के सहायक प्राध्यापक डॉ कौशिल्या मैत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से युवा कार्य म एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर हिमाचल प्रदेश के पीरडी ( कुल्लू) के रिवर राफ्टिंग सेंटर में चल रही है इस शिविर में छत्तीसगढ के अन्य विश्वविद्यालयों के चयनित युवा स्वयं सेवको की टीम अपनी प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन कर रहे है ।

# लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने जिला न्यायालय परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले, कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कंचनलता आचला, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज मौजूद रहे। बैठक में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में 14 दिसम्बर को जिले में लोक अदालत के आयोजन को सफ्ल बनाने के साथ ही प्रशासन से सहयोग व आपसी तालमेल, आवश्यक व्यवस्थाओं और प्री-लिटिगेसन मामलों के निराकरण आदि के संबंध में चर्चा की गई।

# विधानसभा सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा की छठवीं सत्र का शुभारंभ 16 दिसंबर से 20 दिसंबर 20 24 तक आहट की गई है इसके लिए कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आवश्वासन, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि की जानकारी निर्धारित समयावधि में शासन को प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन को नोडल अधिकारी,प्रभारी अधीक्षक संजय कुमार को विधानसभा सेल प्रभारी नियुक्त करते हुए उन्होंने अवकाश पर प्रतिबंध लगाते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश जारी किया गया है व्ही माह दिसंबर के दौरान सभी अवकाश प्रतिबंधित किए जाते हैं विशेष परिस्थितियों में अनुमति प्राप्त कर अवकाश पर जा सकते हैं। किए गए नोडल अधिकारी नियुक्ति- कलेक्टर ने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रेना जमील को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए,अपर कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन प्रभारी अधिकारी सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## विश्व एड्स दिवस जानकारी ही बचाव, कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**सक्ति।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़, शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ और भारत सरकार तथा प्राचार्य डॉ डी पी पाटले के निर्देशानुसार शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति के रेड रिबन और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस कार्य म आयोजित किया गया ।जिला संगठक और रेड रिबन प्रभारी प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े ने सभी छात्र छात्राओं को एड्स की जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा और जानकारी ही इससे बचने का उपाय है।

# वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामले में 87 प्रकरण दर्ज

- 28 लाख रूपए से अधिक की हुई वसूली, कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क ेर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण एवं उस पर हुई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही। बैठक में बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन के 18 प्रकरणों पर 07 लाख 38 हजार 643 रूपये, अवैध परिवहन के 55 प्रकरणों पर 13 लाख 06 हजार 30 रूपये और अवैध भण्डारण के 14 प्रकरणों पर 07 लाख 82 हजार 152 रुपये की समझौता राशि वसूल की गई, जो प्राप्त लक्ष्य 30 लाख रूपए का 92.36 प्रतिशत है।

जिला खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामले में 87 प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं 28 लाख रूपए से अधिक की राजस्व वसूली की गई है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर एवं एसपी के निर्देशानुसार राजस्व, माइनिंग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खनिज संसाधनों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमलों द्वारा परिवहन विभाग के साथ मिलकर समय-समय पर वाहनों की जांच एवं कार्यवाही की जाती है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी और टास्क फोर्स समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्राम हथनीकला धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पथरिया विकासखण्ड के ग्राम हथनीकला धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समिति में अब तक कुल धान खरीदी, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन, रकबा समर्पण व उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समिति प्रबंधक को सुव्यवस्थित धान खरीदी करने और किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर और एसपी ने वहां उपस्थित किसानों से भी चर्चा की और पूछा कि धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या तो नही है। इस दौरान किसानों ने बताया कि उपार्जन केन्द्र में सुविधा अच्छी है। धान विक्रय में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है। किसानों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर ने किसानों को सायबर क्राईम से बचाव के लिए जागरूक करते हुए कहा कि पहले समय में चोरी का तरीका अलग था, लेकिन अब ठग मोबाईल से ओटीपी नंबर प्राप्त कर बैंक के खाते से पैसा निकाल लेते हैं। आज के समय में सायबर क्राइम लगातार बढ़ते जा रहा है, इसलिए सावधानी और सतर्कता जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कॉल करके आप से पैसा मांगता है या किसी भी प्रकार से डराने की कोशिश करता है, तो उससे डरना नहीं है। उसकी जानकारी प्रशासन को तत्काल देना है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि ठगी का शिकार हो जाता है, तो 1930 नम्बर पर कॉल कर इसकी जानकारी दें, इससे आपका पैसा सुरक्षित हो सकता है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, पथरिया एसडीएम बी. आर. ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए जागरूकता अभियान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस) से 10 दिसम्बर (मानव अधिकार दिवस) तक 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारो एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय सदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अनिता अग्रवाल इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से उपस्थित कामकाजी महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अंतर्गत जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति एवं आंतरिक शिकायत समिति की कार्य प्रणाली एवं उसके कानूनी महत्व, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 अंतर्गत हिंसा की रोकथाम हेतु पीड़िता को दी जाने वाली कानूनी सहायता, उपचार एवं पाक्सो एक्ट अंतर्गत नाबालिक बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम एवं बाल विवाह रोकथाम अधिनियम अंतर्गत नाबालिक बच्चों के विवाह कराये जाने पर कानूनी कार्यवाही एवं उसके प्रावधानों, मिशन शक्ति, सखी वन सटॉप सेंटर की कार्य प्रणाली एवं पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं, सहायताओं तथा महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रानिक शिकायत पोर्टल तथा आपातकालीन सेवाओं महिला हेल्पलाईन 181, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 के संबंध में विस्तारपूर्वक कानूनी एवं विभागीय जानकारी प्रदान करते हुये विभागीय योजनाओं का पॉम्पलेट वितरण कर प्रचार-प्रसार करते हुये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रियंका अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सत्यकला रामटेके प्रभारी महिला सेल व परिवार परामर्श केन्द्र, अधिवक्ता, विभिन्न विभागों में गठित स्थानीय एवं आंतरिक समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से अनुपमा सिंह कंवर संरक्षण अधिकारी नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर जांजगीर से एच. निशा खान केन्द्र प्रशासक, सरस्वती सोनी परामर्शदाता एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)**

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060825776119, श्री साई गर्ल्स वियर ( ऋणी ), विवेक कुमार जैन ( सहऋणी ), चन्दनमल जैन ( सहऋणी ), श्रीमती छोटी बाई ( सहऋणी ) | 14-जून-24 ₹ 3,11,839/- तीन लाख ग्यारह हजार आठ सौ उनतालीस रूपये मात्र 11-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 586 12 प्लॉट 28 ग्राम अंजोरा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर | 29-नवम्बर-24 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060117147641, विवेक कुमार जैन ( ऋणी ), राजेन्द्र कुमार जैन ( सहऋणी ), चन्दनमल जैन ( सहऋणी ), श्रीमती छोटी बाई ( सहऋणी ) | 15-जून-24 ₹ 7,58,677/- सात लाख अट्ठावन हजार छः सौ सतहत्तर रूपये मात्र 11-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 586 12 प्लॉट 28 आर एन एम दुर्ग 1, तहसील अंजोरा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर | 28-नवम्बर-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 03/12/2024 स्थान: छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

### ट्रंप की धमकी आर्थिक तनाव का कारण

**ट्रंप ने** डॉलर को किनारे छोड़ने के प्रयासों पर धमकी दी है जिससे वैश्विक आर्थिक तनाव पैदा हो गया है। अभी ट्रंप का राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू होना है, पर निर्वाचित राष्ट्रपति ने अमेरिकी नीति पर अपने विचार प्रकट किए हैं जो विकासशील देशों के लिए अच्छी खबर नहीं हैं। निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों-ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका व उनके विस्तारित गठबंधन को कठोर चेतावनी दी है जो अमेरिकी डालर के प्रभुत्व को चेतावनी दे रहे हैं। ट्रंप की घोषणा संभावित इन देशों से आने वाले सामानों पर 100 प्रतिशत टैरिफलगाने से संबंधित है जिससे वैश्विक स्तर पर आर्थिक तनाव पैदा हो गया है क्योंकि ब्रिक्स डालर का विकल्प तलाश रहा है। इस कदम से अमेरिका और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच टकराव पैदा हो गया है जो विश्व व्यापार संरचना को बदल सकता है। उम्मीद थी कि ट्रंप अमेरिका को कर्ज से बाहर निकालने के सभी संभव प्रयास करेंगे तथा उन देशों पर कठोर कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे जो अमेरिका से मित्रता के बावजूद उसके हितों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। दशकों से अमेरिकी डालर विश्व व्यापार का केन्द्र रहा है और व्यापार में व्यापक प्रयोग के कारण इसे अधिकांश देशों के लिए रिजर्व मुद्रा समझा जाता है। लेकिन ब्रिक्स देशों तथा अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ने विश्व वित्तीय व्यवस्था पर व्यापक नियंत्रण के प्रति बढ़ती निराशा प्रकट की है।



ब्रिक्स समूह में शामिल देश पहले ही नई विश्व मुद्रा लाने या डालर पर निर्भरता घटाने के लिए अपनी स्थानीय मुद्राओं के विस्तारित प्रयोग की चर्चा कर रहे थे। इस बात में कोई संदेह नहीं कि ट्रंप द्वारा ब्रिक्स देशों पर शत प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी एक संरक्षणवादी प्रयास है और वे अमेरिकी आर्थिक हितों की रक्षा के लिए अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहते हैं। वास्तव में ट्रंप को ऐसे कठोर निर्णयों की जरा भी चिन्ता नहीं है, भले ही सारी दुनिया उनकी विरोधी क्यों न हो जाए। पर्यावरण, व्यापार या सैनिक खर्चों, आदि के मामलों में ट्रंप ऐसे निर्णय लेने में सक्षम हैं जिन पर सारी दुनिया आगबबूला हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि डालर का प्रभुत्व घटाने का कोई भी प्रयास गंभीर नतीजों को जन्म देगा जिसमें अमेरिकी बाजार से बहिष्करण भी शामिल है। विकसित देशों के लिए बड़ी समस्या यह है कि वे अपनी आमदनी तथा राजस्व प्राप्त करने के लिए बड़ी सीमा तक अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं। ऐसे में ट्रंप द्वारा वैश्विक दक्षिण समेत अपने सहयोगियों व प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दंडात्मक उपाय लागू करने की घोषणा चिन्ताजनक है, फिर चाहे वे ऐतिहासिक रूप से अमेरिका से जुड़े रहे हों। ऐसे टैरिफ के व्यापक प्रभाव होंगे। इससे विश्व व्यापार प्रवाह में बाधा आएगी तथा आर्थिक तनाव बढ़ेंगे जिससे विकासशील देश अलग-थलग होंगे। शत-प्रतिशत टैरिफ से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं की कीमत बढ़ेगी जिसका प्रभाव अमेरिकी उपभोक्ताओं पर निर्भर उद्योगों पर पड़ेगा। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसी अर्थव्यवस्थायें निर्यात पर अत्यधिक निर्भर हैं और इस कदम से उनमें आर्थिक मंदी आ सकती है। लेकिन विडंबना है कि भले ही ट्रंप की धमकियां अनेक देशों के लिए हानिकारक हों, पर वे डालर का विकल्प तलाशने में और गतिशील होंगे। इसके साथ ही ट्रंप के कट्टरपंथी दृष्टिकोण से विकासशील देश एकसाथ आ सकते हैं। इससे ब्रिक्स समूह तथा अन्य समूह और मजबूत हो सकते हैं। वास्तव में टैरिफकी दीवाल ऊंची करना आज की दुनिया में अच्छी बात नहीं मानी जाती है, लेकिन ट्रंप की अपनी सोच बिल्कुल अलग है।

# चुनावी खैरातें: चिन्ता का विषय

चुनावों में खैरातें बांटने की बढ़ती प्रवृत्ति वित्तीय टिकाऊपन, प्रशासन तथा मतदाताओं की सोच पर इसके प्रभाव को देखते हुए चिन्ता का विषय है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**हाल ही** में महाराष्ट्र और झारखंड में हुए चुनावों में संबंधित राजनीतिक पार्टियों की सफलता का प्रमुख कारण खैरातें, यानी 'मुफ्त दी जाने वाली चीजें' हैं जो खासतौर से महिलाओं को लक्षित थीं। महाराष्ट्र में भाजपा नीत महायुति गठबंधन ने 'लड़की बहन नकद लाभ योजना' शुरू की जिसमें 2,50,000 रुपये वार्षिक से कम आय वाले परिवार में 21 से 65 आयुवर्ग की महिलाओं को 1,500 मासिक देने का प्रस्ताव था। बाद में इस धनराशि को बढ़ा कर 2,500 रुपये कर दिया गया था। झारखंड में 'मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना'-एमएमएसवाई के अंतर्गत हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली जेएमएम-कांग्रेस-राजद सरकार ने 18-25 आयुवर्ग वाली सभी महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक देने की योजना बनाई थी। बाद में इसकी धनराशि बढ़ा कर 2,500 रुपये महीने कर दी गई। खैरातों के माध्यम से चुनाव जीतने की प्रवृत्ति हर राज्य विधानसभा चुनाव में 2020 के बाद से दिखाई दे रही है, जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी इसी राजनीतिक शैली से पंजाब में 2022 में विजय प्राप्त की थी। वहां आम आदमी पार्टी-आप ने 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वाली हर महिला के खाते में 1000 रुपये प्रति माह जमा करने का वादा किया था। 2023 के शुरू में कर्नाटक में हुए चुनावों में कांग्रेस ने पांच गारंटियों का वादा किया था जिसमें 'गृह लक्ष्मी' योजना का बहुत प्रचार हुआ था। इसके अंतर्गत हर परिवार की महिला प्रमुख को 2000 रुपये प्रति माह दिए जाने थे। बाद में 2023 में मध्य प्रदेश में हुए चुनाव में भाजपा ने 'लाडली बहना योजना' के अंतर्गत 1,250 रुपये देने का वादा किया जिसे बाद में बढ़ा कर धीरे-धीरे 3,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया। छत्तीसगढ़ में उसने 'महतारी वंदन योजना' के अंतर्गत विवाहित महिला को 12,000 रुपये प्रति वर्ष देने का वादा किया। ओडिशा में 'सुभद्रा योजना' के अंतर्गत भाजपा ने सक्षम महिलाओं को हर साल दो किश्तों में कुल 10,000 रुपये देने का वादा किया। भावी चुनावों में सभी पार्टियों से ऐसी ही खैराती योजनायें लाने की आशा है। 2024-25 के बजट में दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना'-एमएमएसवाई की घोषणा की जिसके अंतर्गत आप सरकार राष्ट्रीय राजधानी में 18 वर्ष से अधिक आयु वाली हर महिला को 1000 रुपये प्रति माह देगी। अब अरविंद केजरीवाल ने छः 'रेवड़ियों' या खैरातों की घोषणा की है। इसमें मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज और वृद्ध लोगों के लिए तीर्थयात्रा शामिल हैं। खैरातों से चुनाव जीते जा सकते हैं, पर इनके अनेक नकारात्मक नतीजे भी सामने आते हैं। इनमें सबसे खतरनाक भ्रष्टाचार को बढ़ावा है।

केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित वित्तीय निष्ठा के मानकों में अन्य के साथ कहा गया है कि 'किसी अधिकारी को ऐसे खर्च की अनुमति की शक्ति नहीं होनी चाहिए जिसे किसी आदेश के अंतर्गत प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सिकी को लाभ देने के लिए दिया जाए। सार्वजनिक धन का खर्च किसी खास व्यक्ति या किसी खास वर्ग के लाभ के लिए नहीं होना चाहिए, जब तक कि किसी अदालत में यह दावा न किया गया हो अथवा यो खर्च स्वीकृत नीति या परंपरा के अनुरूप न हो।' करदाताओं के पैसे का धड़ल्ले से खैरातों पर प्रयोग करना न स्वीकृत नीति है और न इसकी अनुमति किसी अदालत ने दी है। यह स्पष्ट रूप से वित्तीय अनियमितता है जिसका उद्देश्य मतदाताओं को सार्वजनिक धन से रिश्वत देना है ताकि चुनावी राजनीति में लाभ प्राप्त हो सके। ऐसा भ्रष्ट व्यवहार उस व्यक्तिगत उम्मीदवार द्वारा किए व्यवहार से भी बहुत खराब है जो मतदाताओं को ललचाने के लिए सीधे पैसा बांटता हो। दूसरा, नियोजित तथा राजस्व प्राप्ति से संपूरित 'सामान्य' बजट खर्चों की तुलना में चुनावी घोषणापत्रों में वादा की गई खैरातों से राज्यों के बजट पूरी तरह 'अनियंत्रित' और 'अनियोजित' हो जाते हैं। अनियोजित होने के कारण इस दायित्व के लिए राजस्व सृजन की कोई व्यवस्था नहीं होती है और इसकी पूर्ति विकास खर्च समेत अनेक अन्य खर्चों में कटौती के माध्यम से की जाती है। इसके साथ ही इससे अतिरिक्त कर्ज लेना पड़ सकता है और कर्ज असाधारण स्तर पर पहुंच सकते हैं। पंजाब में आप द्वारा खैरातों के वादों के कारण प्रति वर्ष 20,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होता है।

बजट से इस खर्च की पूर्ति करने में अक्षम मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केन्द्र सरकार से 50,000 करोड़ रुपये की सहायता मांगी है। दिल्ली में प्रति माह 18 वर्ष से अधिक आयु वाली प्रति महिला को 1000 रुपये या साल में 12,000 रुपये देने के लिए खजाने पर हर साल 8,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। पहले ही राज्य सरकार को 2024-25 में 18,000 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा उठाना पड़ा है, यानी यह कुल राजस्व से अधिक खर्च है। यह 2023-24 में 10,000 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे से 80 प्रतिशत अधिक है। यह राज्य के पूंजीगत खर्च में 30 प्रतिशत की भारी गिरावट के बावजूद हुआ है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वित्त मंत्री आतिशी ने हाल ही में केन्द्र सरकार को राष्ट्रीय लघु बचत योजना फंड-एनएसएसएफसे 10,000 करोड़ रुपये कर्ज देने की प्रार्थना की है। कर्नाटक में पांच गारंटियों के कारण राज्य के बजट पर 60,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ा है जिससे उसका राजकोषीय घाटा बढ़ कर 122, 500 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि उप-मुख्यमंत्री को अपने बयान में कहना पड़ा है कि 'सरकार के पास विधायकों को विकास कार्यों के लिए देने को कोई पैसा नहीं है जिसका कारण चुनावी गारंटियां हैं।'

मध्य प्रदेश में वर्तमान 1250 रुपये प्रति माह की दर से लाडली बहना योजना की 12.5 मिलियन लाभार्थी हैं जिनसे सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 18,750 करोड़ रुपये का बोझ पड़ता है। यदि सहायता बढ़ा कर 3,000 रुपये प्रति माह कर दी जाए तो यह 45,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष हो जाएगा। महाराष्ट्र में लड़की बहन योजना से राज्य के खजाने पर हर साल 46,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। झारखंड व ओडिशा जैसे राज्य भी खैरातों का बोझ अनुभव कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जहां सामान्य कल्याण योजना में समाप्त करने की कोई तारीख होती है, पर खैरातों के मामलों में ऐसी कोई तारीख नहीं होती है। इसलिए वे 'हमेशा' लागू रहती हैं, भले ही किसी पार्टी का शासन हो और इसका राज्य के बजट पर लगातार बोझ पड़ता है।

खैरातों के लिए पैसा करदाताओं की जेब से जाता है। जब उनको पता चलता है कि उनके टैक्स का पैसा लोगों को खैरात बांटने में खर्च होता है तो इससे उनमें कर न देने की प्रवृत्ति पैदा हो सकती है। अधिकांश मूलभूत जरूरतें 'हमेशा' पूरी होने के लिए वित्तीय सहायता का आश्वासन मिलने के कारण खैरातों की संस्कृति लोगों में काम के प्रति लापरवाही पैदा करने का कारण बन सकती है। इससे आर्थिक प्रगति की नीव पर प्रहार होता है। इस स्थिति को देखते हुए राजनीतिक पार्टियां स्वयं कभी खैरातें बांटना नहीं छोड़ेंगी। क्या सर्वोच्च न्यायालय उनको ऐसा करने के लिए मजबूर कर सकता है? सर्वोच्च न्यायालय ने एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार एवं अन्य में जुलाई, 2013 में कहा था कि खैरातों का किसी प्रकार का वितरण सभी लोगों को प्रभावित करता है। उसने कहा, 'इससे बड़ी सीमा तक स्वतंत्र एवं स्वच्छ चुनाव की जड़ों पर प्रहार होता है। लेकिन चुनाव घोषणापत्र में किए वादों को लोक प्रतिनिधित्व कानून या किसी अन्य कानून के अंतर्गत भ्रष्ट व्यवहार नहीं कहा जा सकता है। इसलिए सत्तारूढ़ दलों द्वारा राज्य विधानसभा में विनियोग विधेयकों के माध्यम से स्वीकृत खैरात वितरण पर रोक नहीं लगाई जा सकती है।' सुप्रीम कोर्ट ने 25 जनवरी, 2022 को खैरातों पर एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए अपने दृष्टिकोण में बदलाव नहीं किया। उसने कहा, 'निसंदेह यह गंभीर मुद्दा है क्योंकि खैरातों के लिए बजट आम बजट से अधिक हो जाता है। इससे समान आधार बाधित होता है।' लेकिन इन टिप्पणियों से लाभ नहीं होगा। उसे सरकार को खैरातों पर लगाम लगाने का आदेश देना चाहिए।

# सीखना निरंतर जारी रहे

> सीखने को कला के रूप में समझना इसे एक सांसारिक कार्य से बदलकर आत्म-अन्वेषण और महारत की एक गहन यात्रा में बदल देता है, जिससे सीखने के लिए जुनून विकसित होता है जो कभी नहीं रुकेगा।

शाइनी शर्मा
(लेखिका शिक्षाविद हैं)



**सीखना** एक ज़रूरी और आजीवन प्रक्रिया है। यह मानव विकास और विकास की आधारशिला है। हालाँकि, ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया से परे सीखने की सूक्ष्म कला है - एक दृष्टिकोण जो जिज्ञासा, रचनात्मकता, अनुकूलनशीलता और खोज के लिए जुनून पर जोर देता है। जिज्ञासा - शब्द अपने आप में आजीवन सीखने के लिए ईंधन है। इसके मूल में, सीखने की कला में तथ्यों और कौशल के संचय से कहीं अधिक शामिल है। यह एक गतिशील प्रक्रिया है जो बौद्धिक, भावनात्मक और अनुभवात्मक आयामों को एकीकृत करती है। सीखना तब कलात्मक हो जाता है जब यह उद्देश्यपूर्ण, आनंददायक और किसी व्यक्ति के मूल्यों और आकांक्षाओं से गहराई से जुड़ा हो। एक कठोर, मानकीकृत दृष्टिकोण के विपरीत, सीखने की कला यह मानती है कि हर किसी के पास दुनिया को समझने के लिए अद्वितीय ताकत, रुचियां और तरीके हैं। यह शिक्षार्थियों को अपने व्यक्तित्व को अपनाने, विविध दृष्टिकोणों का पता लगाने और सीखने की प्रक्रिया में अर्थ खोजने के लिए प्रोत्साहित करता है क्योंकि ज्ञान केवल औपचारिक शिक्षा या किताबें पढ़ने से नहीं आता है बल्कि यह जीवन, बातचीत, अनुभवों और अप्रत्याशित मुठभेड़ों से आता है। व्यक्तियों को नए दृष्टिकोणों के लिए खुला रहना चाहिए, चाहे वे अलग-अलग संस्कृतियों, व्यवसायों या आयु समूहों से हों। कैरोल ड्वेक द्वारा प्रचलित विकास मानसिकता, यह विश्वास है कि समर्पण और कड़ी मेहनत के माध्यम से बुद्धिमत्ता और क्षमताओं को विकसित किया जा सकता है, जो एक निश्चित मानसिकता के विपरीत है जो मानती है कि क्षमताएँ स्थिर हैं।



विकास मानसिकता के साथ, असफलताओं को अक्सर असफलताओं के बजाय सीखने के अवसर के रूप में देखा जाता है जबकि चुनौतियों को सीखने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में स्वीकार किया जाता है। कोई कितना भी जानता हो, हमेशा बढ़ने की गुंजाइश होती है। विनम्र रहना, और दूसरों से प्रतिक्रिया, आलोचना और रचनात्मक इनपुट के लिए खुला रहना किसी व्यक्ति को अपनी समझ को बेहतर बनाने और परिष्कृत करने में मदद कर सकता है।

सीखने की कला को बढ़ाने वाला एक और महत्वपूर्ण कारक जुनून की कला है। जो शिक्षार्थी अपनी रुचियों के अनुरूप विषयों का अध्ययन करते हैं, वे प्रवाह की स्थिति में प्रवेश करते हैं, जहाँ प्रयास सहज लगता है, और प्रक्रिया आंतरिक रूप से पुरस्कृत हो जाती है। जुनून प्रेरणा को बनाए रखता है और गहन जुड़ाव को बढ़ावा देता है, जिससे महारत हासिल होती है। अपने आप को समान विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ घेरना जो सीखने को प्राथमिकता देते हैं, चर्चाओं में शामिल होते हैं, कार्यशालाओं में भाग लेते हैं या परियोजनाओं पर सहयोग करते हैं, एक व्यक्ति को सीखने और बढ़ने के लिए चुनौती देते हैं।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सबसे प्रतिभाशाली दिमाग वाले लोग ऐसे सवाल पूछते हैं जिन्हें दूसरे लोग हल्के में ले सकते हैं। किसी को क्यों और कैसे पूछने की आदत डालनी चाहिए और न केवल अमूर्त विचारों के बारे में बल्कि रोज़मर्रा की स्थितियों में भी, क्योंकि ये सवाल किसी की सोच की सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं और गहरी अंतर्दृष्टि की ओर ले जा सकते हैं। यह हमेशा तब होता है जब कोई व्यक्ति जीवन भर सीखने को अपनाता है, जो व्यक्तिगत और साथ ही पेशेवर परिवर्तन के लिए संभावनाओं, विचारों और अवसरों की दुनिया के लिए खुद को खोल सकता है। सीखने को कला के रूप में समझना इसे एक सांसारिक कार्य से बदलकर आत्म-अन्वेषण और महारत की एक गहन यात्रा में बदल देता है, जिससे सीखने के लिए जुनून विकसित होता है जो कभी नहीं रुकेगा।

## आप की बात

### फ्लाईओवर का मोह

**जब भी हमारे** नगरों में ट्रैफिक जाम का जिक्र होता है, प्रशासन और हमारे नेताओं का पहला और आखिरी जवाब होता है- फ्लाईओवर बनाएंगे। सड़क पर जगह नहीं बची? ऐसा लगता है कि हर समस्या का समाधान सिर्फ ऊपर से ही निकाला जा सकता है। सड़कें गड्ढों से भरी हों, सार्वजनिक परिवहन का नामो-निशान न हो, पर फ्लाईओवर बना दो, सब ठीक हो जाएगा! फ्लाईओवर ट्रैफिक समस्या का हल नहीं, बल्कि ऊपर से देखने का नजरिया है। फ्लाईओवर का निर्माण हमारे बजट का ऐसा हिस्सा बन गया है, जैसे चाय में चीनी। हर कोने पर फ्लाईओवर बनाना उतना ही जरूरी समझा गया है जितना राजनीति में वादे करना। पर सवाल ये है कि क्या ये फ्लाईओवर सच में हमारी समस्याओं का समाधान हैं या सिर्फ आंखों का धोखा? सरकार और प्रशासन का फ्लाईओवर प्रेम देखकर लगता है कि जमीन पर रहना उन्हें अपमानजनक लगता है। ऊपर चलने वालों का ही ऊपर नाम होता है, शायद यही सोचकर हर शहर/नगर में फ्लाईओवर की बाढ़ आ गई है। लेकिन जरा सोचिए, इन फ्लाईओवर्स से क्या वाकई ट्रैफिक का हल निकला है, या बस समस्या को ऊ पर पहुंचा दिया गया है? जिस नगर में सड़कें गड्ढों से भरी हों, जहां पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ पार्किंग स्थल बन चुके हों, वहां फ्लाईओवर की चकाचौंध एक दिखावा भर है।

**-आर.के. जैन,** बड़वानी

### इन्टरनेट पर अश्लीलता

**संस्कार** रहित शिक्षा किसी भी परिवार,जाति अथवा राष्ट्र के पतन का कारण बन जाती है। आज शिक्षा का उद्देश्य मात्र आर्थिक आधार बनकर रह गया है। दुर्भाग्य तो यह भी है कि परिवार भी संस्कारों से कोसों दूर होते नजर आ रहे हैं। दो वर्ष के होते-होते बच्चे के हाथ में मोबाइल आ जाता है। रही सही कसर आन लाइन शिक्षा ने पूरी कर दी। आज आए दिन पर्यावरण व मौसम को लेकर प्रशासन द्वारा विद्यालयों को बन्द करने और आन लाइन शिक्षा के आदेशों ने संस्कारों और अनुशासन को शिक्षा से दूर कर दिया है। जो बालक में अवसाद और एकान्तता की पैठ को बढ़ावा दे रहे हैं। इन्टरनेट पर आज अश्लील और आपराधिक सामग्री की भरमार है। जिस बालक को शैक्षिक प्रयोग के लिए माता पिता मोबाइल पकड़ा रहे हैं, अब उस बच्चे पर निर्भर करता है कि वो उसका प्रयोग किस शिक्षा के लिए कर रहा है? बच्चों का अपसंस्कृति की तरफ आकर्षित होने में माता-पिता भी बराबर के दोषी हैं। यह सुखद है इस समस्या की तरफ सबसे पहला क़दम आस्ट्रेलिया जैसे देश ने बढ़ाया है। जहां की सरकार ने 16 वर्ष के कम आयु के बच्चों के लिए इन्टरनेट के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। अब देखना यह है कि भारत सरकार इस तरफ कब ध्यान देगी? क्योंकि अश्लीलता से बच्चों को बचाना बहुत जरूरी है। नहीं तो उनके कोमल मन पर गलत प्रभाव पड़ेगा।

**-डॉ. नरेन्द्र टोंक,** मेरठ।

### हाईब्रिड आयोजन ही निदान

**पाकिस्तान** के हालात बद से बद्तर है। राजनैतिक विवादों के कारण कई पाकिस्तानी शहरों में हिंसा हुई है। आत्मघाती हमले और सेना पर निशाने साधने से लोगों के साथ ही वहां होने वाले आयोजन भी खटाई में पड़ते दिख रहें हैं। हाल ही में इमरान खान के पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस्लामाबाद में जिस तरह बवाल काटा उससे अगले साल वहां होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन पर संकट के बादल मंडराना शुरू हो गए है। सुरक्षा कारणों और राजनैतिक अशांति की वजह से श्री लंका ए को भी अपने दौरे को छोड़ कर स्वदेश लौटना पड़ा है। वहां के ताज़े हालात इस बात को समझने के लिए काफी है कि ऐसे हालातों मे वहां आयोजन कितने सुरक्षित रहेंगे? आने वाले दिनों में हो सकता है ट्राफी खेलने खेलने वाले अन्य देश भी इसी वजह से हाथ खड़े कर दे। भारत पहले ही पाकिस्तान में खेलने से मना कर चुका है। अब हाइब्रिड आयोजन ही एक मात्र उपाय है और इसके लिए प्रतिभागी देश सहमत भी हो जायेंगे। हाइब्रिड आयोजन के लिए पाकिस्तान का सहमत होना एक अच्छा संकेत है? अब इसी के अनुरूप कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए। क्योंकि हमारे अपने ही नहीं, किसी देश के खिलाड़ियों की सुरक्षा को खतरे में नहीं डाला जा सकता है। पाकिस्तान की स्थिति बहुत ही चिंताजनक है।

**-अमृतलाल मारू,** इन्दौर

### जीवन अधिक महत्वपूर्ण

**पर्वतारोहण** पर सदियों से जान जोखिम में डालकर में डालकर लोग रोमांच का अनुभव करते हैं। सर्वप्रथम हिमालय पर पहुंचकर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग शेरपा ने दुनिया को रोमांचित कर दिया था। अब पर्वतारोहण के लिए कई हत्या आधुनिक संसाधन उपलब्ध हो गए हैं। और पुरुषों के साथ महिलाएं भी पर्वतारोहण कर रही हैं। जीने जीवन का असली रोमांच अनुभव करना है । जान की परवाह नहीं करते और अपनेजीवन का अधिकतम रोमांच अनुभव करते हैं।अब सिर्फ पर्वतारोहण ही नहीं वल्कि समुद्र की तलहटियों अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक मानव अपनी जान की परवाह किए बिना भावी पीढ़ी के लिए नए रास्ते खोज रहे हैं। सुनीता विलियम्स अभी भी अंतरिक्ष में अपने जीवन केलिए संघर्ष कर रही हैं। यह आदिवासी पृथ्वी पर लौट आई है तो यह एक चमत्कार होगा और इतने लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली दुनिया की पहली महिला होगी! आगे भी मानव ने खतरे उठाकर नई-नई रोमांच लेता रहेगा! लेकिन हमें ध्यान रखना चाहिए कि जीवन को खतरे में डालकर कोई भी रोमांच अच्छा नहीं है।

**-विभूति बुपक्या,** खाचरोद,

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# किसानो की उपज में मारा जा रहा कांटा, प्रत्येक बोरा में 500 से 700 ग्राम अधिक लिया जा रहा धान

## पूर्व मंत्री अनिला भेड़ियाँ ने पिरीद और लाटाबोड़ सहायक प्रबंधक को लगाई फटकार, किसानों का एक एक दाना बराबर तौलकर खरीदने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com







कांग्रेस की धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत पूर्व मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया और संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने डौंडीलोहारा विधानसभा अंतर्गत मालीघोरी, गुंडरदेही विधानसभा अंतर्गत पिरीद और संजारी बालोद विधानसभा अंतर्गत लाटाबोड़ धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में आए किसानों से भी चर्चा की और धान के बोरो को इलेक्ट्रॉनिक तराजू में स्वंय सामने तौलाकर देखा, तो उन्होंने पाया कि किसानों से प्रत्येक बोरो में 500 ग्राम से 700 ग्राम तक धान अतिरिक्त लिया जा रहा है। कोई बोरा 41.100, 41.300 तो कोई बोरे में 40.090 किलो धान है। जबकि प्रत्येक बोरे में बारदाने सहित कुल 40 किलो 600 ग्राम लेने का नियम है। पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने पिरीद और लाटाबोड़ उपार्जन केंद्र के सहायक समिति प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाते हुए किसानों से धान की खरीदी सुचारू और व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। वही तौल करने वाले ठेकेदार पर भी कार्यवाही करने की बात कही। वही केंद्रों में आये किसानो ने बताया कि उनके द्वारा केंद्र में 100 से अधिक बोरा धान बेचा गया है। यानि कि 500 ग्राम के हिसाब 50 किलो धान एक्स्ट्रा लिया जा रहा है। केंद्रों में आये हर किसानो से तौल में कांटा मारा जा रहा है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत सभापति धनेश्वरी सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, डौंडीलोहारा जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर, गोपाल प्रजापति, नरेंद्र सिन्हा, कमलेश श्रीवास्तव सहित तमाम कांग्रेसीजन मौजूद रहे।

**पायनियर एक्सपोज**

### सुखत की भरपाई करने किसानों से तौल में के रहे अधिक धान : अनिला

वही इस दौरान पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अभी तक केंद्रों में बारदानों की किल्लत थी, पता नही कितने दिन के लिए बोरो की व्यवस्था किये है। ऑनलाइन टोकन में भी गड़बड़ी हुई, ऑफलाइन काट नही रहे हैं। अब केंद्रों में निरीक्षण के दौरान पाए है कि किसानों से धान अतिरिक्त लिया जा रहा है। तौल में भी सहायक प्रबंधक से मिलीभगत कर 300 से 600 ग्राम एक्स्ट्रा लिया जा रहा है। जहां 40.600 लेना है, बारदाने के साथ। तो वही जांच के दौरान 41.090 व 41 किलो 100 ग्राम लेना पाया गया। पिरीद और लाटाबोड़ केंद्र में ज्यादा तौल करना पाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तौल और वजन दोनों तरफ से किसानों की उपज में कांटा मारा जा रहा हैं। सरकार ने एकमुश्त 3100 देने का वादा भी की थी, और आज 2300 रुपये किसानों को दे रहे है। एक साल जब चुनाव था, तब दिए, अब लगता है कि चुनाव के आखिरी साल में देंगे। सभी तरफ से किसान परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि केंद्रों से धान कही भी नही उठ रहा है, जाम की स्तिथि है। आने वाले दिनों में जो सुखत कि स्तिथि बनेगी, इसीलिए इसे कवर करने किसानों से अतिरिक्त धान लिए जा रहे हैं।

### भाजपा सरकार को लूटने के लिए सिर्फ किसान दिखते है : संगीता


संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि लाटाबोड़ केंद्र में जहां किसानों से 40.600 किलो धान लेना है, (बारदाना वजन के साथ) तो किसानों से 41.100 और 41.090 किलो धान लिया जा रहा है। हर बोरो में 500 ग्राम धान अधिक लिया जा रहा हैं। जो केंद्र में।धान तौल रहे थे, उनका कहना है कि प्रबंधक का आदेश हैं। ये सरकार करना क्या चाहती है, सिर्फ किसान दिखते है, इन्हें लूटने के लिए। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक तराजू में जब 20 किलो के बांट को तौला कर देखा गया तो उसमें भी 30 ग्राम की कमी आई। खरीदी केंद्रों में बारदानों की और न ही टोकन की उचित व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि पिरीद और लाटाबोड़ सोसायटी में अगर एक बोरे में 500 ग्राम धान अधिक लिए जा रहे है, तो बाकी अन्य केंद्रों में भी क्या स्तिथि होगी, इसी से अंदाजा लगाया जा सकता हैं।

### 41 किलो 200 ग्राम लिया जा रहा धान

ग्राम लाटाबोड़ निवासी किसान निर्मल कुमार साहू ने बताया कि तौल करने वाले ठेकेदार के द्वारा 41 किलो 100 ग्राम धान तौला जा रहा है, और हम जब इसका विरोध किये तो उसने कहा कि ऊपर से ऑर्डर आया है, मेरे द्वारा 169 और 80 कट्टा धान बेचा गया है, अब 500 ग्राम के हिसाब से 124 किलो से अधिक धान लिया गया है। ग्राम लाटाबोड़ निवासी किसान परमानंद साहू ने बताया कि उनके द्वारा 92 कट्टा धान बेचा गया है, जहां 40.600 लेना था वही 41.200 किलो धान ले रहे है।

# साहित्य संस्था राष्ट्रीय कवि संगम के जगदीश मित्तल परमार्थी के 75वें जन्मदिन पर हुआ भव्य सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ◀ थान खमरिया
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय कवि संगम रायपुर इकाई द्वारा जलविहार कॉलोनी, रायपुर स्थित रोटरी क्लब रायपुर में राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल परमार्थी के 75वें जन्मदिन को अमृत महोत्सव एवं एक दिवसीय काव्य महोत्सव के रूप में मनाया गया। यह अमृत महोत्सव प्रातः 11 बजे प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्व प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस स्वागत के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न स्थानों से पधारे साहित्यकारों ने अध्यक्ष को पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत-सम्मान किया। प्रांतीय अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने जगदीश मित्तल के व्यक्तिव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को उनको जीवन के त्याग और समर्पण से प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्शों के उपरांत उनसे करीब से जुड़े बहुत से लोगों ने उनके प्रति उद्गार प्रकट किए। जिसमें बेमेतरा जिले से प्रांतीय सलाहकार महेन्द्र विरदी ने संबोधित करते हुए कहा जैसे समुद्र ऊपर से धीर गंभीर होते हुए भी अपने अंदर विशाल सामुद्रिक संपदा समये रहता है आपका व्यक्तित्व भी इसी प्रकार का है आपकी सादगी को हम सलाम करते हैं आपकी सहजता को नमन करते हैं हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं आपका यशस्वी जीवनऐसा ही बने रहे और हम सभी पर आपका स्नेह बना रहे, जन्मदिन की बधाई इन शब्दों में जहां भी जाएगा तू रोशनी लुटाएगा, किसी चिराग का अपना मकां नहीं होता। साथ ही उपस्थित प्रबुद्धजनों ने अपनी बात कहते हुए लोगों ने उनके काव्य के प्रति समर्पित इस जीवन यात्रा के बारे में एवं उनके सरल व्यक्तिव के बारे में बताया जिसमें विशेष रूप से प्रांत अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, सुधीर शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री महेश शर्मा, कमल शर्मा, उर्मिला देवी आदि ने अपने उद्गार व्यक्त किए। उसके साथ ही प्रांत से आए अनेक कवियों ने इस महोत्सव में अपने काव्य पाठ की भी प्रस्तुति दी। सभी के काव्य पाठ एवं उद्बोधन के उपरांत, राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्तल जी ने सभी के प्रति आभार जताया एवं उन्होंने अपने उद्बोधन से राष्ट्र जागरण, समर्पण एवं देश सेवा के भाव उजागर कर देश एवं देश वासियों की निःस्वार्थ सेवा का संदेश दिया। उन्होंने उद्बोधन में अपनी जीवन यात्रा से जुड़ी बहुत सी बातें साझा कीं। कार्यक्रम का संचालन सीमा श्रीवास्तव ने किया और आभार प्रदर्शन प्रांतीय उपाध्यक्ष कमल ने किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से बेमेतरा जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष कमल शर्मा, प्रांतीय मार्गदर्शक महेन्द्र विरदी, दस्तावेज लेखक संघ के महामंत्री विनोद शर्मा, निधि साहू की उपस्थिति रही।

# खरीदी केन्द्रों में की गई बेहतर व्यवस्था से धान की बंपर आवक

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए उनके उपज का उचित दाम दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु राज्य में शुरू की गई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना अपने उद्देश्यों पर पूरी तरह से फलीभूत हो रहा है। राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत धान खरीदी के कार्य को सुगम एवं पूरी तरह से पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से धान खरीदी केन्द्रों में की गई चाक-चौबंद व्यवस्था से जिले के नगरीय एवं मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ जिले के सुदूर वनाचंल एवं ग्रामीण क्षेत्रों के धान खरीदी केन्द्रों में भी बंफर धान की खरीदी हो रही है। राज्य शासन के प्रति क्विंटल 3100 रुपये की दर से प्रति एकड 21 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय के फलस्वरूप इन क्षेत्रों में निवासरत समाज के सभी वर्गों के लोगों के अलावा आदिवासी समाज के कृषकों के द्वारा भी समर्थन मूल्य पर अपनी धान की बिक्री हेतु विशेष रूची दिखाई दे रही है। शासन के इस जन हितैषी निर्णय एवं धान खरीदी केन्द्रों में की गई बेहतर व्यवस्था का परिणाम है कि जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल में स्थित ग्राम कुंआगोंदी के धान खरीदी केन्द्र में 29 नवंबर तक 220 कृषकों के द्वारा कुल 9132.40 क्विंटल धान की बिक्री की जा चूकी है। इस तरह से धान खरीदी केन्द्र कुंआगोंदी में अब तक 02 करोड़ 11 लाख 20 हजार 288 रुपये की धान की खरीदी की जा चूकी है। धान खरीदी योजना के नई व्यवस्था के तहत धान बिक्री के 72 घण्टे की अवधि में किसानों के खाते में राशि जमा होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। इस तरह से अन्य क्षेत्रों की भाँति धान खरीदी योजना के तहत उनके मेहनत का शीघ्र मेहनताना मिलने से वनांचल के किसानों के घरों में भी खुशियाँ आ रही है।

# अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक, के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

19 से 28 नवंबर 2024 तक दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें अंजोर कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता तथा मितान कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग परिशहर में आयोजित 'अंजोर' कार्यक्रम में डेयरी पॉलीटेक्निक, चोरभट्ठी बेमेतरा के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्विज प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी सत्यजीत सोनवानी तथा अरूण कुमार ने तृतीय स्थान एवं तत्काल पेन्टिग प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी सत्यजीत सोनवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा में आयोजित मितान' के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में डेयरी पॉलीटेक्निक, चोरभट्ठी बेमेतरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेडमेन्टन सिंगल प्रतियोगिता प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी नेहा नामदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कबड्डी में टीम का हिस्सा रहे संजय निषाद और हेमंत रजक ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया तथा खो-खो टीम का हिस्सा रही कुमारी नेहा नामदेव एवं कुमारी मनीषा निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए पुरस्कार प्रदान किये।

# नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारीयों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। बेमेतरा जिला मुख्यालय में स्थित तहसील मुख्यालय के सामने छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अंतर्गत अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इन लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बेमेतरा ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया है नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी की मांगों के संबंध में अनिश्चित कालीन हड़ताल में शामिल है। आगे बताया गया है कि कुल 184 नगरीय निकायों में विगत 15-20 वर्षों से कार्यरत लगभग 20,000 प्लेसमेंट, आउटसोर्सिंग, ठेका कर्मचारी (उच्च कुशल/ कुशल/ अर्द्धकुशल/ अकुशल) का छ.ग. स्तर का संगठन है। महासंघ कर्मचारियों के हितार्थ अपनी मांग को लेकर विगत वर्षो से निरंतर संघर्षरत है। प्रमुख मांगों में नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ठेका प्रथा समाप्त किया जावे,निकाय में विगत 5-8-10 वर्ष से कार्यरत कर्मचारियों का नियमितिकरण किया जाएं, शासन की घोषण अनुसार अन्य विभागों के तर्ज पर 4000 रूपये प्रति माह श्रम सम्मान राशि प्रदान किया जावे, इसके साथ ही निकाय स्तर की मांग पर नगर पालिका परिषद बेमेतरा में माह मई 2022 से जुलाई 2023 तक का आज तक लंबित ई.पी.एफ एवं ई.एस.आई.सी. राशि का भुगतान किया जाएं, प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जाएं। शासन द्वारा हमारी मांगों का गंभीरता से नहीं लेने के कारण महासंघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल दौरान निकाय के समस्त मूलभूत सुविधा जैसे सफाई कार्य, जल कार्य, विद्युत कार्य, कार्यालयीन कार्य, लोक सेवा कार्य सब बंद रहेंगे।

# मानव की मानसिकता में बदलाव से ही वास्तविक सुख की प्राप्ति होगी : अंकिता पोगुला

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर आधारित छह दिवसीय युवा कार्यशाला सार्वभौमिक सुख, शिक्षा और सामाजिक एवं प्राकृतिक व्यवस्था को समझने के लिए आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना गीत से किया गया। शिविर के प्रबोधक मानव तीर्थ से शिक्षाविद् एवं फिल्म निर्माता अंकित पोगुला रहें। उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में मानव की मानसिकता में बदलाव लाने, शब्दों का सही अर्थ जानने, शिकायतों का समाधान ढूंढने की आवश्यकता हैं। मानव की चेतना को जीव चेतना से मानव चेतना में रूपांतरण करने से ही वास्तविक सुख की प्राप्ति होती हैं। जीव चेतना से दीनता, हीनता व क्रूरता आती हैं, जबकि मानव चेतना से धीरता, वीरता व उदारता का विस्तार होता हैं। इसी क्रम से स्वयं में समाधान, परिवार में समृद्धि, समाज में अभयता, प्रकृति में संतुलन स्थापित होता है। दैनिक दिनचर्या में ध्यान, अभिप्रेरणा, लक्ष्य, मेहनत व आत्मविश्वास को स्वयं के नियंत्रण में लाने का सुझाव दिया। शिविर के पांचवें दिन विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए मानव तीर्थ कीरतपुर ले जाया गया, जहां जीवन जीने के सही अनुभवों से परिचित कराया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल एवं अविनाश तिवारी ने विद्यार्थियों को जीवन विद्या परिचय शिविर के महत्व को समझाया व जीवन में इसे सही भाव से लाने के लिए प्रेरित किया। छठवें दिन विद्यार्थियों के लिए मूल्यांकन सत्र रखा गया। आईटीआई कोपा के छात्र किशन कुमार ने कहा कि जीवन के प्रयोजन को समझकर हमें सही दिशा में अग्रसर होना हैं। आईटीआई कोपा के छात्र ज्ञानदास चतुर्वेदी ने बताया कि मानव चेतना की समझ से जीवन में संतुलन स्थापित होगा। आईटीआई कोपा की छात्रा प्रियंका देवांगन ने लक्ष्य व माध्यम के अंतर में समझ की स्पष्टता को साझा किया। आईटीआई कोपा के छात्र झलक वैष्णव ने दिनचर्या के नियमों में सॉफ्ट स्किल एवं हार्ड स्किल में सामंजस्य लाने पर विचारों को रखा। आईटीआई स्टेनो की छात्रा मोनिका पण्डा ने कहा कि मानव स्वयं को जानकर सभी कार्य को संपन्न कर सकता हैं। आईटीआई इलेक्ट्रिशियन के छात्र राकेश कुमार ने प्रकृति के साथ तालमेल एवं समाज को शिक्षा के माध्यम से जागरूक रखने में समझ बनने की बात को रखा।

# मेड़की में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनने भक्तों की उमड़ी भारी भीड़







पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से 3 किमी दूरी पर स्थित ग्राम मेड़की में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनने भक्तों की भारी भीड़ रही। ग्राम नेवारीकला के कथा व्यास पंडित लोकेश शर्मा ने भगवान की महिमा बताते हुए ध्रुव के चरित्र और सती चरित्र का वर्णन किया। कथा के दौरान दिव्यभाव से हनुमान जी की आकर्षक झांकी निकाली गई। झांकी का मौजूद सभी भक्तों ने भक्तिभाव से दर्शन किया। कथा के दौरान बीच बीच में भजन कीर्तन किया गया, जिसमे महिलाए मग्न मुग्ध होकर नाचते रहे।

### मनुष्यों को ध्रुव की तरह स्थिर रहकर ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए

पंडित लोकेश शर्मा ने ध्रुव चरित्र वर्णन किया।उन्होंने कहा कि मनुष्यों को ध्रुव की तरह स्थिर रहकर ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए, प्रत्येक मनुष्य को ध्रुव की तरह स्थिर रहकर ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए, प्रत्येक मनुष्य को ध्रुव की तरह स्थिर रहकर ईश्वर की प्रति सच्ची भक्ति करनी चाहिए, सच्ची भक्ति का तात्पर्य बताते हुआ कहा कि इस संसार में सभी मनुष्यों को चाहिए वह इस संसार में रहकर सांसारिक कार्यों को करते हुए भी ईश्वर से सच्ची भक्ति कर सकते है। प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन सुबह और शाम के समय बीस बीस मिनट का कीमती समय निकालकर उस ईश्वर के प्रति समर्पित होकर ईश्वर का प्रतिदिन ध्यान करना चाहिए। क्यों कि जिस ईश्वर ने हमें जन्म देकर इस भौतिक संसार में जोड़ा है। हम इस संसार में रहकर दुखो को भोगना पड़ता है। श्रीमद् भागवत कथा में यजमान धनराज साहू, प ी पराग साहू व ओंकार भारद्वाज की प ी गीता भारद्वाज सहित ग्राम की महिलाए व पुरुष बड़ी सख्या शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे है।

### माता सती का जहां जहां शरीर का अंश गिरा वहां वहां स्थापित हो गया शक्तिपीठ माता

कथा व्यास पंडित लोकेश शर्मा ने कहा कि माता सती के पिता दक्ष ने एक विशाल यज्ञ किया और उसमें अपने सभी संबंधियों को बुलाया था लेकिन बेटी सती के पति भगवान शंकर को नहीं बुलाया,जब सती को यह पता चला तो उन्हें बड़ा दुख हुआ।उन्होंने भगवान शिव से उस यज्ञ में जाने की अनुमति मांगी लेकिन शिव ने उन्हें यह कहकर मना कर दिया कि बिना बुलाए जाने से इंसान के सम्मान में कमी आती है। माता सती ने शिव जी बातों को नहीं मानी और राजा दक्ष के यज्ञ में पहुंच गई, वहां सती ने अपने पिता सहित सभी को बुरा भला कहा और स्वयं को यज्ञ के अग्नि में स्वाह कर दिया। जब भगवान शिव को पता चला तो उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोलकर राजा दक्ष की नगरी को तहस नहस कर दिया। पंडित लोकेश शर्मा ने कहा कि सती का शव लेकर घूमते रहे। जहां जहां शरीर का अंश गिरा वहां वहां शक्तिपीठ माता स्थापित हो गया।

# कलेक्टर शर्मा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा जिला मुख्यालय स्थित श्री राम एकेडमी जो कि एक निःशुल्क कोचिंग सेंटर है, का दौरा किया। वहां उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को महत्वपूर्ण परीक्षा तकनीकों और रणनीतियों के बारे में जानकारी दी, जिससे उन्हें अपनी तैयारी को बेहतर बनाने में सहायता मिले। उनके इस प्रेरणादायक कदम से छात्रों को आत्मविश्वास मिला और वे अपने लक्ष्य की ओर और दृढ़ता से बढ़ने के लिए प्रोत्साहित हुए। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने श्री राम एकेडमी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को करियर गाइडेंस की जानकारी भी दी। उन्होंने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में बताया और यह भी समझाया कि किस प्रकार सही दिशा में मेहनत और योजना बनाकर वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

# हायर सेकंडरी स्कूल बेमेतरा में आन्तरिक व्यक्तित्व विकास कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आन्तरिक व्यक्तित्व विकास कार्यशाला की शुरुवात हुई। कार्यक्रम की रुपरेखा स्कूल मैनेजमेंट और ब्रह्माकुमारी शशि दीदी जी के माध्यम से संचालित हो रही है। स्कूल के छात्र बहुत ही रूचि से आन्तरिक व्यक्तित्व विका कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। ब्रह्माकुमारी शशि दीदी जी ने एकाग्रता की शक्ति कैसे बढ़ाएं और सकारात्मक सोच विषय पर स्कूल के छात्रों को अभ्यास कराया। शशि दीदी ने बताया कि हर किसी की लाइफ में ऐसा काम होता है जिसके लिए उसे एकाग्र मन की जरूरत होती है ताकि वह पूरे फोकस के साथ उस काम को करे और वह सफल हो जाए। उन्होंने मन की एकाग्रता बढ़ाने के कई टिप्स बच्चों को सिखाये। जिसमें सही माहौल का चुनाव, प्लानिंग करना, मन का व्यायाम करें, योग करें, पर्याप्त नींद लें, अनुशासित रहें, सकारात्मक सोच क्या है?, सकारात्मक मानसिकता रखना क्यों महत्वपूर्ण है? सकारात्मक सोच की शक्ति आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। सकारात्मक सोच के स्वास्थ्य लाभ आपको भी आश्चर्यचकित कर सकते हैं। आभारी होना याद रखें, आप अपने जीवन में कई चीज़ों के लिए आभारी हो सकते हैं, चाहे वह बड़ी हो या छोटी, जैसे कि आपका परिवार आपके आस-पास हो या काम पर जाते समय बारिश न हो। आप जिस चीज़ के लिए आभारी हैं, उसे लिख लें और उसे आभार पत्रिका में रख लें । जब आप निराशावादी या परेशान महसूस कर रहे हों, तो अपने मूड को बेहतर बनाने के लिए अपने जीवन में किन चीज़ों के लिए आभारी हैं, इस पर विचार करे, परिस्थितियों को वैसे ही स्वीकार करें जैसे वे हैं, यदि आप किसी नकारात्मक परिस्थिति में हैं, तो इनकार करने और यह दिखावा करने का कोई मतलब नहीं है कि ऐसा कभी हुआ ही नहीं। उदाहरण के लिए, यदि आपका भाई कार लेकर गया है और आपको किसी अपॉइंटमेंट पर पैदल जाना है, तो स्थिति को फिर से तैयार करें: इससे आपको कुछ व्यायाम और ताज़ी हवा लेने का मौका मिलता है। अपने नियंत्रण के स्थान को समझें। जो आप बदल नहीं सकते उसे स्वीकार करें और इसके बजाय सकारात्मक चीजों के बारे में सोचने की पूरी कोशिश करें। उन क्षेत्रों की पहचान करें जिन पर आपको काम करने की आवश्यकता है। क्या कोई ऐसी विशेष परिस्थिति या वातावरण है जो आपको अविश्वसनीय रूप से निराशावादी बनाता है? यदि आप उन क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं जो चीजों के प्रति आपके सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रभावित करते हैं, तो आप उन रणनीतियों पर काम करना शुरू कर सकते हैं जो मदद करेंगी। चुनौती का मज़ा लेने की कोशिश करें। अगली बार, काम पर जाते समय सुनने के लिए संगीत की एक मज़ेदार प्लेलिस्ट बनाएँ। ऐसे लोगों या जगहों से दूर रहें जो वास्तव में आपकी ऊर्जा को खत्म करते हैं, और सकारात्मक लोगों के साथ ज़्यादा समय बिताने की कोशिश करें।, हंसना याद रखें, अपने दैनिक जीवन में हास्य खोजने की पूरी कोशिश करने से आपको सकारात्मक पक्ष देखने में मदद मिलती है। यह आपके तनाव के स्तर को प्रबंधित करने और आपकी हृदय गति को कम करने में भी मदद करता है, जिससे संभावित रूप से आपके शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। अगर आप हंस नहीं सकते तो कम से कम मुस्कुराइए। खुद के साथ हंसने से आपको अपनी गलतियों को स्वीकार करने और खुद को शांत करने में मदद मिल सकती है। सकारात्मक सोच आपको किसी भी स्थिति या वातावरण के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलने में मदद करती है।

# ग्राम हथनीकला के युवाओं की मांग पर मैदान में 400 मीटर रनिंग ट्रैक, समतलीकरण सहित विभिन्न सुविधाओं का विकास किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा पथरिया विकासखंड के ग्राम हथनीकला के युवाओं की मांग पर मैदान में 400 मीटर रनिंग ट्रैक, समतलीकरण सहित विभिन्न सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। बता दें कि गत दिवस ग्राम के युवाओं ने जनदर्शन में कलेक्टर राहुल देव से पुलिसबल सहित विभिन्न भर्तियों में शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी हेतु मैदान के विकास की मांग की थी और बताया था कि ग्राम के 20 से अधिक युवा पुलिस बल, अग्निवीर सहित विभिन्न सुरक्षा बलों में तैनात है। यदि मैदान में रनिंग ट्रैक और विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध होगी तो, ग्राम सहित आसपास के बड़ी संख्या में युवाओं को लाभ मिलेगा। इस पर कलेक्टर ने संवेदनशील पहल करते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में जिला प्रशासन द्वारा मैदान विकास की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ग्राम हथनीकला में पहुंचकर रनिंग ट्रैक सहित विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को मैदान विकास के कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान युवाओं ने शासन-प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारते हुए आगे बढ़ने और क्षेत्र का नाम रोशन करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन स्तरों पर आयोजित होगा, जिसमें विकासखंड स्तरीय, जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय आयोजन होंगे। उन्होंने युवाओं को 03 दिसंबर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में प्रातः 09 बजे आयोजित होने वाले विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने अपने कैरियर को लेकर ग्राम के युवाओं की सक्रियता की सराहना की और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि एक ही गांव में इतनी बड़ी संख्या में पुलिस बल व सेना में जाना गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए अपनी तैयारी को निरंतर जारी रखने और जब तक लक्ष्य हासिल न हो, तब तक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने युवा महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि युवा महोत्सव में 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पात्र होंगे और जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राज्य के प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता होगी। इस अवसर पर पथरिया एसडीएम बी. आर. ठाकुर, वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पाल मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com






शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में ÷रेड रिबन और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एड्स दिवस पर नुक्कड़ नाटक और रंगोली, भाषण, पोस्टर, स्लोगन निबंध, क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो डॉ शकुंतला राज, प्रो एस अनंत प्रो हेमपुष्पा चंद्रा प्रो ऋतु पटेल प्रो सीमा साहू प्रो डॉ हरिशंकर रजक प्रो संतोष जांगड़े प्रो पल्लवी प्रधान प्रो डॉ टी पी टंडन प्रो महेंद्र यादव और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन प्रो महेंद्र यादव और प्रो डॉ टी पी टंडन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।आभार प्रदर्शन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन प्रभारी द्वारा किया गया।विजेता छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र शील्ड और मेडल प्रदान किया गया।भाषण में प्रथम स्थान प्रिय मैत्री बी एस सी द्वितीय ,, प्रेम कुमार धीवर द्वितीय (बी ए प्रथम ) और प्रियंका देवांगन बी काम तृतीय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल साहू (बी एस सी द्वितीय) द्वितीय स्थान साक्षी चौहान (बी एस सी द्वितीय) तृतीय स्थान गंगा महंत (एम ए हिंदी) स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संगीता यादव (एम एस सी बॉटनी) द्वितीय स्थान सावित्री पटेल(एम एस सी बॉटनी) तृतीय स्थान गायत्री (बी ए द्वितीय) निबंध प्रतियोगिता में संगीता यादव (एम एस सी बॉटनी) द्वितीय स्थान सावित्री पटेल (एम एस सी बॉटनी) तृतीय स्थान कुमुदनी साहू (बी ए तृतीय)रंगोली में प्रथम स्थान लक्ष्मीन कुर्रे (बी एस सी अंतिम) द्वितीय स्थान गंगोत्री यादव (बी एस सी अंतिम) तृतीय स्थान दिव्या राठौर (बी एस सी अंतिम) प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान गीतांजलि राठौर (बी एस सी प्रथम) द्वितीय स्थान प्रिया मैत्री और तृतीय स्थान बिट्टू प्रसाद (बी एस सी द्वितीय) ने प्राप्त किया। समस्त प्राध्यापक के द्वारा एड्स और एच आई वी रोकथाम और निवारण के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ सरकार और शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ तथा एड्स नियंत्रण कार्यालय के निर्देशानुसार आयोजित किए गए।

# अधिकारी एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जनपद पंचायत मुंगेली के सभाकक्ष में मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल ने पीएचई विभाग, बिजली विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर पंचायत को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि शासन की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का कार्य जिले में चल रहा है, जहां कई गांवों में कार्य पूर्ण कर पानी की सप्लाई की जा रही है और कई गांवों में पानी सप्लाई में दिक्कत आ रही है। इस योजना को लेकर कई शिकायत जिला प्रशासन को मिल रही थी, जिसको देखते हुए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकारियों एवं ठेकेदारों ने जल जीवन मिशन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करते हुए प्रगति लाने की बात कही। इस अवसर पर तहसीलदार कुणाल पांडे, जनपद पंचायत के कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी, पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन राना सहित कर्मचारी व ठेकेदार शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भर्ती के लिए चयन व प्रतीक्षा सूची जारी

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए मूल दस्तावेज सत्यापन, प्रायोगिक परीक्षा एवं साक्षात्कार उपरांत चयन व प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि सहायक प्रोग्रामर, लेखापाल, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर और जनपद पंचायत स्तर पर तकनीकी सहायक रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए जारी सूची के लिए जिले के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

# गायत्री परिवार सक्ती में सकरेली कला के स्कूल में किया व्यसन मुक्ति एवं जन्मदिन संस्कार कार्यक्रम





पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

ग्राम-सकरेलीकला-के शा. प्रा. विद्यालय में व्यसन मुक्ति एवं जन्म दिवस संस्कार का कार्यक्रम आयोजित गायत्री परिवार द्वारा किया गया, विद्या साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया, शाला प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा,बच्चों नें बड़े ही उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और बच्चों नें नशा ना करने का संकल्प लिया.पुरे कार्यक्रम के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। एवं शाला के 22 छात्रा-छात्राओं का दीप जलाकर जन्मदिवस संस्कार भी मनाया गया अंत में शाला के प्रधानाचार्य द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसकी नितांत आवश्यकता को जाहिर किया। हमारे युवा और बच्चे गलत मार्ग पर जा रहे हैं इस तरह के रचनात्मक कार्य से हमारे बच्चे और युवा को सही मार्गदर्शन प्राप्त होगा इस तरह का उद्बोधन देते हुए उन्होंने गायत्री परिवार के परिजनों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम टोली के रूप में विद्या साहू नेहा गुप्ता शक्तिराज की उपस्थिति रही। आगामी समय में भी ऐसे कार्यक्रम के आयोजन की योजना बनाई गई।

# छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर हुए महाविद्यालय में आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ी ल संविधान के आठवीं अनुसूची म शामिल करे बर सब्बो झन् ला मिलजुल के प्रयास करे बर लागी संकल्प के संग महाविद्यालय म छत्तीसगढ़ी राजभाषा स्थापना दिवस संपन्न हुआ, शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में राष्ट्रीय सेवा योजना और हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी राजभाषा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ डी पी पाटले और विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ शकुंतला राज के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। मंच संचालन करते हुए प्रो महेंद्र यादव ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा और मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करने अतिथियों को आमंत्रित किया गया। हिंदी विभाग प्रमुख प्रो डॉ टी पी टंडन ने छत्तीसगढ़ी के क्रमिक विकास को बताया, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है यह हमारे राज्य की प्रमुख भाषा है जिसका प्रयोग सभी करते है। कला संस्कृति व्याकरण बोली व्यंजन सभी का साहित्य आज उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि स्नातक स्तर और स्नातकोत्तर में छत्तीसगढ़ी भाषा का अध्ययन कराया जा रहा है। उन्होंने समस्त छात्र छात्राओं को छत्तीसगढ़ी राजभाषा स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रो महेंद्र यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ी के साहित्यकार, कवि, फिल्म निर्माता गायक आदि के द्वारा इस भाषा के उत्थान के लिए आवश्यक प्रयास निरंतर किए जा रहे है। उन्होंने सबसे से अपील की इस भाषा को उन्नत बनाने के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए प्रयास करना होगा।

# सक्ती के विधायक महंत ने करोड़ों रुपए ग्रामीणों की मांग पर किए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



बीते साल 2019 से वर्तमान 2024 तक शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विकास में स्थानीय विधायक डॉक्टर चरण दास महंत ने लगातार संवेदनशील विधायक के रूप में अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति दी है, चाहे शहरी क्षेत्र हो या की ग्रामीण क्षेत्र हो विकास के मामले में पूरा शक्ति विधानसभा क्षेत्र प्रदेश की 90 विधानसभाओं में सबसे अग्रणी स्थान पर है, विधानसभा क्षेत्र सकती में विधायक एवँ नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त ने प्रवास के दौरान विभिन्न ग्रामो में जन प्रतिनिधियों ग्रामीणों के मांग पर विधायक निधि से लाख रुपये स्वीकृत किया है। उक्त संबंध में जिला कलेक्टर कार्यालय एवँ शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवास के दौरान डॉ महंत को ग्रामीणों एवँ पंचायत प्रतिनिधियों पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं के मांग पर विभिन्न निर्माण कार्य हेतु लाखो रुपये की स्वीकृति प्रदान करते हुए विधायक निधि से स्वीकृति करने जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया हैं जिसमे प्रमुख रूप से विधानसभा क्षेत्र सकती जनपद पंचायत सकती के अंतर्गत ग्राम सिघनसरा में छत दार चबूतरा 2 लाख रुपए ग्राम हरदा में मुक्ति धाम प्रतीक्षालय ग्राम पासीद में मुक्तिधाम सा प्रतीक्षालय 490000 पतेरा पाली खुर्द रंगमंच निर्माण 2लाख रेडा छतदार चबूतरा 2लाख रगजा छतदार चबूतरा 2लाख जोरदार चबूतरा 2 लाख विकासखंड बलौदा में ग्राम कोसमन्दा पथरी निर्माण 150 लाख चोरिया सामुदायिक भवन निर्माण 3लाख सिवनी में छतदार चबूतरा निर्माण जीर्णोद्धार 1 लाख रुपये जिला एथलेटिक्स संघ सकती के मांग पर खेल उपकरण हेतु 350 लाख एवं विधानसभा क्षेत्र सकती विकास खन्ड बलौदा के ग्राम कुरदा में पूर्व प्रस्तावित छतदार चबूतरा को संशोधन कर 5 लाख का मंगल भवन की स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

# बांग्लादेश में हिन्दूओं पर अत्याचार का विरोध करने सड़क पर उतरा सर्व हिन्दू समाज

- हॉकी मैदान में किया गया आक्रोश प्रदर्शन, महामहिम राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर
www.dailypioneer.com






बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की प्रमुख मो. युनुस उग्रवादियों को काबू नही कर पा रहे हैं जिसकी वजह से देश में हिन्दूओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार सामने आ रही है इसे लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर के हॉकी मैदान में सर्व हिन्दू समाज के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन किया गया जिसमें लगभग 1000 से ज्यादा सनातनियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान संतो और विभिन्न समाज के प्रमुखों ने एक स्वर में बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाला बताया साथ ही हमारे साझा संस्कृति और धार्मिक मूल्य को भी आहत करने वाला बताया। आक्रोश प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम एस.डी.एम. को 3 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा गया। इससे पूर्व सर्व हिन्दू समाज के लोग नैला से रैली के रूप में हॉकी मैदान पहुंचे। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, समाजिक कार्यकर्ता अमित गौरहा, डॉ ललित कुर्रे, प्रतिक गुप्ता (इस्कान), प्रवीण पाण्डेय, मनीषा गोपाल, योगेश शर्मा, अधिवक्ता मनमथ शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में संत समाज से शालिग्राम महाराज, सर्वेस्वर दास जी महाराज, नारायण जी महाराज, इस्कान के शिवाय प्रभु जी मौजूद रहे। उपस्थित संतो और समाज प्रमुखों ने इस दौरान कहा कि हमारा देश भारत हमेशा से विभिन्न धर्मो संस्कृतियों और आस्थाओं का संगम रहा है। बांग्लादेश भी हमारे इतिहास, संस्कृति और समाज का एक अभिन्न हिस्सा है फिर भी वहां हिन्दू बौद्ध और ईसाई समुदायों के खिलाफहो रहे घृणित हमलों और अत्याचारो ने हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है।

**हाल की ज्वलंत घटनाएं** -गत दिनों में बांग्लादेश के ढाका स्थित इस्कान मंदिर के चिन्मय कृष्ण दास सहित अन्य संतो को केवल उनके हिन्दू धर्म के होने की वजह से गिरफ्तार कर लिया गया। वही एक हिन्दू दुकानदार पर हमला कर उसकी दुकान लूट ली गई। सिराजगंज में कट्टरपंथियों द्वारा लोकनाथ मंदिर पर पेट्रोल बम फेका गया साथ ही अन्य हिन्दू धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया गया। बगेरहाट में एक हिन्दू लड़की को जबरन धर्मांतरण कर आतंकी संगठन में शामिल किया गया और कई हिन्दू महिलाओं के साथ दुश्कर्म की घटनाएं को भी अंजाम दिया गया। आक्रोश प्रदर्शन में जांजगीर सहित आसपास के क्षेत्रो से बड़ी तादाद में सामाजिक कार्यकर्ता, आमजनता, विश्व हिन्दू परिषद् सहित विभिन्न संगठनो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोलेगा बचपन में कविता में आशिका सहिस तो आत्मपरिचय में कैलाश साहू को मिला प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता ◂ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन की अभिनव पहल बोलेगा बचपन कार्यक्रम शाला स्तर और संकुल स्तर के बाद ब्लाक स्तर पर एमडी दीवान बीईओ बम्हनीडीह, एच के बेहार बीआरसी, बसंत चतुर्वेदी नोडल के मुख्य आतिथ्य में बीआरसी कार्यालय बम्हनीडीह में सम्पन्न हुआ। बोलेगा बचपन कार्यक्रम में बम्हनीडीह ब्लाक के सभी संकुलों से चयनित बच्चे शामिल हुए। बम्हनीडीह संकुल से शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी के तीन बच्चो का चयन हुआ था। चयनित बच्चों ने ब्लाक स्तरीय बोलेगा कार्यक्रम में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस तरह ब्लाक स्तरीय बोलेगा बचपन में पहिली दूसरी वर्ग से कविता पाठ में शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी से आशिका सहिस और आत्म परिचय में शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी से ही कैलाश साहू को प्रथम स्थान मिला। अब ये बच्चे जिला स्तरीय बोलेगा बचपन कार्यक्रम में भाग लेंगे। शिक्षक गुलजार बरेठ के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला अमोदी के दोनो बच्चों ने प्राथमिक वर्ग के अलग अलग विधाओ कविता पाठ और आत्म परिचय में ब्लाक स्तरीय बोलेगा बचपन अपना स्थान बचाते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। ज्ञात हो कि स्कूल के विद्यार्थियों के मौखिक अभिव्यक्ति के विकास करने एवं डर तथा झिझक दूर करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन जांजगीर द्वारा अभिनव पहल बोलेगा बचपन चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक स्कूलों में इन दिनों प्रार्थना सभा के दौरान बच्चो के द्वारा सुविचार, कविता, कहानी, हमने क्या सीखा आदि प्रस्तुत किया जा रहा है जिसका व्यापक एवं सकारात्मक असर बच्चो के शैक्षिक स्तर में दिख रहा है। बच्चो का डर एवं झिझक तो दूर हो ही रहा है। बच्चे सामने आकर बोल पा रहे है वही नई नई विधाओं में भी निपुण होते जा रहे है। जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल को सराहना भी मिल रहा है। बच्चो के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एम डी दीवान बीईओ बम्हनीडीह, एच के बेहार बीआरसी बम्हनीडीह, नोडल बसंत चतुर्वेदी संकुल प्राचार्य बजरंग श्रीवास, सीएसी दुष्यंत राज शाला के प्रधान पाठक मोहन लाल सहीस ने बच्चो एवं उनके शिक्षक गुलजार बरेठ को बधाई दिये साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित किया।

## लंबित प्रकरणों का तय समय-सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

# पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाएं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टोरेट में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर राहुल देव ने विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की और तय समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवास की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पुराने स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य को जियो टैग के साथ तेजी से पूर्ण करने और नए स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को साप्ताहिक प्रगति से अवगत कराने के लिए कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

**परख योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें** -कलेक्टर ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता, मानक एवं मूल्यांकन प्रणाली को बेहतर बनाने के लिये संचालित परख योजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जिले में इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करने और जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सत्यापन में गड़बड़ी पाए जाने पर लापरवाही बरतने वाले संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है। किसानों की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें और धान खरीदी के दौरान उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

**पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत नगरीय निकायों के वार्डो में लगेगा कैंप**-पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत सभी नगरीय निकायों के वार्डों में कैंप का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कैम्प के आयोजन हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाने के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कैम्प में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत शतप्रतिशत पात्र लोगों को कवर करने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने एमएसटीसी पोर्टल में पुराने वाहनों की नीलामी हेतु एंट्री की जानकारी ली और शीघ्र एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**पेंशन के लंबित प्रकरणों पर जताई नाराजगी**-कलेक्टर ने बैठक में पेंशन के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और सभी विभाग प्रमुखों को अधिकारी-कर्मचारी के सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन प्राधिकार पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेंशन के लिए सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। जो आदमी लंबे समय तक शासकीय सेवा दिया है, वो पेंशन के लिए भटके, ये उचित नहीं है। रिटायरमेंट के बाद सबसे महत्वपूर्ण पेंशन ही है। इसे गंभीरता से करें।

**नशीली एवं प्रतिबंधित दवाइयों के विक्रय करने के वाले के विरुद्ध होगी कार्रवाई**-कलेक्टर ने नशीली एवं प्रतिबंधित दवाइयों के विक्रय करने के वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श ग्राम पंचायत योजना में प्रगति लाने, मुआवजा के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण कर सड़क निर्माण में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 03 दिसंबर के अवसर पर स्टेडियम में आयोजित विविध कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में सुविधा विस्तार हेतु अधोसंरचना निर्माण के संबंध में जानकारी ली और संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

**लंबित राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के दिए निर्देश**-कलेक्टर ने बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग को समय-सीमा के बाहर के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाता विभाजन, त्रुटि सुधार, व्यपवर्तन, सीमांकन, विवादित नामांतरण के प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिए कहा। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को समय-समय पर अपने क्षेत्र का भ्रमण करने, कानून व्यवस्था की समीक्षा करने और कोटवारों से सतत सम्पर्क बनाए रखने, अवैध प्लाटिंग और सरकारी संपत्ति को अनधिकृत रूप से उपयोग करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लखपति दीदी योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। महिलाओं को लखपती दीदी बनाने में संबंधित विभाग व जिला समन्वयक गंभीरतापूर्वक कार्य करें। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि जिले में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि लगातर इस कार्य में संलिप्त लोगों को चिन्हांकित किया जाए और उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर मेनका प्रधान, गिरधारीलाल यादव, गिरीश रामटेके, एसडीएम लोरमी अजीत पुजारी, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, एसडीएम पथरिया भरोसा राम ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में प्रशासनिक-वित्तीय सुधारों का अनुमोदन

## स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में शासकीय मेडिकल कालेजों की स्वशासी सोसायटियों की हुई बैठक






पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विष्णु के सुशासन में राज्य सरकार जनहित में लगातार नीतिगत निर्णय ले रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस दिशा में प्रयास करते हुए अपने सुझाव सामने रखे थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के स्वशासी सोसायटियों की बैठक में चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों के वित्तीय विकेंद्रीकरण के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण एवं जनहित के निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों से महाविद्यालय स्तर पर स्वशासी सोसायटियों का सुदृढिकरण होगा, आवश्यक कार्यों के लिए शासन पर निर्भरता कम होगी, अतिआवश्यक कार्य समय सीमा पर संपन्न हो सकेंगे और तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर ही हो जाएगी। चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध अस्पतालो के लिए अतिआवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय उपकरणों की खरीदी मरम्मत एवं रखरखाव, कन्ज्यूमेबल सामग्री इत्यादि की तात्कालिक उपचार के लिए आवश्यकता पड़ती रहती है। लेकिन मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों के पास इन्हें खरीदने अथवा मरम्मत के लिए बहुत ही सीमित शक्तियों का प्रावधान था। इसकी वजह से इन्हें शासन स्तर के निर्णय पर निर्भर रहना पड़ता था। ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पूर्व से चला आ रहा था। राज्य गठन के बाद पहली बार वित्तीय अधिकारों के नियम मे संशोधन किया जा रहा है। पहले मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों को 1 लाख रूपए से उपर के लघु निर्माण, मरम्मत, दवा खरीदी इत्यादि कार्यों के लिए मंत्रालय स्तर पर फाइल भेजनी पड़ती थी। नए निर्णय से अब इनके पास 10 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार होगा। इसके लिए शासन स्तर से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। औजारों एवं लघु उपकरणों की खरीदी अथवा मरम्मत के लिए 1 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार था जिसे अब बढ़ाकर 10 लाख रूपए करने की सहमति स्वशासी समिति की बैठक में दी गयी है। इसी तरह से भण्डार तथा रिएजेंट की खरीदी के लिए 20 हजार रूपए तक की शक्तियां थी जिन्हें बढ़ाकर अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षक को पूर्ण शक्तियां प्रदान करने की अनुशंसा की गयी है। इस वित्तीय विकेंद्रीकरण से स्वाशासी समिति कार्यसंपन्न बनेगी और बहुमूल्य समय की बचत होगी। इससे मरीजो को दवाइओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का त्वरित लाभ मिलेगा।

### स्वशासी सोसायटियों का पुनर्गठन

राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों की स्वशासी सोसायटियों का गठन महाविद्यालय की स्थापना के साथ अलग अलग समय पर हुआ है। इन सोसायटियों के लिए कोई एक निर्धारित गाइड लाइन या नियमावली का निर्धारण नहीं किया गया है और इनमें एकरूपता नहीं है। इन सोसायटियों को होने वाली आय व्यय के अनुमोदन के लिए भी कोई मानकीकरण प्रक्रिया नहीं है। इनमें एकरूपता लाने के लिए माडल स्वशासी सोसायटियों का ड्राफ्ट प्रशासकीय विभाग द्वारा अनुमोदित कर जारी किया गया है। पूर्व में सिर्फ सामान्य सभा को ही अधिकार प्राप्त थे, लेकिन नए ड्राफ्ट के अनुसार सामान्य सभा के अधिकारों का विस्तार करते हुए प्रबंधकारिणी समिति और वित्त समिति के अधिकारों में बदलाव किए गए हैं।

इन बदलावों के अनुसार सामान्य सभा को पूर्ण अधिकार के साथ ही अब प्रबंधकारिणी समिति को प्रति कार्य 2 करोड़ रूपए तक अनुमोदन का अधिकार होगा, पहले ये अधिकार नहीं था। वित्त समिति को प्रति कार्य 10 लाख रूपए तक के अनुमोदन का अधिकार दिया गया है, पहले कोई अधिकार नहीं था। केंद्र अथवा राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं से स्वशासी समिति को प्राप्त राशि, आवंटन अथवा अनुदान में से सामान्य सभा को खर्च व अनुमोदन का पूर्ण अधिकार होगा वहीं इसी राशि में से प्रबंधकारिणी समिति को 5 करोड़ रूपए तक की राशि के अनुमोदन का अधिकार होगा। अभी तक राज्य शासन से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत प्राप्त क्लेम का 25 फीसदी ही संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय की स्वशासी सोसायटी को प्राप्त होता था। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की उपस्थिति में इसे बढ़ाकर 45 फीसदी कर दिया गया है। इसके साथ ही एक बड़ा बदलाव करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की अध्यक्षता में ये निर्णय लिया गया है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों को राज्य बजट से दवाइयां मद तथा भण्डार एवं रिएजेंट मद में प्राप्त बजट का 10 फीसदी राशि का आवंटन होता था। इसे बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया गया है। इन फैसलों से मेडिकल कालेजो को वित्तीय रुप से सशक्त बनाने के लिए वित्तीय विकेंद्रीकरण कर मेडिकल कालेजों की स्वशासी सोसायटियों को पुनर्गठित किया गया है। नवा रायपुर के महानदी भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्वशासी सोसायटियों को संबोधत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि विष्णु के सुशासन में मेडिकला कालेजों में वित्तीय अनुशासन एवं सुधारों के जरिए बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। ये निर्णय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए उठाया गया एक बड़ा कदम है। इन निर्णयों से हम मेडिकल कालेजों को अधिकार संपन्न बना रहे हैं ताकि छोटी जरूरतों के लिए उन्हें निर्भर न रहना पड़े और जनहित में वो आवश्यक निर्णय तत्काल लेकर मरीजों की बेहतरी के लिए काम कर सकें। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त किरण कौशल उपस्थित थीं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी स्वशासी सोसाइटी के जनप्रतिनिधि सदस्य, संभाग आयुक्त, संबंधित जिलों के कलेक्टर, मेडिकल कॉलेजों के डीन और अस्पताल अधीक्षक भी बैठक में शामिल हुए।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला एड्स नियंत्रण समिति एवं स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा, एवं जीवन रेखा फाउंडेशन के द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया देश भर में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जहां पर इस साल की थीम थी सही रास्ता अपनाये, मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। इसी उपलक्ष्य मे जिला अस्पताल बेमेतरा में मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के द्वारा जिला अस्पताल में सभी ऐड्स नियंत्रण समिति के अधिकारियों के साथ में एवं जीवन रेखा फाउंडेशन के साथ में मिलकर विश्व एड्स दिवस मनाया गया जहां पर सभी के द्वारा संकल्प लिया गया कि हम सबको मिलकर ऐड्स मुक्त भारत बनाना हैं तत्पश्चात सभी को एचआईवी से बचने के लिए कंडोम को प्रयोग करने की सलाह दी गई आगे लक्ष्मण प्रसाद वेद शासकीय कन्या महाविद्यालय मैं जाकर जीवन रेखा फाउंडेशन एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति के टीम के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता कराया गया जिसके माध्यम से सभी को एचआईवी की रोकथाम हेतु संदेश दिया गया आगे महाविद्यालय के द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया। सभी को एचआईवी फैलने के कारण एवं बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और साथ ही साथ एसटीआई के बारे में बताया गया, जहां जिला नोडल अधिकारी खगदेव साहु, जिला ऐड्स नियंत्रण समिति आईसीटीसी काउंसलर पौराणिक नायक, एस टी आई काउंसलर विनेश्वर जायसवाल एवं लेब टेक्नीशियन संजय तिवारी उपस्थित रहे एवं कन्या महाविद्यालय से प्रधान प्राचार्य डॉक्टर विनीता गौतम, रेड रिबन प्रभारी डॉ मेघा तिवारी, प्राध्यापक विवेक देवांगन, सरस्वती चौहान, दीनानाथ सारथी, अंकित दिनेश, सीखा जोशी आदि उपस्थित थे। साथ ही जीवन रेखा फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक विकास मेश्राम, निगरानी मूल्यांकन अधिकारी भुनेश्वर गेंदले, काउंसलर मंजूषा शर्मा, काउंसलर डोमेश वर्मा, ओ आर डब्ल्यू आशा चेलक महेश चतुर्वेदी सत्तनिरंजन जांगड़े , तौफीक अली, कुलेश्वर संध्या दास, जांबई चेलक, शकुंतला मंडले, रुक्मणी बघेल, बसंत टंडन, अजीत सचिन गायकवाड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# टी बी मुक्त भारत में अपनी सहभागीता निभाये : डॉ. कौशिक

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन के तहत् वर्ष 2025 तक टी. बी उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक की अध्यक्षता में जिला अस्पताल के बैठक कक्ष में नेहरू युवा मंडल के सदस्यों के साथ बैठक आहूत की गई। इस मौके पर टीबी रोग से संबधित जानकारी साझा किया गया। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान वय वन्दना योजना में 70 साल व उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिको के लिए 5 लाख रूपये का अतिरिक्त स्वास्थ्यगत जांच एवं उपचार दिया जायेगा, जिसका पंजीयन स्थानीय सरकारी अस्पताल, च्वाइस सेंटर पर किया जा रहा है। पंजीयन के लिए आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर जरूरी होगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कौशिक और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर ने बताया कि जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत अभियान 7 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक ''टी.बी.मुक्त भारत के लिए जनभागीदारी'' थीम को लेकर कार्यक्रम जिले में किया जाना है। टी.बी. के मरीज अधिकतर गरीब वर्ग से होते हैं, जिन्हे बीमार होने पर अतिरिक्त आहार की आवश्यकता होती है। इसके लिए जनभागीदारी से प्रोटिन युक्त फूड बॉस्केट निक्षय मित्र के माध्यम से प्रदाय किया जाता है। रेडक्रॉस मेंबर को निक्षय मित्र बनने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही 23 से 31 दिसम्बर के बीच जनप्रतिनिधी, धार्मिक प्रतिनिधी, जैसे पादरी, पडित, गौलवी के माध्यम से आने वाले धार्मिक कार्यक्रम में क्षयउन्मुलन, आयुष्मान वय वन्दना योजना, कुष्ठ, मलेरिया के विषय में समुदाय के बीच जानकारी दिया जायेगा। आने वाले 25 दिसम्बर को चर्च के कार्यक्रम एवं नये साल सेलिब्रेशन, और 28 फरवरी 2025 रमजान में इस कार्यक्रम को शामिल किया गया है। टी.बी.मुक्त भारत के इस अभियान में जिले के सभी सरकारी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन ग्रामीणों की जागरूकता से समय पर जांच एवं उपचार, टी बी मुक्त भारत में अपनी सहभागीता निभायेगे। अन्त में मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टी बी मुक्त भारत एवं आयुष्मान वय वन्दना योजना के पंजीयन में सभी के सहयोग की अपील की है।

# नागरिकों को जिला अस्पताल में मिल रही बेहतर सुविधा



पायनियर संवाददाता ✓ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल कोरिया आज बेहतर स्वास्थ्य सुविधा केंद्र के नाम से जाना जा रहा है हमारे प्रतिनिधि के अस्पताल भ्रमण के दौरान देखा गया की जिला अस्पताल में साफ सफाई बेहतर तरीके से होती है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर कुलर लगे हुए है हर समय चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं। जिला प्रशासन से कलेक्टर कोरिया संजय चंदन त्रिपाठी मैडम अस्पताल प्रशासन से सी एस डॉक्टर आयुष जायसवाल जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह समय समय पर अस्पताल का निरीक्षण करते रहते हैं जिससे अस्पताल में किसी भी प्रकार की कोई भी दिक्कत आम जनों को एवं मरीजों को या उनके परिजनों को ना हो इसका भी ख्याल रखा जाता है। पौष्टिक भोजन की भी व्यवस्था जिला अस्पताल द्वारा करवाई जाती है। आज जिला अस्पताल में विगत तीन से चार माह में ओपीडी 400 से 500 प्रति दिवस, आईपीडी 80 से 100, एसएनसीयू 30 से 35 प्रति दिवस, एनआरसी 10 से 15 बच्चे (कुपोषित) लेबर वार्ड 35 से 40 गर्भवती महिलाएं सिजेरियन ऑपरेशन 3 से 5 प्रति दिवस ,आर्थो ऑपरेशन (हड्डी) 3 से 5 प्रति दिवस, काम एवं गला (सर्जरी) 25 से 30 प्रति माह भर्ती मरीजों की संख्या 250 से 300 प्रति दिवस जिला अस्पताल कोरिया से लोगों को अन्यत्र नहीं जाना पड़ रहा है सिविल सर्जन डॉक्टर आयुष जायसवाल का कहना है की हमारा पूरा प्रयास रहता है की मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से रतना एवं एमिलिया को मिला बेहतर उपचार

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील पहल 'मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना' मरीजों के लिए जीवनदायनी साबित हो रही है। योजना से गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज संभव हो पाया है और आर्थिक रूप से परेशान लोगों के लिए दर्द पर मरहम का कार्य करती हुई एक नई आशा की किरण बन के दीप्तिमान हो रही है। रायगढ़ विकासखंड के ग्राम कांशीचुवां निवासी रतना साहू विगत 04 वर्षो से ब्रेस्ट कैंसर के बीमारी से ग्रासित था। लेकिन समस्या अधिक बढ़ जाने के कारण मरीज को जिला अस्पताल रायगढ़, लेकर आया गया। अस्पताल के द्वारा पहले मरीज का चेकअप कराया गया। जिसमें ब्रेस्ट कैंसर होने की पुष्टि हुई। जिसके उपरांत मरीज को उपचार हेतु मेकाहारा रायपुर रिफर किया गया। मरीज के ईलाज हेतु अधिक राशि लगने के कारण वे अत्यधिक परेशान थे। जिसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायगढ़ के आयुष्मान शाखा से मुख्यमंत्री



विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी दिये जाने पर हितग्राही द्वारा आवेदन किया गया। जिसमें हितग्राही को 8 लाख 28 हजार 854 लाख रुपए स्वीकृति प्राप्त होने पर मुफ्त ईलाज किया गया। वर्तमान में मरीज की कीमो प्रक्रिया किया जा रहा है। इसी प्रकार रायगढ़ की बड़े अतरमुड़ा, विनोबा नगर निवासी एमिलिया केरकेट्टा विगत 05 माह से सर्दी, खासी की शिकायत से परेशान थी। समस्या अधिक बढ़ जाने के कारण मरीज को जेएमजे मॉर्निंग स्टार हॉस्पिटल, रायगढ़ जाना पड़ा। अस्पताल के द्वारा पहले मरीज का एक्स-रे कराया गया जिसमें कुछ पता नहीं चलने के बाद मरीज को अनुपम केडिया के पास सीटी स्कैन कराया गया। सिटी स्कैन पश्चात फेफड़े में पानी भरने का पता चला। उपचार हेतु डॉक्टर ने मरीज को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर रेफर किया। ईलाज के दौरान पैसे खत्म हो जाने पर स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायगढ़ के आयुष्मान शाखा से मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत 25 लाख रुपए तक का मुफ्त ईलाज होने की जानकारी दिये जाने उपरांत मरीज को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत फार्म भरवाकर 05 लाख तक का मुफ्त उपचार का लाभ दिया गया। वर्तमान में एमिलिया केरकेट्टा पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के संवेदनशील पहल के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत योजना के तहत गंभीर रोगों के इलाज के लिए 25 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य राज्य के जन सामान्य को बेहतर स्वास्थ्य के साथ ही गंभीर बीमारियों के ईलाज में लगने वाले खर्च से बचाना है।

# नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया नाटक का मंचन

## जिले में मनाया जा रहा विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा




**धमतरी।** जिले में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला चिकित्सालय धमतरी के ओपीडी प्रतिक्षा हॉल में उपस्थित मरीजों एवं परिजनो के मध्य रिलायंस नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने अधिकारो को समझिए और सही रास्ता चुनिए थीम पर नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंत मे सिविल सर्जन के द्वारा नर्सिंग विद्यार्थियों को कार्य के समय रखी जाने वाली सावधानी एवं सुरक्षा नियमों को बताया गया। काउंसलर के द्वारा एचआईवी/एड्स पीड़ितो से किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने, सम्मानजनक व्यवहार करने एवं समानता का अधिकार के विषय में बारिकी से जानकारी दी गई।

# अथर्व कालेज धनोरा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया




पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

अथर्व महाविद्यालय धनोरा में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा एड्स जागरूकता रैली निकालकर ग्रामवासियों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भारती साहू द्वारा सभी छात्र छात्राओं को एड्स से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भारती साहु, सभी प्राध्यापकगण भेद साहू, सरला चन्द्राकर, किरण सिंग, योगिता साहू, मीनाक्षी तिवारी, भूमिका साहू, दामिनी साहू, किरण बाला साहू, अनिस कुमार साहू, गरिमा चौहान, सरोज साहू एवं महाविद्यालय के सभी संकाय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

# एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ संवेदना पूर्ण व्यवहार करना चाहिए

## विश्व एड्स दिवस कार्यकम का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन व श्रीमती निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के निर्देशन में पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा जिला जेल, बेमेतरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जेवरा एवं तालुका स्तर पर ग्राम गाड़ाडीह, जिला बेमेतरा में विश्व एड्स दिवस कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमें लोंगो को बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है जो असुरक्षित यौन संबंध, एचआईव्ही से संक्रमित व्यक्ति की इंजेक्शन को किसी दूसरे व्यक्ति के साथ साझा करने से, गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपात के दौरान अगर कोई महिला एचआईव्ही से संक्रमित है तो वह अपने बच्चें को भी संक्रमित कर सकती है एवं संक्रमित व्यक्ति के द्वारा रक्त का आदान-प्रदान करने से भी एड्स हो सकता है। एड्स से ग्रसित व्यक्ति में इम्यून सिस्टम बनना बंद हो जाता है शुरूआत के लक्षण सर्दी, जुकाम, खांसी से प्रारंभ होता है, जो हमेशा बने रहता है और वजन कम होने लगता है। साथ ही एड्स से ग्रसित व्यक्ति में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। एड्स से बचाव के उपाय बतातें हुए यह भी कहां कि यह एक वायरस है जो पानी एवं हवा से नहीं फैलता है साथ ही एचआईव्ही पीड़ित महिला भी एक स्वस्थ्य बच्चें को जन्म दे सकती है। एड्स पीड़ित व्यक्ति को समाज में सम्मान के साथ जीने का हक है उसके साथ संवेदना पूर्ण व्यवहार करना चाहिए इसे छुवाछूत की भावना से नही देखने का भी संदेश दिया। उक्त कार्यकम में जेल अधीक्षक दिनेश चन्द्र धव, नर्स स्टॉफ दिपांजली डेनियल एवं समस्त पैरालीगल वॉलेंटियर्स की उपस्थिति रही।



# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में निकली आक्रोश रैली

# जशपुर सहित देश में बढ़ रहे धर्मांतरण पर वक्ताओं ने जताई चिंता

**राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




बांग्लादेश में वहां के अल्पसंख्यक समुदाय हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू सुरक्षा मंच द्वारा आयोजित आक्रोश रैली व जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए जशपुर, दुलदुला और कुनकुरी से भारी संख्या में हिंदू समाज के लोग जुटे थे। सभा के लिए भीड़ शहर के महाराजा चौक में जुटी। यहां हिन्दू एकता मंच के पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व हिन्दू एकता मंच के संयोजक रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिति बताती है कि हिंदू समाज को एकजुट रहना होगा। नहीं तो हम सबका जीना मुश्किल हो जाएगा। उन्होनें कहा कि जशपुर में भी हिंदूओं की आस्था पर लगातार चोट किया जाता रहा है। विधर्मियों ने बट सावित्री की पूजा कर रही महिलाओं पर दूषित जल फेंकनें का दुःसाहस किया था। यशराज सिंह हत्याकांड हो या वनवासी कल्याण आश्रम के कृपा सिंह के अपहरण का मामला,यह सारी घटनाएं बताती है कि हिंदूओं को एकजुट होने की सख्त आवश्यकता है। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि महिलाओं को ममता और स्नेह का प्रतिरूप माना जाता है। लेकिन बांग्लादेश में बर्बरता की सारी हदों को पार करते हुए, स्कूली छात्राओं से सामूहिक दुष्कर्म जैसा घिनौना अपराध किया जा रहा है। हिन्दुओं को अपनी एकजुटता और शक्ति प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। इसलिए जब भी कोई रैली या सभा हो, हर घर से सभी लोग बाहर निकले। सत्यनारायण तिवारी ने कहा कि जिस देश की स्थापना भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान के आधार पर हुआ हो, वहां हिन्दुओं पर अत्याचार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। लेकिन, हकीकत में ऐसा हो रहा है। यह हम सबके लिए एक बड़ा सबक है। आज बांग्लादेश में मंदिर तोड़े जा रहें हैं। साधु-संतों पर अत्याचार किया जा रहा है। आरएसएस के जिला प्रमुख राजीव रंजन नंदे ने कहा कि हिंदूओं को एकजुट रहना होगा। जब तक हम एकजुट हो कर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज नहीं उठाएंगे,विश्व बांग्लादेश में अत्याचार का सामना कर रहे हिंदूओं के समर्थन में नहीं आएगा। कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, गेंदबिहारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**किया हनुमान चालिसा का पाठ** -जनसभा समाप्त होने के बाद महाराजा चौक से रैली कलेक्टर कार्यालय के लिए रवाना हुई। महाराजा चौक से बालाजी मंदिर,जय स्तंभ चौक,सिटी कोतवाली होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां रैली में शामिल हिंदू समाज के लोगों ने हनुमान चालिसा का पाठ कर,बांग्लादेश सरकार को सद्बुद्वि देने की प्रार्थना की। राष्ट्रपति के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**विश्व मंच पर लाएंगे इस घटना को** - आरएसएस के जिला प्रमुख राजीव नंदे ने कहा कि देश के कथित मानवाधिकार संगठन क्या सिर्फ एक विशेष समुदाय के हितों के लिए बने हैं। भारत में वे हर बार अल्पसंख्यक हितों का पक्ष लेते हैं, तो जब बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ इतना घोर अन्याय हो रहा है तो सभी चुप क्यों हैं। स्वयं को बुद्धिजीवी समझने वाले इस पर विचार करें। बांग्लादेश की घटनाओं को लेकर भारत के हिन्दू चुप नहीं बैठने वाले हैं। इसे हम विश्व पटल पर लाएंगे और वहां के हिन्दुओं को अत्याचार से मुक्ति दिलाकर रहेंगे।

# बीएसएनएल के अधिकारियों को टावर का काम

## जल्द से जल्द कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री के घोषणा, पेंशन के प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन और समय-सीमा के लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए और सभी अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित लंबित आवेदनों को स्वयं समीक्षा करने के लिए कहा है। कलेक्टर व्यास ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने सेवा पुस्तिका में नामिनी अपडेट करने के लिए कहा है, ताकि सेवानिवृत होने के पश्चात परिवार पेंशन भुगतान सहित अन्य शासकीय भुगतानों में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। उन्होंने महिला बाल विकास के अधिकारी को अपने विभाग के सीडीपीओ के लिए कार्याशाला आयोजन करने के लिए कहा है और कार्याशाला में आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी देने निर्देश दिए हैं। कार्याशाला में शिक्षा विभाग के बीईओ और जनपद सीईओ को भी शामिल करने के लिए कहा है। बीएसएनएल विभाग के विभागीय अधिकारी से जिले में लगाए जा रहे बीएसएनएल टावर के संबंध में जानकारी ली और जहॉ-जहॉ टावर लगाने के कार्य चल रहे हैं उन कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति को आधार, पीएम जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, वन अधिकारी पत्र, राशन कार्ड, पीएम आवास, पेंशन सहित अन्य योजना की भी जानकारी ली और छूटे हुए हितग्राहियों को योजना के तहत् लाभान्वित करने के लिए कहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, जशपुर एसडीएम ओंकार यादव, कुनकुरी एसडीएम नंदजी पण्डेय, पत्थगांव एसडीए आकांक्षा त्रिपाठी, बगीचा सडीएम ऋतुराज बिसेन, फरसाबहार एसडीएम आर.एस.लाल, डिप्टी कलेक्टर सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# राहुल बर्मन एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के अनुमोदन से सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव के अनुशंसा पर राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह,प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे की सहमति से प्रदेश प्रभारी आकाश चौधरी के द्वारा शहर के युवा राहुल बर्मन को बलरामपुर -रामानुजगंज जिले का एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पूर्व में राहुल बर्मन एनएसयूआई ज़िला संयोजक, संभाग संयोजक और एनएसयूआई प्रदेश सचिव के पद पर कार्य किये हैं। राहुल बर्मन के नेतृत्व में जिले के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई को लगातार जीत मिली है। राहुल बर्मन ने कहा कि जिले के छात्रों के हित में हर संभव लड़ाई लड़ी जाएगी। एनएसयूआई की विचारधारा से जोड़ने के लिए महाविद्यालयों में सदस्यता अभियान जोरों से चलाया जाएगा। जिला अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर शीर्ष नेतृत्व पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव, रामानुजगंज विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी अम्बिकापुर महापौर ड़ॉ अजय तिर्की, एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह का आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीणों को प्रतिवेदन देने में लापरवाही करने पर पटवारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही : कलेक्टर

## ग्रामीण सचिवालय लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का करें निराकरण

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, अविवादित नामांतरण, डायवर्सन, खाता विभाजन, रिकार्ड दुरुस्तीकरण के कार्यो को गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अभिलेख शुद्धीकरण, डिजीटल हस्ताक्षर, नक्शा बटांकन, आधार प्रवृष्टि, ई-नामांतरण का भी निराकरण करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पटवारी प्रतिवेदन देने में लापरवाही करते हैं तो ऐसे पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में ना होने पाए। यह देखने में आ रहा है कि बिना पटवारी प्रतिवेदन के राजस्व प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित है। राजस्व अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं और स्वयं परीक्षण करके आवेदनों का निराकरण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना में शामिल है। इस योजना का भी शत् प्रतिशत अपटेड रखने के निर्देश दिए हैं। आर.बी.सी 6-4 के तहत् लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित परिवारों के परिजनों को मुवाजा राशि देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायतों में एक दिवस निर्धारित करके ग्रामीण सचिवालय लगाया जाएगा। जहॉ ग्रामीणों के छोटी-मोटी समस्या पेयजल, राशन, पेंशन, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य अवदेनों को भी निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर व्यास ने पूर्व सरपंचों से बकाया वसूली भी करने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, जशपुर एसडीएम ओंकार यादव, कुनकुरी एसडीएम नंदजी पण्डेय, पत्थगांव एसडीए आकांक्षा त्रिपाठी, बगीचा सडीएम ऋतुराज बिसेन, फरसाबहार एसडीएम आर.एस.लाल, सभी तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी ऑनलाईन से जुड़े थे।

# सर्व हिंदू समाज ने किया धरना प्रदर्शन का आयोजन

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ घटनाओं के विरोध में सर्व हिंदू समाज के द्वारा राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रही घटनाएं पूरे हिन्दू समाज को आतंकित कर रही हैं। सत्ता परिवर्तन के प्रयास बांग्लादेश को जिहाद की ओर से बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वर्तमान सरकार हिन्दुओं को प्रताड़ित करने के साथ मंदिरों को तोड़ने का काम किया जा रहा है। बांग्लादेश में हिन्दुओं की संख्या में निरंतर कमी आ रही है,आज वे केवल 8 प्रतिशत पर रह गए हैं। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीरता से इस विषय को रखने और बांग्लादेश में हिन्दू समाज को सुरक्षा देने का कदम उठाना चाहिए। हिन्दुओं की जो संपत्ति नष्ट हुई है उसका मुआवजा दिलवाया जाए।

**धरना प्रदर्शन के बाद**-ज्ञापन देने वालों में सुभाष जायसवाल रमन अग्रवाल बंसीधर गुप्ता छोटेलाल गुप्ता ओमप्रकाश जायसवाल ओम प्रकाश सोनी भानु प्रसाद दीक्षित गोपाल कृष्ण मिश्रा कुन्नू दुबे ललन कुशवाहा शंकर सिंह अभिषेक मिश्रा अश्वनी गुप्ता दीनानाथ यादव विनय पैकरा उधम सिंह आत्मा शरण उपाध्याय सहित हजारों की संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे। जिन्होंने अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की गई

**जशपुरनगर।** शासकीय संत रामेश्वर गहरा गुरु महाविद्यालय बगीचा के प्राचार्य शरद कुमार नेताम के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर



के दूसरे दिन विभिन्न कार्य म एवं गतिविधियां आयोजित की गई शिविर के दूसरे दिन सुबह योग अभ्यास किया गया जिसमें स्वयं सेवकों सहित गोवशी शासकीय माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया तत्पश्चात पूरे स्कूल परिसर की स्वयंसेवकों के द्वारा साफसफाई की गई तथा स्कूल के बच्चों को सफाई की जानकारी दी गई स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया तथा नशा मुक्त समाज का संदेश दिया।

# पंडरिया और भाकुर को मिला राज्य का सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य संस्था को दिया जाने वाला कायाकल्प पुरस्कारः स्वास्थ्य सेवाओं में नई मिसाल

- **पूरे राज्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया द्वितीय स्थान पर विधायक भावना बोहराः 'जन सेवा ही भावना' का अद्वितीय उदाहरण**

पायनियर संवाददाता ◀ कबीरधाम
www.dailypioneer.com




स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए, पंडरिया विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया और उपस्वास्थ्य केंद्र भाकुर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की कायाकल्प योजना के तहत प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल कबीरधाम जिले के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।

**उत्कृष्टता का प्रतीक**-97.43% के शानदार स्कोर के साथ राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले CHC पंडरिया ने स्वच्छता, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की संतुष्टि के उच्च मानक स्थापित किए हैं। यह केंद्र 24×7 प्रसव सेवाओं, DMC लैब और आपातकालीन सुविधाओं जैसी सेवाओं के लिए जाना जाता है। इस सफलता का श्रेय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज के प्रभावशाली नेतृत्व, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनामिका पटेल की मेहनत और विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप सिंह ठाकुर के समर्पण को जाता है। इनकी संयुक्त कोशिशों ने पंडरिया को राज्य के अग्रणी स्वास्थ्य केंद्रों में स्थान दिलाया है।

**SHC भाकुरः ग्रामीण सेवाओं की मिसाल**-96.3 % के स्कोर के साथ SHC भाकुर ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सीमित संसाधनों के बावजूद, यहां की सफाई व्यवस्था, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी ने इसे कायाकल्प योजना के मानकों पर खरा उतारा। डॉ. बी.एल. राज और डॉ. अनामिका पटेल के कुशल मार्गदर्शन में स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों ने एक नई ऊंचाई हासिल की। प्रदीप सिंह ठाकुर के समन्वय और नेतृत्व ने भाकुर को इस सफलता तक पहुंचाया।

**विधायक भावना बोहरा का : 'जन सेवा ही भावना' का अद्वितीय उदाहरण**-इस उपलब्धि में क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके सक्रिय प्रयासों ने स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 'जन सेवा ही भावना' की तर्ज पर वे लगातार स्वास्थ्य केंद्रों के संसाधन बढ़ाने, डॉक्टरों की नियुक्ति सुनिश्चित करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में योगदान दे रही हैं। उनका मार्गदर्शन पंडरिया और भाकुर जैसे स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प पुरस्कार तक पहुंचाने में सहायक रहा।

**कायाकल्प के अंतर्गत अन्य सम्मानित स्वास्थ्य केंद्र**-कायाकल्प योजना के अंतर्गत पंडरिया विकासखंड के 18 अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को भी उनके प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। इनमें CHC कुकदुर, PHC कुंडा, पांडातराई, छिरपानी, दामापुर उपस्वास्थ्य केंद्र भाकुर, बघरा, पलनसारी, मैनपुरा, धोबघट्टी, पाढ़ी, खैरझिति पुराना, नर्सिंगपुर, भेलकी, पौनी, सुकलीगोविंद और परसवारा।

**कायाकल्प अवार्डः गुणवत्ता की कसौटी**-कायाकल्प अवार्ड अस्पतालों की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, बुनियादी ढांचे और सामुदायिक भागीदारी जैसे आठ मानकों पर आधारित है। इनमें हॉस्पिटल अपकीप (50%), सेनिटेशन एंड हाईजीन (50%), सपोर्ट सर्विस (25%), वेस्ट मैनेजमेंट (50%), इन्फेक्शन कंट्रोल (50%), हाइजीन प्रमोशन (25%), बियोंड हॉस्पिटल बाउंड्री (50%), इको-फ्रेंडली फैसिलिटी (50%) CHC पंडरिया और SHC भाकुर ने इन मानकों पर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 97.43% और 96.3% स्कोर अर्जित किए।

**क्वाष्ट पांडातराईः एनक्यूएएस प्रमाणन की उपलब्धि**-सितंबर 2024 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडातराई ने एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का परिचय दिया।

यह उपलब्धि भी डॉ. बी.एल. राज, डॉ. अनामिका पटेल, और प्रदीप सिंह ठाकुर की टीम वर्क का नतीजा थी। आगे की दिशा-यह सफलता पंडरिया और भाकुर की टीमों के समर्पण, नवीनता और उत्कृष्टता का परिणाम है।



# क्षेत्र विकास में नया आयाम जोड़ने के लिए कृत संकल्पित : विजय शर्मा

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भोरमदेव और खेड़ापति हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र विकास, सुख एवं समृद्धि की कामना की

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने विधायकी के एक वर्ष पूर्ण होने पर इसे ऐतिहासिक और सफल बताते हुए इस उपलब्धि को जनता को समर्पित करते हए जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इसके पहले उपमुख्यमंत्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातत्व, धार्मिक और पर्यटन महत्व के स्थलों बाबा भोरमदेव मंदिर और कवर्धा के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह आप सबकी सहभागिता और विश्वास का ही परिणाम है कि हमारा पहला वर्ष विकास और जनकल्याण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री शर्मा का भव्य स्वागत किया। लोगों ने पुष्प-माला और भगवा गमछा भेंट कर उनका अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की सराहना की। शर्मा ने जनता से मिले इस सम्मान और दुलार पर आभार जताते हुए कहा कि आप सबका यह स्नेह और समर्थन मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं हमेशा क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा।

**भविष्य की योजनाएं और सुशासन का वादा-** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार को सुशासन की प्रतीक बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य कवर्धा को शिक्षा, कृषि, सिंचाई, उद्योग और खेल के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाना है। यह यात्रा आपके साथ और समर्थन से ही सफल होगी। यह सरकार हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनता से अपील की, हमारी सरकार का हर कदम विकास और जनसेवा की दिशा में है।

**रेलवे परियोजनाएं विकास के अवसर-** उपमुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 20वीं बैठक में डोंगरगढ़ - कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। यह परियोजना क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के निर्माण और आर्थिक विकास में सहायक साबित होगी।

**उपमुख्यमंत्री के विशेष प्रयासो से जिले की बहुप्रतीक्षित माँग -** कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 306.23 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार लाने और चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कवर्धा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना यह न केवल युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराएगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने चर्चा करते हुए बताया कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र चिल्फी से लेकर मैदानी ग्राम निरोधी तक, दलदली से लेकर रेंगाखार, खारा तक हर ग्राम पंचायतो में जन भवनाओं की मांगों को देखते विकास की परिकल्पना और मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर काम किया जा रहा है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र प्रदेश में रोल मॉडल बने इसके लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए जा रहे है। इस क्षेत्र के कवर्धा नगर पालिका का समुचित विकास, सौदर्यीकरण की दिशा में काम शुरू किए दिए है। इसी तरह बोड़ला, सहसपुर लोहरा, पिपरिया नगर पंचायतों के लिए विकास की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। जिले के युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए शर्मा ने कहा कि जिले में 24 नए मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। इन स्टेडियमों से युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। यह पहल खेल को गांव-गांव तक पहुंचाने का हमारा संकल्प है। जिले में लंबित सिचाई योजनाओ घटोला, जगमड़वा, खड़ौदा जलाशय के निर्माण को गति मिली है। वनांचल क्षेत्रो में बरसो के खराब सड़कों के उन्नयन, नवनीकरण संधारण के लिए करोड़ो रुपए की मंजूरी कर सुगम यातायात की दिशा में काम शुरू किए गए है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कवर्धा विधानसभा को शिक्षा, कृषि, उद्योग, सिंचाई और खेल गतिविधियों के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि होगी, जबकि खेल सुविधाओं के विकास से युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के अवसर मिलेंगे।

# अदाणी एंटरप्राइजेज को तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया

## स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा की पहल के लिए सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को 2024 संस्करण में तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा के क्षेत्रों में समाज के प्रति कंपनी के प्रतिबद्ध योगदान के लिए दिए गए हैं। भारतीय सीएसआर पुरस्कार, इंडिया सीएसआर नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, जो नवाचार, स्थिरता, विस्तार और पुनरुत्पादन में उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों को मान्यता देते हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में तीन पुरस्कार प्राप्त हुए। कंपनी को स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सौर ऊर्जा के क्षेत्रों में समुदायों, व्यक्तियों और पर्यावरण को लाभ पहुंचाने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए मान्यता मिली। गोंडुलपारा में टीबी पोषण अभियान जैसी पहल के माध्यम से अडानी एंटरप्राइजेज समुदाय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो तपेदिक से प्रभावित लोगों की मदद करता है। एक मोबाइल मेडिकल यूनिट भी दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है, जिससे पहुंच में सुधार होता है। परियोजना ममता माताओं और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए संसाधन और शिक्षा प्रदान करती है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा समर्थित महिला सहकारी संस्था, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एमयूबीएसएस, कौशल विकास और उद्यमिता प्रशिक्षण के माध्यम से आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाती है, जिससे उनके समुदायों में आत्मनिर्भरता और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा मिलता है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के दूरदराज के बसी बरधा गाँव में सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग स्थापित की, ताकि बिजली से वंचित स्थानीय लोगों को अभिनव प्रकाश समाधान प्रदान किया जा सके। इस परियोजना ने सैकड़ों ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है, साथ ही सौर ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को भी लाभ पहुँचाया है। अदाणी एंटरप्राइजेज की सीएसआर टीम के प्रवक्ता ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, ये पुरस्कार लोगों और समुदायों के जीवन में ठोस बदलाव लाने के हमारे अथक प्रयासों का प्रमाण हैं। हम एक सकारात्मक और टिकाऊ भविष्य बनाने की दिशा में प्रयास करना जारी रखेंगे। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपने सामाजिक उत्तरदायित्व लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और ऐसे अभिनव कार्यक्रमों को लागू करना जारी रखेगा जिनका समाज पर स्थायी प्रभाव हो। पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली में हुआ, जहां सम्मान प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा प्रदान किए गए।

# छत्तीसगढ़ मानवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की केंद्रीय उपाध्यक्ष बनी कुम्हारी निवासी मीना वर्मा, समाज में हर्ष का वातावरण

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने अपने केंद्रीय टीम में कुम्हारी निवासी मीना वर्मा को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की है और उन्हें समर्पण भाव से समाज सेवा करने की उम्मीद जताई। वही अपनी नियुक्ति के लिए मीना वर्मा ने केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप का आभार व्यक्त किया है। मीना वर्मा को इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति की खबर के बाद समाज में हर्ष का माहौल है वहीं समाज के युवाओं और महिलाओं ने उनके नेतृत्व की सराहना की। बता दे कि मीना वर्मा को उनकी नेतृत्व क्षमता, सहनशीलता और समाज के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता है वे पिछले बीस वर्षों से समाज के अन्य पदों पर सक्रिय भागीदारी निभा चुकी हैं इससे पहले भी केंद्रीय कार्यकारिणी, महिला महामंत्री, महासचिव एवं राज प्रधान के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं । वे पिछले 30 वर्षों से महिला मानस मंडली कुम्हारी के अध्यक्ष भी हैं । बता दे कि बलौदाबाजार के अर्जुनी में आयोजित केंद्रीय कार्यकारिणी एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने केंद्रीय टीम के साथ प्रदेश महिला अध्यक्ष एवं युवा अध्यक्ष की नियुक्ति की। जिसमें उन्होंने अपने टीम में तीन उपाध्यक्ष की नियुक्ति की है।

# अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में डिप्लोमा प्रोग्राम्स 2025-26 के लिए प्रवेश 12 जनवरी तक

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एजुकेशन में डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। ये डिप्लोमा प्रोग्राम अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु कैम्पस में चलेंगे। डिप्लोमा प्रोग्राम्स में शामिल हैं - पोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा इन एजुकेशन -आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, पोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा इन एजुकेशन - समावेशी शिक्षा एवं पोस्ट ग्रैजुएशन डिप्लोमा इन एजुकेशन - सीखने में अक्षमता वाले बच्चों को पढ़ाना। ये एक साल के पार्ट-टाइम डिप्लोमा का पाठ्यक्रम हैं। इसमें शिक्षा क्षेत्र के सिद्धांतों और उसके व्यावहारिक पक्षों को समान रूप से पढ़ाया जायेगा। कक्षाएँ ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होंगी। इन डिप्लोमा प्रोग्राम्स काम क़सद बेहतर व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों की कमी को पूरा करना है, ताकि स्कूल व्यवस्था में काम करनेवाले पेशेवरों और शिक्षकों में आवश्यक क्षमता और कौशल विकसित किए जा सके। यह कोर्स शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए तैयार किया गया है। इसमें शिक्षक, शिक्षक प्रशिक्षक, विशेष प्रशिक्षक, स्कूल प्रशासक या स्कूली शिक्षा क्षेत्र में काम करनेवाले किसी सरकारी/निजी/एनजीओ के साथ कम-से-कम दो साल तक काम करने वाले व्यक्ति प्रवेश ले सकते हैं। हर डिप्लोमा एक साल का पार्ट-टाइम पाठ्यक्रम है। इनकी कक्षाएँ ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होंगी। ऑफ लाइन कक्षाएँ अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु कैम्पस होंगी। हर डिप्लोमा प्रोग्राम में 12 हफ़्तों के 4 सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स हैं। हर सर्टिफिकेट प्रोग्राम 12 हफ़्तों का है। प्रतिभागियों को पूरे डिप्लोमा प्रोग्राम या इनमें से किसी एक सर्टिफिक़ेट प्रोग्राम में शामिल होने की सुविधा दी जाएगी। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ़ एजुकेशन के निदेशक, अंकुर मदान के अनुसार- अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में चलाये जानेवाले एजुकेशन से संबंधित डिप्लोमा प्रोग्राम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पित न्यायसंगत और समावेशी समाज के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं। ये कार्यक्रम शिक्षकों और स्कूल प्रशासकों को मुख्यरूप से आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, समावेशी शिक्षा और सीखने में अक्षमता जैसे क्षेत्रों में ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण प्रदान करेंगे। इन प्रोग्राम्स को कुछ इस तरह तैयार किया गया है कि शिक्षक इस अवधि में जो कुछ सीखेंगे, उसे वे कक्षा में लागू कर पाएँगे। साथ ही अपने अध्यापन को और बेहतर बनाने के लिए सहकर्मियों के सवालों का जवाब व जानकारी मुहैया करा पाएँगे।

# 8 दिसंबर तक चलने वाले अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज के साथ मौसम का उठाएं भरपूर आनंद

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

सर्दियों के मौसम की शुरुआत हो चुकी है, ये अपने साथ गर्माहट का एहसास लेकर आया है। सर्दियों का यह मौसम आरामदायक भोजन और दैनिक जरूरी चीजों का स्टॉक तैयार करने का एकदम सही समय है। 30 नवंबर से 8 दिसंबर तक चलने वाले अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज के साथ, ताजे फल और सब्जियां, स्नैक्स, पेय पदार्थ, और दैनिक आवश्यक वस्तुओं सहित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ जरूरी बचत का फायदा उठाएं। आगे आने वाले कड़ाके की ठाड के मौसम के साथ, अपने पसंदीदा समय पर स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा के साथ, अपनी पेंट्री स्टॉक को तैयार करने के लिए आशीर्वाद, वेदका, टाटा संपन्न, पारले, एनआईवीए, हिमालय, न्यूट्रोजेना और डव जैसे सर्दियों के पसंदीदा ब्रांड्स से खरीदारी करें। चाहे आप नए हों या मौजूदा ग्राहक, हर कोई शानदार डील्स और वैल्यू ऑफर्स का आनंद ले सकता है, जिससे आने वाले सीजन के लिए बड़ी बचत सुनिश्चित होती है। प्राइम कस्टमर्स 45 प्रतिशत तक की छूट के साथ फ्लैट 400 रुपए का कैशबैक और वीकेंड्स पर फल व सब्जियों पर अतिरिक्त 50 रुपए का कैशबैक का फायदा उठा सकते हैं, वो भी फ्री डिलीवरी के साथ। सभी नए ग्राहक 45 प्रतिशत तक की छूट के साथ फ्लैट 400 रुपए का कैशबैक और मीट, सीफूड एवं अंडे पर अतिरिक्त 60 रुपए का कैशबैक हासिल कर सकते हैं। सुपर सेवर्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ सर्दियों की आरामदायक गर्माहट का आनंद लें, जिससे आपका सर्दियों का मौसम और खास बन जाता है।

# कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी का 21वां स्थापना दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी का 21वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। यह दिन संस्थान की 21 वर्षों की अद्वितीय उपलब्धियों और गौरवशाली यात्रा का प्रतीक था, जो भविष्य में नए लक्ष्य निर्धारित करने और और अधिक सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा भी बना। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज परिसर में दीप प्रज्वलन और माता सरस्वती की पूजा के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक सदस्य, किशोर जादवानी, अध्यक्ष, जेपीईएस, हरजीत सिंह हुरा, सचिव, जेपीईएस और रविंद्र सिंह हुरा, कोषाध्यक्ष, जेपीईएस ने विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग की उप-प्राचार्य, अनामिका सिंह ने संस्थान की प्रगति और उपलब्धियों को साझा किया। किशोर जादवानी ने सभी प्राचार्यों और स्टाफ सदस्यों के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हरजीत सिंह हुरा ने जेपीईएस की शुरुआती यात्रा, सामने आई चुनौतियों और प्राप्त उपलब्धियों का वर्णन करते हुए सभी संस्थानों के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु आशा व्यक्त की। रविंद्र सिंह हुरा ने समूह की चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इसके बाद, सभी कॉलेजों के उत्कृष्ट शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर सभी प्राचार्यगण, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और गैर-शिक्षण कर्मचारीयों ने अपनी उपस्थिति दी तथा इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# भारत के बुनियादी ढांचा विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला वैश्विक मंच

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में क्रांति लाने वाला प्रतिष्ठित व्यापार मेला bauma CONEXPO INDI 2024 11 से 14 दिसंबर, 2024 तक इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन न केवल नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेगा, बल्कि निर्माण और खनन क्षेत्रों के भविष्य को आकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाएगा। भारत का बुनियादी ढांचा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। देश की जीडीपी अब निर्माण और शहरीकरण पर निर्भर हो रही है, जिससे उद्योग के लिए चुनौती और अवसर दोनों बढ़ गए हैं। bauma CONEXPO INDIA 2024 एक ऐसा मंच बनेगा जहां 100 से अधिक देशों के 75,000+ व्यापारिक आगंतुक और 1,000+ प्रदर्शक भाग लेंगे। यह मंच वैश्विक सहयोग और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिए इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने पर चर्चा करेगा। 2024 संस्करण में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, Demtech India 2024 का समावेश, जो विशेष रूप से ध्वस्तकरण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करेगा। इसके अलावा, NASSCOM पवेलियन में निर्माण प्रौद्योगिकी और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में हो रहे नवाचारों का प्रदर्शन होगा। एक फाइनेंस जोन भी होगा, जो प्रमुख वित्तीय संस्थानों और निवेशकों से नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा, International Pavilions में जर्मनी, इटली, दक्षिण कोरिया जैसे देशों से वैश्विक नवाचारों का अनुभव किया जा सकेगा। इस संस्करण का थीम ;बनाएंगे विकसित भारत. भारत के विकासात्मक लक्ष्यों के साथ मेल खाता है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज में आकर्षक कीमतों की घोषणा की, बुकिंग शुरू

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक को लॉन्च कर इस सेगमेंट में पहली बार कदम रखा है। काइलैक चार वेरिएंट में उपलब्ध होगी - क्लासिक, सिग्नेचर, सिग्नेचर+ और प्रेस्टीज। इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये है, जो काइलैक क्लासिक ट्रिम के लिए है, जबकि टॉप मॉडल काइलैक प्रेस्टीज एटी की कीमत 14.40 लाख रुपये होगी। ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर में, पहले 33,333 ग्राहकों को 3 साल का स्टैंडर्ड मेंटेनेंस पैकेज मुफ्त मिलेगा। काइलैक के लिए बुकिंग आज शाम 4 बजे से शुरू हो रही है, और डिलीवरी 27 जनवरी, 2025 से शुरू होगी।काइलैक को लॉन्च से पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। काइलैक हैंड-रेज़र, काइलैक क्लब के सदस्य और डीलर पूछताछ के माध्यम से 1.6 लाख से अधिक लोगों ने अपनी रुचि दिखाई है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा, नई स्कोडा काइलैक भारत में हमारे लिए एक नई शुरुआत का संकेत है। यह न केवल स्कोडा के लिए, बल्कि पूरे सेगमेंट के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। यह भारतीय सड़कों पर यूरोप की उन्नत तकनीक को लोकप्रिय बनाएगी और हमारे ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी। खास बात यह है कि हमने पहले 33,333 ग्राहकों के लिए सेगमेंट में सबसे बेहतर स्वामित्व अनुभव देने की घोषणा की है।कायलाक ने 2024 में जोरदार उत्साह पैदा किया है और इसकी हर ओर चर्चा है।
नवंबर में इसके वर्ल्ड प्रीमियर के समय से ही यह सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। इस एसयूवी में शानदार ग्लोबल डिज़ाइन, बेहतरीन ड्राइविंग डायनैमिक्स, उन्नत सुरक्षा फीचर्स और स्पेशियस एवं फंक्शनल इंटीरियर जैसे कई खासियतें हैं। ये सभी सुविधाएं बेहद प्रतिस्पर्धी कीमतों में उपलब्ध हैं। हमें पूरा विश्वास है कि काइलैक नए बाजारों में प्रवेश करेगी, स्कोडा के परिवार में नए ग्राहकों को जोड़ेगी और भारत में हमारी ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत बनाएगी।

# अमेजन डॉट इन के होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने घर को कीजिए सर्दियों के लिए तैयार

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन डॉट इन होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने घर को सर्दियों के मौसम के लिए तैयार कर लीजिए। इस होम शॉपिंग स्प्री में घर, रसोई और आउटडोर से जुड़े प्रोडक्ट का विशाल संग्रह बेहद किफायती कीमतों पर उपलब्ध है। ग्राहक तक फिलिप्स, हैवेल्स, बर्गनर, लाइफलॉन्ग, हिट, एगारो आदि जैसे टॉप ब्रांडों के बेस्टसेलर प्रोडक्ट पर शानदार डील्स का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक HDFC, OneCard ¥õÚU A&is Bank EMI कार्ड पर 10% तक के इंस्टैंट डिस्काउंट का लाभ ले सकते हैं। ग्राहक के इस सबसे पसंदीदा ईवेंट में खरीदारी का मौका न छोड़ें और सर्दियों में अपने घर की ज़रूरत के सभी सामानों की खरीदारी कीजिए। घर के लिए फिलिप्स आउटडोर वेदरप्रुफकैमरा : फिलिप्स आउटडोर वेदरप्रूफ कैमरे के साथ अपने घर पर सुरक्षित महसूस करें। इसमें फूल HD रिज़ॉल्यूशन, कलर्ड नाइट विज़न, 360 डिग्री व्यू और स्मार्टअलर्ट जैसे फीचर्स मिलते हैं। इसे Amazon.in पर 4299 रुपये में खरीदें। घर के लिए Coway प्रोफेशनल एयर प्यूरीफायर : Coway प्रोफेशनल एयर प्यूरीफायर के साथ अपने परिवार को दें साफ हवा की सुरक्षा। यह प्यूरीफायर 99.99% प्रदूषकों को रोकता है और 8500 घंटों की सबसे लंबी फिल्टर लाइफ प्रदान करता है। इस Amazon.in पर 24,900 रुपए में खरीदें।

## पंडरिया विधानसभा के विकास एवं सेवा का परम सौभग्य देने के लिए आप सभी मेरे परिवारजनों को मैं प्रणाम करती हूँ : भावना बोहरा

# 1 वर्ष पूर्ण होने एवं जनादेश दिवस पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जताया जनता के प्रति आभार

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



3 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किये बहुत से वादों को पूरा किया है और आज एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जनादेश दिवस के रूप में मना रही है। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी भाजपा सरकार और पंडरिया विधानसभा में विगत एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार विकास एवं जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन पूरे छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक विशेष और ख़ास दिन है। जनता ने अपने जनादेश के साथ 3 दिसंबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में सुशासन की स्थापना की। मैं पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को भी प्रणाम करती हूँ और उनका हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ उन्होंने मुझे अपनी सेवा एवं क्षेत्र का विकास करने का परम सौभाग्य मुझे दिया। मैं उनके इस विश्वास एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगी। एक परिवार की भांति जो मुझे उनका मार्गदर्शन, सहयोग व स्नेह मिलता है वह मेरे लिए बहुमूल्य है। मैं उनके हर सुख दुःख में साथ निभा सकूँ और क्षेत्र की जनता ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे पूरा कर सकूं इसके लिए मैं पूरी निष्ठा व समर्पण से कार्य करती रहूंगी। छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने आज ही के दिन कांग्रेस के 5 वर्षों के कुशासन पर प्रहार कर भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं विकास के विजन को आत्मसात किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश की जनता को विकसित छत्तीसगढ़ की गारंटी प्रदान की थी, जिस पर जनता ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाया। साथ ही सभी समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, एकनिष्ठता एवं संघर्ष ने भाजपा को पुनः जनसेवा का अवसर प्रदान कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। भावना की गारंटी में हमने पंडरिया विधानसभा के विकास एवं जन भावनाओं के सम्मान हेतु संकल्प किये थे आज वह भी धरातल पर पूरे हो रहें हैं। पंडरिया विधानसभा में जनता की समस्याओं के निवारण के लिए पंडरिया, पांडातराई, कुंडा, कुई-कुकदुर, इंदौरी, दुल्लापुर एवं रणवीरपुर को मिलाकर कुल 7 स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना की जा चुकी है। क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं आईआईटी-जेईई, नीट एवं सीजीपीएससी की तैयारी हेतु 1 जनवरी से निशुल्क कोचिंग का लाभ मिलेगा। हमर पंडरिया स्वस्थ पंडरिया के उद्देश्य से पंडरिया विधानसभा में कुल 8 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा एवं 1 मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का भी निशुल्क सञ्चालन किया जा रहा है। पंडरिया विधानसभा के हमारे किसान भाई-बहनों की बहुप्रतीक्षित सुतियापाट नहर विस्तारीकरण का कार्य भी प्रगति पर है जिससे क्षेत्र के 26 से अधिक गाँव के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों के हित में निर्णय लिया गया, उन 18 लाख गरीब परिवारों के लिए निर्णय लिया गया जिन्होंने अपने पक्के आवास का सपना देखा था, उन युवाओं के लिए निर्णय लिए गए जो रोजगार की तलाश कर रहे थे और जिनका भविष्य कांग्रेस ने सीजी-पीएससी जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी, उन माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिया गया जो पांच वर्षों तक अपेक्षित थी। हमने किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस दिया, 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी हो रही है, महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हमारे पंडरिया विधानसभा में 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की 9 किश्त उनके खातों में हस्तांतरित की, तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा और गरीब परिवारों को आवास मिला। इन संकल्पों को पूरा करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में रुके विकास कार्यों को नए पंख दिए। आज पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, अधोसंरचना विकास से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, तो वहीं जनता को सुविधा भी मिल रही है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बताया कि विगत एक वर्ष में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण एवं जन सुविधाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया बेचता है, नवंबर 2024 में 4,72,749 यूनिट

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने नवंबर 2024 महीने के लिए अपनी समग्र बिक्री की घोषणा की। माह के दौरान कंपनी ने 4,72,749 इकाइयों की बिक्री की। इसमें 4,32,888 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 39,861 इकाइयों का निर्यात शामिल है। उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की वायटीडी बिक्री (अप्रैल-नवंबर 2024) 42,28,837 इकाई है। इसमें 38,67,427 घरेलू बिक्री और 3,61,410 निर्यात इकाइयाँ शामिल हैं। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में´ ACTIVA e: और QC1 को पेश करके मोबिलिटी के अगले युग की शुरुआत की। त्तष्ट1 के साथ-साथ आइकॉनिक एक्टिवा ब्रांड को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिफाइड अवतार में पेश करना भारत में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी और डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। सड़क सुरक्षाः भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता का विस्तार करते हुए, एचएमएसआई ने भारत भर के 09 शहरों - हैदराबाद (तेलंगाना), गुवाहाटी (असम), बीजापुर (कर्नाटक), करीमनगर (तेलंगाना), बरेली (उत्तर प्रदेश), कोल्लम (कर्नाटक) में जागरूकता अभियान चलाया। , अलीबाग (महाराष्ट्र), जालना (महाराष्ट्र), और द्वारका (गुजरात)।

# एकलव्य विद्यालय के राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात : मंत्री राम विचार

## राजधानी रायपुर में 22 खेलों पर 15 से 19 दिसंबर तक होगा खेल प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यलय में संचालक मण्डल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आदिम जाति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। मंत्री नेताम ने बैठक में कहा कि एकलव्य आर्दश आवासीय विद्यालय के 4थी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ को मेजबानी मिलना गौरव की बात है। यह कार्य चुनौती पूर्ण और बेहद महत्वपूर्ण है। सबकी सहभागिता से मिलजुल कर इस चुनौती को पुरा करेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर से आने वाले विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों, उनके कोच, टीचर और अभिभावक सहित अनेक डेलीगेट्स उपस्थित रहेंगे, जिनके आवास, आवागमन सहित अन्य व्यवस्था बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को गंभीरता के साथ अपने दायित्वों को पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ का भाव 'अतिथि देव भवः' का रहा है। अतः राज्य का यह भाव बने रहना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों, डेलीगेट्स के लिए छत्तीसगढ़ी व्यजनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान खेल प्रतियोगिता से अलग होने वाले खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धरोहरों से अवगत कराने के भी निर्देश दिए।

आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने बैठक में बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के मेजबानी इस बार छत्तीसगढ़ को मिली है। यह खेल प्रतियोगिता 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक राजधानी रायपुर के विभिन्न स्टेडियम में अलग-अलग खेल विधाओं के अनुरूप आयोजित किये जाएंगे। खेल प्रतियोगिता में 15 एकल एवं युगल तथा 7 सामूहिक खेल इस तरह कुल 22 खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव बोरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 'द टाइगर ब्वाय चेंदरू' पर शुभंकर तैयार करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर में आदिवासियों की वीर गाथा आज भी सुनाई जाती है। अबूझमाड़ की घनघोर जंगल क्षेत्र की ऐसी ही एक कहानी चेंदरू मंडावी की है। जो बचपन का अधिकत्तर समय बाघ के साथ बिताता था। चेंदरू और बाघ की दोस्ती की कहानी दुनियां में मशहूर है। देश भर के लोग आज भी चेंदरू और बाघ की जुड़े तथ्यों को जानने बस्तर आते है। चेंदरू मंडावी नारायणपुर जिले गढ़बेंगाल गांव का रहने वाला एक आदिवासी परिवार से था। प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने बैठक में बताया कि 15 से 19 दिसंबर तक प्रस्तावित एकलव्य आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देश के 25 राज्यों में संचालित एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। इसके साथ 1500 से अधिक डेलीगेट्स आने वाले हैं जिसके आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंत्री नेताम ने बैठक में खिलाड़ियों एवं उनके साथ आनेवाले अधिकारियों के ठहरने, भोजन व आवागमन के साथ ही खेल स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रमुख सचिव बोरा ने बताया कि भारत सरकार, जनजातिय कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय जनजातिय छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर सामान्य जाति के विद्यार्थियों के समकक्ष लाने एवं उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सड़क निर्माण एवं सुधार के लिए लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अंबिकापुर-सूरजपुर-बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-43) को दो लेन से फोर लेन में विस्तारित करने और इस मार्ग पर अंबिकापुर (जिला सरगुजा) के गांधी चौक से लेकर सूरजपुर जिले के पार्वतीपुरम गांव स्थित कुम्दा मोड़ तक बने बड़े-बड़े गड्ढों की जल्द मरम्मत कराने का आग्रह किया है। मंत्री राजवाड़े ने पत्र में लिखा है कि इन गड्ढों के कारण सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है और कई घटनाएं पहले ही हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने बार-बार इस समस्या को उनके सामने रखा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं और सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा, इस कार्य के लिए मैं और समस्त क्षेत्रवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे। मंत्री राजवाड़े ने इसके साथ ही क्षेत्रीय अधिकारी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, को भी पत्र लिखकर एनएच-43 पर गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। मंत्री राजवाड़े ने कहा, जनता की समस्या को समझना और उसे हल करना हमारी प्राथमिकता है। डबल इंजन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान में कोई देरी नहीं होने देगी। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और लोगों की सुरक्षा के लिए यह कार्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी सरकार जनहित के कार्यों में बाधा उत्पन्न नहीं होने देगी। क्षेत्र के विकास और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए, वह जनता की हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं।

# प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में गए कांग्रेस के नेता सोसायटी में फैली अव्यवस्था, किसानों की समस्याओं को जाना



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

धान खरीदी में किसानों की समस्याओं देखने तथा उस समस्याओं के निराकरण के लिये सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिये कांग्रेस ने प्रदेश की सभी धान खरीदी केंद्रों में ''धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी गण विभिन्न सोसायटियों में जाकर किसानों की समस्याओं की जानकारी लिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर के छापरभानपुरी, तरन्जी, बरान्जी, टोकापाल धान खरीदी केन्द्र जा कर व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा धान बेचने आये किसानों से चर्चा किया। इन सोसायटियों में किसानों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को बताया कि बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा। किसानों को भुगतान मात्र 2300 रू. प्रति क्विंटल के हिसाब से हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है। अनावरी रिपोर्ट कम बनाई गयी है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है। कहीं-कहीं ही पूरा धान खरीदा जा रहा। सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले के खरोरा के ग्राम माठ के धान खरीदी केंद्र में गए तथा वहां पर उपस्थित धान बेचने आये किसानों एवं सोसायटी कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं की जानकारी लिया। किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि सबसे ज्यादा टोकन को लेकर परेशानी आ रही है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है।

# स्कूल में एयर गन लेकर शिक्षिका को धमकी देने वाला आरोपी प्रधान पाठक हुआ गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

एक प्रधान पाठक के द्वारा स्कूल में बंदूक ले जाकर शिक्षिका को धमकी देने संबंधी न्यूज सोशल एवं वेब मीडिया में वायरल होने पर इसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी प्रतापपुर ने बीईओ प्रतापपुर से लिखित रिपोर्ट प्राप्त कर आरोपी प्रधान पाठक सुशील कुमार कौशिक के विरूद्ध धारा 221, 351(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर प्रधान पाठक को गिरफ्तार किया है। दरसल प्राथमिक शाला बरबसपुर का प्रधान पाठक सुशील कुमार कौशिक 21/11/24 को नशे की हालत में बंदूक के साथ शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में घुसकर वहां के संकुल प्राचार्य को 20.11.24 को अनुपस्थित क्यों किये हो कहकर गोली मारने की धमकी दिया उसके शाला आने से बच्चों पर बुरा असर पड़ा है।

# रामानुजगंज में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ली मजदूर की जान

## पीड़ित परिवार को पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने दी 20 हजार रुपए कि सहायता राशि



पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में बीते रविवार के शाम को रोजी मजदूरी करने वाला 38 वर्षीय बिहारी लाल अहिरवार अपने घर के आगे बैठा हुआ था की तेज स्कार्पियो वाहन क्रमांक जे.एच.01 एफ.क्यू. 6238 के चालक ने तेज रफ्तार से टक्कर मार दी जिसकी वजह से उसका मौके पर ही मौत हो गया। मृतक मध्य प्रदेश के देवास छतरपुर का रहने वाला था और रामानुजगंज में रहकर राज मिस्त्री का काम किया करता था उससे अपनी पत्नी एवं दो बेटियां और एक बेटे का भरण पोषण किया करता था मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पीड़ित परिवार को सांत्वना दिलाते हुए एवं उसके अपने घर देवास छतरपुर भेजने के लिए रामानुजगंज नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेष कुमार गुप्ता ने 20 हजार रूपए का सहायता राशि देकर पीड़ित परिवार को गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की। मानवता का परिचय देने के बाद इसके लिए लोग उनकी प्रशंसा करने में लगे हुए हैं शैलेष कुमार गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं हो सकती।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403